✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

● पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक :325 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड 91.78 और तमिलनाडु में 84.41 फीसदी मत पड़े

# देर से आने वाले कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

**समयपालन पर सख्त हुई सरकार,**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सक्रिय नजर आ रही है। सरकारी कार्यालयों में समयपालन सुनिश्चित करने को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों और जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि सभी सरकारी कर्मचारी और अधिकारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचें, कार्य अवधि के दौरान पूरी निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें और कार्यालय समय समाप्त होने के बाद ही दफ्तर छोड़ें। निर्देशों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मुख्य सचिव ने पत्र में उल्लेख किया है कि सरकार समय-समय पर कार्यशैली में सुधार के लिए दिशा-निर्देश जारी करती रही है, बावजूद इसके कई मामलों में कर्मचारी देर से आने या समय से पहले कार्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति जारी है। इतना ही नहीं, कुछ कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद कार्य में लापरवाही बरतते पाए गए हैं, जिसे सरकार ने गंभीर चिंता का विषय माना है।

***क्या है कार्यालय समय?***

सचिवालय और उससे संबद्ध कार्यालयों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, जहां कार्यालय समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित है। दोपहर 1:00 से 2:00 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। महिला कर्मियों के लिए कार्य समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक तय है।

वहीं, क्षेत्रीय कार्यालयों में छह दिवसीय कार्य सप्ताह के तहत सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कार्य होता है। इसमें दोपहर 1:30 से 2:00 बजे तक लंच ब्रेक निर्धारित है। सर्दियों (नवंबर से फरवरी) में कार्यालय समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहता है।

***बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य***

राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू है, जिसका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

***देरी पर वेतन कटौती का प्रावधान***

सितंबर 2022 में जारी सामान्य प्रशासन विभाग की नियमावली के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंचता है तो उसकी छुट्टी काटी जा सकती है। अवकाश शेष नहीं रहने की स्थिति में वेतन कटौती का भी प्रावधान है। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में संबंधित अधिकारी को छूट दी जा सकती है। सरकार के इस कड़े रुख को प्रशासनिक अनुशासन और कार्यकुशलता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## गर्भवती महिला सिपाही की ससुराल में गला घोटकर हत्या, पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पश्चिम चंपारण।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में पटना पुलिस बल में तैनात 27 वर्षीय महिला सिपाही संकेशी कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में गला घोटकर हत्या कर दी गई। घटना सहोदरा थाना क्षेत्र के सुपौली गांव स्थित उनके ससुराल की बताई जा रही है, जहां बुधवार की देर शाम करीब सात बजे यह वारदात हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संकेशी कुमारी ने प्रेम विवाह किया था और वह गर्भवती थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ससुराल के अन्य सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं। सहोदरा थानाध्यक्ष ऋतुराज जायसवाल ने बताया कि गुरुवार को जीएमसीएच में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के बड़े भाई दिनेश कुमार, जो गौनाहा थाना क्षेत्र के मंगुराहा गांव के निवासी हैं, ने बताया कि संकेशी ने 7 मार्च 2025 को सुपौली निवासी सुजीत कुमार से प्रेम विवाह किया था।

# बंगाल चुनाव के पहले चरण में हिंसा की छाया, कई स्थानों पर झड़प और पथराव

**बीजेपी कैंडिडेट सुवेंदु को दौड़ाकर पीटा, हुमायूं कबीर पर बरसे पत्थर**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान गुरुवार को कई जिलों में हिंसा और तनाव की घटनाएं सामने आईं। चुनाव आयोग की सख्ती और केंद्रीय सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बावजूद कुछ स्थानों पर हालात बिगड़ते नजर आए। कहीं नारेबाजी हुई तो कहीं विवाद मारपीट और पथराव में बदल गया।

मुर्शिदाबाद जिले के नाओदा क्षेत्र में आम जनता उन्नयन पार्टी के नेता हुमायूं कबीर के समर्थकों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब हुमायूं कबीर शिवनगर गांव के एक बूथ पर पहुंचे। आरोप है कि टीएमसी समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और भाजपा का एजेंट बताकर उनके काफिले पर पथराव किया। दोनों पक्षों के बीच हुई इस हिंसा में कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। हालांकि, केंद्रीय बलों के तत्काल हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। हुमायूं कबीर ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ता मतदाताओं को धमका रहे हैं और उन्हें जबरन अपने पक्ष में मतदान करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, टीएमसी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पार्टी की उम्मीदवार शाहिना मुमताज खान ने कहा कि हिंसा की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं, लेकिन उनके समर्थक इसमें शामिल नहीं हैं।

इधर, बीरभूम जिले की लाभपुर सीट पर भी तनाव देखने को मिला। यहां भाजपा के पोलिंग एजेंट देबाशीष ओझा के साथ मारपीट की घटना हुई, जिसमें उन्हें सिर में चोटें आईं। हालांकि, टीएमसी समर्थकों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। चुनाव के दौरान सामने आई इन घटनाओं ने शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि प्रशासन हालात को नियंत्रण में रखने का दावा कर रहा है।

# जुआ खेलते दो सरकारी शिक्षकों समेत चार गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** जिले के खैरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो सरकारी शिक्षकों सहित चार लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है, क्योंकि जिन शिक्षकों पर बच्चों के भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी होती है, वे ही इस तरह की गतिविधि में संलिप्त पाए गए।

गिरफ्तार आरोपियों में संजय यादव (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिंगापुर) और शिव कुमार वर्मा (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नोनियाटांड) के साथ दीपक मिश्रा और पप्पू साव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग समूह बनाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही खैरा थानाध्यक्ष मिंटू कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर छापेमारी की। इस दौरान चारों आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया गया और थाना लाया गया।

पूछताछ में यह सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में से दो सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं, जो जुए में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और शिक्षकों की भूमिका को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष मिंटू कुमार ने बताया, "चार लोगों को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा गया है। पूछताछ में पता चला कि इनमें से दो सरकारी शिक्षक हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।" पुलिस की इस कार्रवाई के बाद जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है।

# चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि : मोदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मथुरापुर (पश्चिम बंगाल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में ''टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज'' की ''समाप्ति'' का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 'भय' का शासन भाजपा द्वारा किए गए 'भरोसे' के वादे से ''निश्चित रूप से पराजित हो रहा है''। मोदी ने कहा, "बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां रिश्वत के बिना काम होता हो, जहां टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है।'' ममता बनर्जी सरकार को ''झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने'' के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए ''टूटे वादों'' की एक सूची गिनाई।

# विशेष सत्र में 24 अप्रैल को विश्वास मत

**सम्राट चौधरी को प्रचंड बहुमत का दावा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की कमान संभाल ली है। नई सरकार 24 अप्रैल को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करेगी, जिसके लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने भरोसा जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वास मत को लेकर विधानसभा को पूर्व सूचना दी जा चुकी है और एनडीए के सभी घटक दलों के साथ आवश्यक बातचीत पूरी हो चुकी है। "कहीं से कोई दिक्कत नहीं होगी," उन्होंने स्पष्ट किया।

संख्या बल पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए के पास साधारण नहीं, बल्कि "असाधारण बहुमत" है। उन्होंने संकेत दिया कि 200 से अधिक विधायक सरकार के पक्ष में खड़े होंगे। 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए के पास फिलहाल 201 विधायक हैं, जबकि बहुमत के लिए 122 का आंकड़ा जरूरी है। विजय कुमार चौधरी ने यह भी कहा कि इस सरकार की सबसे बड़ी ताकत नीतीश कुमार का मार्गदर्शन और आशीर्वाद है। सरकार उन्हीं के बनाए रोडमैप पर आगे बढ़ेगी और उनकी प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रमों को जारी रखा जाएगा। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा राज्य का खजाना खाली होने के आरोपों को खारिज करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि वर्तमान स्थिति वैसी नहीं है, जैसी पूर्ववर्ती सरकार के दौरान थी। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पहले कम सीट होने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था, और इस बार उन्होंने भाजपा को नेतृत्व का अवसर दिया है। डिप्टी सीएम ने संकेत दिया कि 24 अप्रैल के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार भी जल्द किया जाएगा, जिससे नई सरकार प्रशासनिक स्तर पर पूरी तरह सक्रिय हो सके।

# एनजीटी ने मांगा नदियों के किनारे बसे शहरों के सीवेज ढांचे का पूरा ब्योरा

**बिहार सरकार को दिया गया चार सप्ताह का समय**

**बिहार की नदियों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर महत्वपूर्ण सुनवाई**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की प्रधान पीठ, नई दिल्ली में बिहार की नदियों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। यह मामला मूल आवेदन संख्या 491/2024 से संबंधित है, जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष), डॉ. ए. सेंथिल वेल तथा डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने की। मामले की पृष्ठभूमि एक समाचार रिपोर्ट है, जिसमें बिहार में गंगा नदी के जल की गुणवत्ता और स्नान के लिए अनुपयुक्त स्थिति पर चिंता जताई गई थी। साथ ही सोन नदी, कोसी नदी और बागमती नदी में बढ़ते प्रदूषण का भी उल्लेख किया गया था। ट्रिब्यूनल इस मामले में राज्य में सीवेज उत्पादन, उसकी उपचार क्षमता और बिना उपचार के सीवेज के नदियों में प्रवाह की स्थिति की समीक्षा कर रहा है। सुनवाई के दौरान बिहार सरकार द्वारा दाखिल पूरक शपथपत्र में गंगा टाउन और गैर-गंगा टाउन में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि कुछ संयंत्र चालू हैं, कुछ परीक्षण चरण में हैं, जबकि कुछ निर्माण और योजना के स्तर पर हैं। हालांकि ट्रिब्यूनल ने पाया कि गैर-गंगा टाउन से जुड़े सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों, नालों, उनकी क्षमता और अन्य तकनीकी पहलुओं की पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह गैर-गंगा टाउन के सीवेज प्रबंधन ढांचे का विस्तृत और पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत करे। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि नदी प्रदूषण नियंत्रण और सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है, ताकि बिहार की प्रमुख नदियों की जल गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जा सके।

# बंगाल में 91.40% और तमिलनाडु में 84.35% मतदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**कोलकाता/चेन्नई।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। दोनों राज्यों में मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर 91.40% मतदान दर्ज किया गया, जबकि तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 84.35% वोटिंग हुई। पश्चिम बंगाल में इस चरण में 1478 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया। राज्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। वहीं, तमिलनाडु में डीएमके के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन और एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन (एनडीए) के बीच सीधी टक्कर है। सुबह से ही दोनों राज्यों के मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। खासकर महिलाओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह नजर आया, जिसने मतदान प्रतिशत को नई ऊंचाई तक पहुंचाया। हालांकि, पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कई स्थानों से हिंसा और तनाव की खबरें भी सामने आईं। मुर्शिदाबाद में टीएमसी कार्यकर्ताओं और आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर के समर्थकों के बीच झड़प हुई। इसके अलावा सिलीगुड़ी में टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच भी टकराव की घटनाएं सामने आईं। कुमारगंज में बीजेपी उम्मीदवार शुभेंदु सरकार ने आरोप लगाया कि उनके पोलिंग एजेंटों को कई बूथों से बाहर निकाल दिया गया और उन पर हमला भी किया गया। इन घटनाओं ने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, हालांकि प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने का दावा किया है। वहीं, तमिलनाडु में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। राज्य में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों और मशहूर चेहरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मिलाकर 'सुपर गुरुवार' के रूप में देखे जा रहे इस मतदान दिवस में जहां एक ओर रिकॉर्ड मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का संकेत दिया, वहीं कुछ जगहों पर हुई हिंसक घटनाओं ने चिंता भी बढ़ाई है।

## एक नजर

### प्रधानाध्यापक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में पत्नी-बेटे का जिक्र

**गया।** बिहार के गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र में एक सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान बृजेश प्रथम के रूप में हुई है, जो अनुसूचित जाति-जनजाति प्राथमिक विद्यालय, गोपालपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वे शेरघाटी में किराए के मकान में रहते थे। घटना स्थल से बरामद सुसाइड नोट में मृतक ने पारिवारिक कलह का जिक्र किया है। नोट के अनुसार, वे अपनी पत्नी और बेटे से मानसिक रूप से परेशान थे। पुलिस के प्रारंभिक जांच में भी यह बात सामने आई है कि वे लंबे समय से घरेलू तनाव से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्होंने यह कठोर कदम उठाया। बताया जाता है कि बृजेश प्रथम मूल रूप से रोहतास जिले के डालमियानगर क्षेत्र के निवासी थे। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

### शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले में अपराधियों के बढ़ते हौसले के बीच एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सिन्हा थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा गांव में गुरुवार सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक सरकारी शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान नीरज कुमार पाल (35) के रूप में हुई है, जो कन्या विद्यालय फरहदा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और तुलसी छपरा गांव के निवासी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह नीरज कुमार पाल घर से शौच के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उनके सिर और गर्दन में गोलियां मारी गईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह और थानाध्यक्ष सुजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, जो घटनास्थल से सबूत एकत्र कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया, "शिक्षक घर से कुछ दूरी पर गए थे, तभी उन्हें 2 से 3 गोलियां मारी गईं। परिजनों द्वारा गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।"

### दिनदहाड़े घर में घुसकर छात्रा की हत्या

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में एक अज्ञात युवक ने घर में घुसकर इंटर की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतका की पहचान श्वेता कुमारी (16) के रूप में हुई है, जो बबलू उपाध्याय की पुत्री थी। वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर आगे की पढ़ाई के लिए नामांकन की तैयारी कर रही थी। एक होनहार छात्रा की इस तरह हत्या से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर घर के सभी सदस्य आराम कर रहे थे, जबकि श्वेता कुमारी घर के अंदर कपड़े धो रही थी। इसी दौरान किसी ने दरवाजा खटखटाया। श्वेता के पूछने पर बाहर से कोई जवाब नहीं मिला। जैसे ही उसने दरवाजा खोला, बाहर खड़े युवक ने अचानक उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह जान बचाने के लिए अंदर की ओर भागी, लेकिन हमलावर ने पीछा करते हुए उसकी पीठ में भी गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल श्वेता कुछ ही कदम चलकर गिर पड़ी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।


# आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट को मिली पहली महिला चीफ जस्टिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अमरावती।** जस्टिस लिसा गिल को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी प्रदान की है। इसके साथ ही न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने बुधवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में बताया कि वर्तमान में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत जस्टिस गिल 25 अप्रैल को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगी। उसी दिन राज्यपाल एस अब्दुल नजीर उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश धीरज सिंह ठाकुर के 24 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद जस्टिस गिल यह पद संभालेंगी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने लगभग दो माह पूर्व ही उनके नाम की सिफारिश की थी, जिसके बाद उनके प्रमोशन का मार्ग प्रशस्त हुआ। जस्टिस लिसा गिल हाल ही में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में स्थानांतरित हुई थीं और 13 मार्च को उन्होंने वहां कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थीं।

# बिहार के 11 शहरों में जमीन खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में एक बड़ा और दूरगामी निर्णय लेते हुए राज्य के 11 प्रमुख शहरों के आसपास जमीन की खरीद-बिक्री पर अस्थायी रोक लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें यह निर्णय सबसे अहम माना जा रहा है। सरकार का उद्देश्य अनियंत्रित शहरी विस्तार पर लगाम लगाते हुए योजनाबद्ध विकास को बढ़ावा देना है। यह प्रतिबंध पटना, गया, मुंगेर, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया, सोनपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा सहित कुल 11 शहरों के आसपास चिन्हित क्षेत्रों में लागू किया गया है। इन इलाकों को भविष्य के शहरी विकास के लिए आरक्षित किया गया है, जिससे रियल एस्टेट बाजार पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ने की संभावना है। सरकार इन शहरों के बाहरी हिस्सों में सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य बड़े शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करना और बेहतर आधारभूत संरचना के साथ नए शहरी केंद्र विकसित करना है। इससे रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

नगर विकास विभाग के अनुसार, मास्टर प्लान तैयार होने तक जमीन के लेन-देन और निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक रहेगी। इस दौरान भूमि उपयोग, कोर एरिया और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तृत खाका तैयार किया जाएगा, ताकि भविष्य में विकास कार्य सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके। समय सीमा भी तय कर दी गई है। मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, भागलपुर और छपरा में यह प्रतिबंध 30 जून 2027 तक लागू रहेगा, जबकि अन्य शहरों में 31 मार्च 2027 तक रोक प्रभावी रहेगी। इसके साथ ही सरकार ने प्रस्तावित सैटेलाइट शहरों के नाम भी तय कर दिए हैं। पटना के पास 'पाटलिपुत्र', सोनपुर में 'हरिहरनाथपुर', गया में 'मगध' और दरभंगा में 'मिथिला' नाम से नए टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। इन नामों के जरिए क्षेत्रीय विरासत और सांस्कृतिक पहचान को भी संरक्षित रखने की कोशिश की गई है।

सरकार के इस फैसले को बिहार के शहरी विकास मॉडल में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में राज्य के नक्शे को नई दिशा दे सकता है।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की ताकत : सम्राट चौधरी

## प्रशिक्षण के साथ सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत प्रदेश प्रशिक्षण योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं का सतत प्रशिक्षण ही संगठन को मजबूती प्रदान करता है और उन्हें विचारधारा के प्रति और अधिक प्रतिबद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षण महाभियान की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा संगठन के सभी 52 जिलों में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे हर स्तर के कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त वाहक है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और जनसेवा की भावना का विकास होता है, जो संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें और पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा प्रशिक्षण की विस्तृत योजना पर भी चर्चा की गई। वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए।

# एनजीटी ने मांगा नदियों के किनारे बसे शहरों के सीवेज ढांचे का पूरा ब्योरा

### बिहार सरकार को दिया गया चार सप्ताह का समय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/पटना।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की प्रधान पीठ, नई दिल्ली में बिहार की नदियों में बढ़ते प्रदूषण को लेकर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। यह मामला मूल आवेदन संख्या 491/2024 से संबंधित है जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष), डॉ. ए. सेंथिल वेल तथा डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने की। मामले की पृष्ठभूमि एक समाचार रिपोर्ट है जिसमें बिहार में गंगा नदी के जल की गुणवत्ता और स्नान के लिए अनुपयुक्त स्थिति पर चिंता जताई गई थी। साथ ही सोन नदी, कोसी नदी और बागमती नदी में बढ़ते प्रदूषण का भी उल्लेख किया गया था। ट्रिब्यूनल इस मामले में राज्य में सीवेज उत्पादन, उसकी उपचार क्षमता और बिना उपचार के सीवेज के नदियों में प्रवाह की स्थिति की समीक्षा कर रहा है। सुनवाई के दौरान बिहार सरकार द्वारा दाखिल पूरक शपथपत्र में गंगा टाउन और गैर-गंगा टाउन में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसमें बताया गया कि कुछ संयंत्र चालू हैं, कुछ परीक्षण चरण में हैं जबकि कुछ निर्माण और योजना के स्तर पर हैं। हालांकि ट्रिब्यूनल ने पाया कि गैर-गंगा टाउन से जुड़े सीवेज ट्रीटमेंट संयंत्रों, नालों, उनकी क्षमता और अन्य तकनीकी पहलुओं की पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह गैर-गंगा टाउन के सीवेज प्रबंधन ढांचे का विस्तृत और पूर्ण ब्योरा प्रस्तुत करे। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि नदी प्रदूषण नियंत्रण और सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है, ताकि बिहार की प्रमुख नदियों की जल गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जा सके।

# सम्राट चौधरी से मिल कर प्रमोद कुमार सिंह ने दी बधाई, जताया विकास का भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से गुरूवार को पटना में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास और उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में सुशासन, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को नई गति मिलेगी जिससे आम जनता को व्यापक लाभ होगा। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचा, शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं जिन पर तेजी से काम होने की उम्मीद है। मौके पर सकारात्मक माहौल में राज्य के विकास, संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रमोद कुमार सिंह ने अंत में कहा कि जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## राष्ट्रीय पार्टी बनकर उभरेगी जदयू : शैलेन्द्र कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश के सर्वमान्य नेता विकास पुरुष नीतीश कुमार को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचन व जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता संजय झा को पुनः पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर जदयू दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस निर्णय को संगठन की मजबूती, राजनीतिक दूरदृष्टि एवं पार्टी नेतृत्व के मजबूत विश्वास का प्रतीक बताया है। शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत नीतीश कुमार को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में जिस कुशलता,समर्पण एवं संगठनात्मक क्षमता के साथ पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया।

# भाजपा अध्यक्ष ने वीर कुंवर सिंह के 'विजयोत्सव' पर दी श्रद्धांजलि

## साहस, बलिदान और देशभक्ति के प्रतीक थे बाबू कुंवर सिंह : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और बिहार के गौरव, अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के 'विजयोत्सव' पर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना के वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इधर, भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और बिहार के गौरव बाबू वीर कुंवर सिंह के 'विजयोत्सव' के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित प्रदेश के पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बाबू कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बाबू वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके त्याग, तप और बलिदान के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अप्रतिम साहस और युद्ध कौशल का परिचय दिया था। उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने जो साहस दिखाया था, वह नौजवानों के प्रेरणास्त्रोत बन गए। वहीं से देश को आजाद करने की चिंगारी चारों तरफ फैल गई। इस लड़ाई को देश के नौजवानों ने एक मिशन के तहत लड़ा और देश को आजाद कराया।

# महिला आरक्षण के समर्थन में पटना में भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के तत्वावधान में महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में राजधानी पटना में विशाल आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च प्रदेश पार्टी कार्यालय से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक पहुंचा, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए विशेष सत्र में विधेयक लाया गया था जिसका कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने विरोध किया। इसी विरोध के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए यह मार्च आयोजित किया गया। आक्रोश मार्च का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। आयकर गोलंबर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का महिला विरोधी चेहरा लोकसभा में उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी इस विरोध से आहत और आक्रोशित है और इसका प्रभाव पूरे देश में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राजनीतिक भागीदारी में उचित स्थान दिलाने के लिए संकल्पित हैं। आक्रोश मार्च में चंपा देवी, कुमारी पूजा, विनीता कुमारी, सरिता कुमारी, पिंकी देवी, पूजा देवी, यूपी शर्मा, भानु प्रकाश राय, बिरेंद्र चंद्रवंशी, अभय सिंह, संजय निषाद, शिवपूजन राम, जलेसर साहनी, मधेश्वर चंद्रवंशी, विकास कुमार सैनी, अरविंद कुमार चंद्रवंशी, अवध बिहारी गुप्ता, प्रेम प्रजापति, गोपाल शर्मा, बैजनाथ शर्मा और रवि कुमार चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में शीतल पेयजल की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जनसेवा की भावना के तहत विभिन्न शाखाओं में शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य ग्राहकों, राहगीरों तथा आमजन को तपती गर्मी से राहत प्रदान करना है। बैंक की विभिन्न शाखाओं के बाहर एवं परिसर में मिट्टी के घड़ों (मटकों) में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस व्यवस्था के माध्यम से न केवल बैंक आने वाले ग्राहक, बल्कि आसपास के स्थानीय नागरिक, रिक्शा चालक, डिलीवरी कर्मी एवं अन्य राहगीर भी अपनी प्यास बुझा सकेंगे। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस सेवा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियमित रूप से जल की उपलब्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह छोटी-सी पहल लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है और स्थानीय नागरिकों द्वारा इसकी सराहना की जा रही है। यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भारतीय स्टेट बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पृथ्वी दिवस पर कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर/वैशाली।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हुआ जिसमें पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य को लेकर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक सह कर्ताधर्ता डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के दौर में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। यदि हम अभी से सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि 'हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे।' उन्होंने यह भी जोर दिया कि प्रदूषण को कम करने के लिए छोटे-छोटे प्रयास, जैसे प्लास्टिक का कम उपयोग, जल एवं ऊर्जा की बचत और स्वच्छता बनाए रखना, बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर पृथ्वी की रक्षा हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को हरित एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# पटना में वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव: सम्राट चौधरी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस पर गुरुवार को बुद्ध मार्ग स्थित बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह, कोऑपरेटिव फ़ेडरेशन के अध्यक्ष विनय कुमार शाही तथा अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम के अध्यक्ष अजय कुमार उपस्थित रहे। बैंक के प्रशासनिक भवन में आयोजित विजयोत्सव समारोह की अध्यक्षता भूमि विकास बैंक की अध्यक्ष ममता सिंह ने की। समारोह में राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड/संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह भी सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके योगदान को देश के लिए अमूल्य बताया। विजयोत्सव समारोह में बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य संजय कुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, भरत भूषण सिंह, त्रिवेणी सिंह और शम्भु प्रसाद सिंह सहित अन्य निदेशक उपस्थित रहे। इसके अलावा बैंक के प्रबंध निदेशक कौशलेन्द्र सिंह, निदेशक (तकनीकी), सांख्यिकी पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारी और कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में भागलपुर से विवेकानन्द गुप्ता, बांका से निखिल बहादुर सिंह और ललन सिंह, जमुई से अरुण कुमार सिंह उर्फ चुन्ना सिंह सहित भागलपुर और बांका जिले के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान वीर कुंवर सिंह के बलिदान और उनके अदम्य साहस को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की महेन्द्रू शाखा, पटना का शुभारम्भ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की महेन्द्रू शाखा, पटना का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन सुब्रत कुमार स्वाईं (महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), संजय कुमार राय (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्राहकगण उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 350वीं एवं पटना क्षेत्र की 60वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शाखा में हर स्तर पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई जायगी। शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने खाते खोले तथा बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

# नंदकिशोर यादव ने रेड क्रॉस भवन में निर्माणाधीन द्वितीय तल की कार्य प्रगति का किया मुआयना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना सिटी।** नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने गांधी सरोवर स्थित रेड क्रॉस भवन में जाकर ब्लड बैंक के यथाशीघ्र संचालन एवं रेड क्रॉस भवन में निर्माणाधीन द्वितीय तल के कार्य प्रगति का मुआयना किया। उन्होंने ब्लड बैंक के संचालन में आ रही बाधाओं को यथाशीघ्र दूर करने तथा स्व. सुशील कुमार मोदी की पुण्यस्मृति में बन रहे इस ब्लड बैंक का परिचालन मई अथवा उसके उत्तरोत्तर शुरू हो जाने की उम्मीद व्यक्त की। नंदकिशोर यादव के साथ आए पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा ने राज्यपाल के निर्देशानुसार कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने का अपना संकल्प दोहराया। सोसाइटी के चेयरमैन गोविंद कानोडिया एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के राज्य संयोजक अजीत कुमार सिंह ने राज्यपाल को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. टी.पी. गोलवारा, डॉ. कुंवर सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार के साथ ही शशिशेखर रस्तोगी, प्रदीप बेरेलिया, तारा झुनझुनवाला, रीता रस्तोगी, कविता पोद्दार, संदीप ड्रॉलिया, प्रो. दिनेश कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा, गोपाल कुमार, श्वेता कानोडिया, प्रफुल्ल पांडेय, धीरेंद्र प्रताप मुन्ना, सौरभ शारदा, संजीव देवड़ा, विनोद झुनझुनवाला, नरेश सुल्तानिया, अमित कानोडिया, राजेश कानोडिया, राजकुमार गोयनका, विशाल सिंघानिया, सात्विक कानोडिया, विजय कुमार सिंह, संजय रॉय आदि मौजूद रहे। मौके पर आयोजित संक्षिप्त सभा का कुशलतापूर्वक संचालन संजय बूबना ने किया।

# बिहार हितैषी पुस्तकालय का 142वां वर्षगांठ समारोह सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार हितैषी पुस्तकालय का 142वीं वर्षगांठ समारोह भव्य कवि सम्मेलन के साथ सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र का उद्घाटन नन्दकिशोर यादव द्वारा किया गया। उन्होंने पुस्तकालय से अपने जुड़ाव की चर्चा करते हुए हर्ष जाहिर किया कि आज पटना सिटी का यह दर्शनीय स्थल बन चुका है। अध्यक्ष हरिहर सिन्हा ने घोषणा की कि 142वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे साल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवानंद तिवारी ने स्वागत भाषण किया जबकि प्रधान सचिव महेंद्र अरोड़ा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को शॉल ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पटना साहिब विधायक श्री रत्नेश ने विकास के लिए हर सम्भव सहायता की घोषणा की। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु अनुदान, बैडमिंटन हॉल में मैट बिछावन तथा सभागार की कमियों को दूर करवाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस संबंध में कार्ययोजना बना कर देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में शशि शेखर रस्तोगी, डॉ. शाह अद्वैत कृष्ण, प्रो. दिनेश पटेल समेत कई लब्ध प्रतिष्ठित लोग शामिल रहे। भीड़ से खचाखच भरे सभागार में द्वितीय सत्र में भव्य कवि सम्मेलन में मूर्धन्य कवियों ने अपनी कविता पाठ से शमा बांध दिया और काफी तालियां बटोरीं। उपस्थित कवियों में डॉ. आरती कुमारी, आराधना प्रसाद, वीरेन्द्र नाथ विभावसु, डॉ. किशोर सिन्हा आदि प्रमुख रहे। संचालन कवि मधुरेश एवं डॉ. ध्रुव कुमार ने किया जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ कवि प्रेम किरण द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजन में सर्वश्री कमल नयन श्रीवास्तव, सुजीत कुशवाहा, संयुक्त सचिव, आलोक चोपड़ा, जयप्रकाश मेहता, मिथिलेश कुमार, सभी कार्यकारिणी सदस्य, विनीत कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रही जबकि मुन्ना पांडेय, प्रणव नयन जैसे युवा काफी सक्रिय रहे।

## वीर कुंवर सिंह का 169 वां विजयोत्सव सदाकत आश्रम में मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और अदम्य साहस के प्रतीक बाबू वीर कुंवर सिंह का 169वां विजयोत्सव आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित अन्य नेताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस, त्याग तथा देशभक्ति को याद किया। राजेश राम ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जिस अद्भुत वीरता और रणनीति का परिचय दिया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए यह साबित किया कि देशभक्ति और स्वाभिमान उम्र के मोहताज नहीं होते। उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष और बलिदान ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई ऊर्जा दी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वतंत्रता की राह प्रशस्त की। राजेश राम ने कहा कि आज के दौर में बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है, ताकि देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समानता की भावना को और मजबूत किया जा सके।

## आईजीआईएमएस की परीक्षा में हुए कथित कदाचार की जांच शुरू

### संस्थान के निदेशक को जल्द सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस व पीजी परीक्षाओं में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले को संस्थान ने काफी गंभीरता से लिया है। परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की जांच के लिए आईजीआईएमएस की शैक्षणिक संकाय के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ओम कुमार की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन कर दिया गया है। इस जांच समिति का गठन संस्थान के निदेशक द्वारा किया गया है। आईजीआईएमएस के उप निदेशक प्रो. विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि यह जांच समिति परीक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की सूक्ष्मता से जांच कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जांच समिति द्वारा अपना जांच प्रतिवेदन जल्द ही संस्थान के निदेशक को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान के मुख्य प्रवक्ता के पद हुआ प्रशासनिक बदलाव प्रेस मीडिया के साथ जानकारियों को नियमानुसार साझा करने के लिए किया गया है।

CMYK

### वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव दिवस पर श्रद्धांजलि

# आम जनमानस के बल पर दी थी अंग्रेजों को कड़ी चुनौती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस के अवसर पर उनके अदम्य साहस, युद्ध कौशल और राष्ट्रभक्ति को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आर एस के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और कहा कि उन्होंने आम जनमानस के बल पर ब्रिटिश हुकूमत को कड़ी चुनौती दी थी। आनंद सिंह ने कहा कि लगभग 80 वर्ष की आयु में भी जिस पराक्रम और नेतृत्व क्षमता के साथ वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, वह विश्व इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कई राजा और जमींदारों का समर्थन न मिलने के बावजूद उन्होंने जनता को संगठित कर व्यापक आंदोलन खड़ा किया। डिहरी के कोल डिपो स्थित वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर क्षत्रीय विकास मंच के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, लल्लू चौधरी, अंबुज सिंह, कर्मवीर सिंह, मुन्ना सिंह, अमर सिंह, अजीत सिंह, अश्विनी सिंह, अर्जुन केसरी, मनोज सिंह 'बागी' और प्रशांत सिंह सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शाहाबाद की धरती जगदीशपुर से शुरू हुआ 1857 का विद्रोह मगध, छोटानागपुर, रीवां, बांदा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, आजमगढ़ और बलिया तक फैल गया। आरा और आजमगढ़ जैसे क्षेत्रों में वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देते हुए विजय प्राप्त की। उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिला और धरमन बाई जैसी हस्तियों ने भी अपना सर्वस्व उनके संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने बताया कि उनके साथ निशान सिंह, हरकिशन, रघुवीर, दिलावर खान, छोटू रजवार और सरनाम सिंह जैसे अनेक वीर योद्धा जुड़े जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र से नीलांबर-पीतांबर जैसे योद्धाओं ने भी इस संघर्ष में भाग लिया। इतिहास के अनुसार, 23 अप्रैल 1858 को वीर कुंवर सिंह ने जगदीशपुर पहुंचकर क्षेत्र को स्वतंत्र कराया। इससे पहले शिवपुर घाट पर गंगा पार करते समय अंग्रेजों के हमले में उनका हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया था। किंवदंती है कि उन्होंने अपना घायल हाथ स्वयं काटकर गंगा को समर्पित कर दिया था। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे अंत तक संघर्ष करते रहे और 26 अप्रैल 1858 को उनका निधन हो गया। हर वर्ष 23 अप्रैल को उनका विजयोत्सव दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बिहार सरकार द्वारा अवकाश घोषित किया जाता है और जगदीशपुर में भव्य राजकीय समारोह का आयोजन होता है। मौके पर कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के राजन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह युवा मौके पर कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के राजन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह युवा अध्यक्ष अंबुज सिंह राष्ट्रीय स्वर्ण कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, विशाल सिंह, सिमल सिंह, डिंपल सिंह, अभिषेक सिंह, कर्मवीर सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, दोषी एजेंसियां होंगी प्रतिबंधित

### जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक में संचालन, मरम्मत और गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य में निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्यभर से प्राप्त सर्वे रिपोर्ट और जमीनी स्थिति का आकलन किया गया। बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त जांच रिपोर्ट, मोबाइल अनुप्रयोग और प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों तथा क्षेत्रीय निरीक्षण के दौरान सामने आई वास्तविक स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जलापूर्ति योजनाओं की कार्यशीलता, पाइपलाइन की मरम्मत, चापाकलों की स्थिति, स्टैंड पोस्ट की गुणवत्ता, टैंकर से जल आपूर्ति व्यवस्था, ओएडएम के अंतर्गत विद्युत खपत सहित अन्य तकनीकी पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में विभाग के विशेष सचिव, अभियंता प्रमुख, वरीय पदाधिकारी और अभियंता मौजूद रहे, जबकि जिलों में तैनात अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। सचिव ने सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और मोतीपुर सहित सभी प्रमंडलों की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए सहायक अभियंताओं से प्रत्येक बिंदु पर फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में तकनीकी या संचालन संबंधी कोई कमी पाई गई है, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम नागरिकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करने पर विशेष जोर दिया गया। सचिव ने स्पष्ट किया कि भीषण गर्मी के दौरान राज्य के हर क्षेत्र में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण पेयजल की निर्बाध आपूर्ति विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिन प्रमंडलों में लगातार पेयजल की समस्या सामने आ रही है वहां के कार्यपालक अभियंताओं को कड़ी चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में पेयजल संकट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए मुख्यालय से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रत्येक सर्किल स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों को प्रतिबंधित करने का निर्देश भी दिया गया। सचिव ने बताया कि प्रमंडलवार रोस्टर बनाकर प्रतिदिन पांच डिविजनों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी। शुक्रवार को मोतीपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर की समीक्षा निर्धारित है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जारी निर्देशों का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करें और नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराते रहें।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी, 'राष्ट्र सर्वोपरि' का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार शाम ई ललन सिंह स्पोर्ट्स क्लब में एक प्रमुख जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमराज ने 'देश मेरा, समाज मेरा' के भाव को जागृत करने का आह्वान करते हुए राष्ट्र को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा विजयादशमी के दिन संघ की स्थापना की गई थी। तब से संघ राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया। हेमराज ने कहा कि भारतीय किसान संघ का मूल उद्देश्य किसानों को संगठित करना और कृषि को राष्ट्र सेवा से जोड़ना है। उन्होंने किसानों को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी समृद्धि ही देश की समृद्धि है। इस दौरान स्वदेशी खेती, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण स्वावलंबन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा 'घर-घर संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है, ताकि संगठन की 100 वर्षों की गौरवमयी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इसके तहत विभिन्न स्थानों पर हिंदू सम्मेलन, गोष्ठियां और पथ संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। अध्यक्षता आर एस एस के खंड कार्यवाह अशोक सरावगी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आर.पी. सिंह, जिला परिषद सदस्य अजय कुशवाहा, महेंद्र सिंह, मनोज अज्ञानी, महेंद्र पासवान, अरुण गुप्ता, कृष्णा जी समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की ठोकर से चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के धौडाढ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक कोयला लदा ट्रक को पीछे से कच्चा आम लदा हुआ एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आम लदे हुए ट्रक का चालक शमशाद आलम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रक का खलासी कमल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक शमशाद आलम उत्तर प्रदेश के सितारगंज का रहने वाला था। घायल खलासी कमल कुमार ने बताया कि वह लोग कोलकाता से आम लेकर रायबरेली जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। घायल खलासी को सासाराम के सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# राजपुर के उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रशासन-ग्रामीणों की बैठक

### अमन-चैन और शांति व्यवस्था कायम रखने पर बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** राजपुर प्रखंड के रामुडीह स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय में उत्पन्न तनाव के बाद शुक्रवार को प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच अहम बैठक हुई। बैठक में अमन-चैन और शांति व्यवस्था कायम रखने पर सहमति बनी। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शहर तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय की मौजूदगी में यह बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाती तब तक राजपुर प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार विद्यालय परिसर में दंडाधिकारी के रूप में तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ग्रामीणों के मांग के बाद विद्यालय परिसर की रसोई से सभी बर्तन एवं अलमारी को प्रशासन द्वारा पूरी तरह हटा दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा पूरे स्कूल परिसर को गंगाजल से शुद्ध किया गया। इसके बाद प्रशासन और ग्रामीणों ने संयुक्त बैठक कर भविष्य में आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी घटना को रोकने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि इस विद्यालय में कुल 202 बच्चे नामांकित हैं। इनमें 126 बच्चे हिंदू समुदाय से और 76 बच्चे मुस्लिम समुदाय से आते हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने एक स्वर में इस कृत्य की निंदा की। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि विद्यालय में हुए इस कृत्य से पूरा गांव शर्मिंदा है। सभी ने दोषी शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग प्रशासन से की। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि बच्चों की पढ़ाई में किसी तरह का व्यवधान न हो और पठन-पाठन अनवरत जारी रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में पूर्व से कार्यरत सभी रसोइया एवं शिक्षक कर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उनकी जगह नए शिक्षकों तथा रसोइयों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में ग्रामीणों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे सामाजिक समरसता बनाए रखने में पूरा सहयोग करेंगे। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी, लेकिन निर्दोषों को परेशान नहीं किया जाएगा। फिलहाल विद्यालय में पुलिस बल की तैनाती की गई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि बच्चों का भविष्य सबसे ऊपर है और शिक्षा का माहौल किसी भी कीमत पर खराब नहीं होने दिया जाएगा।

# ग्रीन मेडिकल दुकान में क्रिकेट का रोमांच, युवाओं को मिल रहा नया मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजस्थान और लखनऊ के बीच खेले गए रोमांचक आईपीएल मुकाबले का आनंद लेते हुए स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान क्रिकेट प्रेमी जगदीश पासवान श्री भगवान ने बताया कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है जिससे वे एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना पाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मैच युवाओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने खेल को निखारने का हौसला देते हैं। मौके पर डॉक्टर विकास और बिजेंदर चौधरी, अनिल भी मौजूद रहे। इन सभी ने बताया कि वे लोग अक्सर ग्रीन मेडिकल दुकान पर बैठकर एक साथ क्रिकेट मैच देखते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। इस तरह के आयोजनों से न केवल मनोरंजन होता है, बल्कि खेल के प्रति लोगों की रुचि भी लगातार बढ़ रही है।

# जेडीयू राष्ट्रीय कमेटी में 24 लोगों को नीतीश कुमार द्वारा स्थान दिए जाने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जनता दल यूनाइटेड के 24 राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के द्वारा 22 अप्रैल को जारी की गई। संजय झा को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली साथ ही चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और अशोक चौधरी, मनीष वर्मा, आलोक कुमार सुमन, रविंद्र प्रसाद सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय कुमार, कहकशा परवीन, आफाक अहमद खान, श्याम रजक, रामसेवक सिंह तथा रमेश सिंह कुशवाहा सहित पार्टी के 24 पदाधिकारी को राष्ट्रीय कमेटी में स्थान मिला। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड की रोहतास जिला कमेटी द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया और सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस क्रम में पार्टी के रोहतास जिलाध्यक्ष विंदा चंद्रवंशी ने कहा कि हमें यह पूर्ण विश्वास है कि सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी पार्टी को मजबूत करने में नीतीश कुमार के आदर्श एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए तन मन धन से कार्य करेंगे और आने वाले समय में पार्टी को और भी मजबूत करेंगे। बधाई देने वालों में धनंजय भाई पटेल, सिप्पू सिन्हा, अलख निरंजन, गिरेंद्र सिकरीवार, रिंकू सिंह, अनिल यादव, टुटूल सिंह, असलम अंसारी, हाजी जमालुद्दीन सिद्दीकी, अभिषेक पटेल, राज सोनी, निखिल जय सिंह, शशि कुशवाहा तथा वीरेंद्र गोंड़ साहित्य कई अन्य शामिल हैं।

# वाहन की चपेट में आने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेदा के पास पुरानी जीटी रोड पर एक वाहन की चपेट में आने से 43 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम सुरेंद्र पासवान था जो शिवसागर थाना क्षेत्र के कुमहऊं के रहने वाले पुनर्वासी पासवान का पुत्र था। इस हादसे के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लेकर आई।

# हिमालया बेबीकेयर ने लांच की नई डीवीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिमालय बेबीकेयर ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया डिजिटल वीडियो विज्ञापन जारी किया है जो शिशुओं के रोजमर्रा के पलों और उनके विकास की यात्रा को दर्शाता है। यह फिल्म शिशुओं के जीवन को एक अनोखे और मनमोहक दृष्टिकोण से दिखाती है जिसमें उनके दैनिक प्रयासों और विकास की प्रक्रिया को उजागर किया गया है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 1189 | दिनांक 22.04.2026.

**अतिअल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/02/2026-27**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित कार्य कराने के लिए सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक सामग्री निर्माण कम्पनी या निर्माण कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी को ई0–कोटेशन के माध्यम से दिनांक **04.05.2026 को 1.00 बजे** अपराह्न तक निर्दिष्ट सामग्रियों की दर जमा करना होगा। ई0–कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 **5,000/-** रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 **60,000/-** रू0 ऑन–लाईन जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक **05.05.2026 को 1.00 बजे** अपराह्न को नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| | MATERIALS REQUIRED FOR WTP | | |
|---|---|---|---|
| **S.L** | **Items Name** | **Specification** | **Quantity** |
| 1 | Ferric Alum /Non ferric alum | grade 4 | 1 ton |
| 2 | Bleaching ( Aditya Birla ) | industrial grade (for wtp) | 1 ton |
| 3 | Lime ( Hydrated Lime ) | industrial grade (for wtp) | 1 ton |
| 4 | Galansuta | 8, 10, 12 & 16 , 20 mm | 1 pack each size |
| 5 | Grease | ( castrol /servo /nbc ) | 1 kg |
| 6 | Coupling Tyre | 15, 16 & 17 no. | 1 nos each |
| 7 | Nut & bolt, WASHER | Different sizes | 1 kg |
| 8 | Tyre coupling set | 15, 16 & 17 no. | 1 nos |
| 9 | Rubber ( for Gasket ) | | 1 kg |
| 10 | Copper Lug (ring) | 16 ,25, 35,50 mm | 1 nos each |
| 11 | Alluminiam Lug | 35, 50, 70,95, 240, 300 mm | 1 nos each |
| 12 | Relay ( L&T/ Havels ) | 110 amp. , 70 amp. | 1 nos each |
| 13 | Contactor ( L&T/ Havels ) | 110 amp. , 70 amp. | 1 nos each |
| 14 | copper wire | 3 core 50 sq.mm , 3 core 35 sq.mm | 1 m each |
| 15 | alluminium wire | 4 core 50 sq.mm , 3 core 35 sq.mm | 1 m each |
| 16 | Copper wire | 16 sq.mm | 1 m |
| 17 | Insulation Tape (PVC) | red , yellow , blue | 1 nos |
| 18 | Glass tape | Roll | 1 nos |
| 19 | Cotton Tape | Roll | 1 nos |
| 20 | Transformer oil | | 1 Lit. |
| 21 | Sluce Valve | 150 mm, 200 mm, 300 mm | 1 nos each |
| 22 | Check Valve | 100 mm, 150 mm, | 1 nos each |
| 23 | Ball valve (Brass ) | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 24 | G.I pipe nipple size 3 & 4 inch | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 25 | PVC end plug ( solid type ) | 1/2 inch, 3/4 inch, 1 inch dia. | 1 nos each |
| 26 | M-seal | 250 grm. Pack | 1 nos |
| | **MATERIALS REQUIRED FOR HAND PUMP** | | |
| **S.L** | **Items Name** | **Specification** | **Quantity** |
| 1 | Handle ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 2 | Head ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 3 | Pedastal ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 4 | Water Tank ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 5 | Chain ( heavy ) | | 1 nos |
| 6 | Axle ( heavy ) | | 1 nos |
| 7 | Ball Bearing | | 1 nos |
| 8 | Conecting Rod with socket 12 mm | 10' Length (stainless steel ) | 1 nos |
| 9 | G.I PIPE ( TATA/Jindal/Supreme ) | 10' Length , 32 mm dia. | 1 nos |
| 10 | Cylinder assembly complete set | 2.5" (Gun metal ) | 1 nos |
| 11 | Black Tape | 1" & 2" | 1 nos |
| 12 | Cylinder Body | 2.5" | 1 nos |
| 13 | Rod socket ( ss) | 12 mm | 1 nos |
| 14 | Pipe Coupling/Socket ( TATA ) | 1.25" ( 32 mm ) | 1 nos |
| 15 | Front cover ( Bharat/india mark ii ) | | 1 nos |
| 16 | Check Valve with Washer | | 1 nos |
| 17 | Cylinder Ring ( lather ) | | 1 nos |
| 18 | Croom washer ( Burhani/ Nizora ) | | 1 nos |
| 19 | DLP nut bolt | | 1 nos |
| 20 | Plunger | | 1 nos |
| 21 | Handle axle (stainless steel ) | | 1 nos |
| 22 | Check Valve Washer | | 1 nos |
| 23 | Three Plate | | 1 nos |
| 24 | Cylinder rod | | 1 nos |
| 25 | SS Hexagonal bolt | M-6x25 mm long | 1 nos |
| 26 | Chain nut bolt | | 1 nos |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 378277 District(26-27)#D


# चमड़ा कारीगरों से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम

### कारीगरों ने राजेश राम को भेंट की संविधान की प्रति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम नवादा जाने के क्रम में नालंदा के मोरा तालाब में चमड़ा कारीगरों से मुलाकात की। इस दौरान चर्मकार समाज के कारीगरों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए सरकार पर उपेक्षा और अनदेखी का आरोप लगाया। कारीगरों ने कहा कि पारंपरिक पेशे से जुड़े होने के बावजूद उन्हें सरकारी योजनाओं और सहायता से वंचित रखा जा रहा है। इस अवसर पर चर्मकार समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को संविधान की प्रति भेंट कर सामाजिक न्याय, समान अधिकार और सम्मान की लड़ाई में सहयोग की उम्मीद जताई। मुलाकात के दौरान राजेश राम ने कहा कि देश का संविधान कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा का सबसे मजबूत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि चर्मकार समाज सदियों से अपने कौशल और मेहनत से समाज की सेवा करता आया है, लेकिन आज यह समाज सरकारी उदासीनता के कारण आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दलित, वंचित और मेहनतकश समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ उनके हक और सम्मान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जिस संविधान को बाबासाहेब भीम राव आंबेडकर ने सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों पर तैयार किया, उसकी भावना को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। राजेश राम ने भरोसा दिलाया कि चर्मकार समाज के कारीगरों की समस्याओं को पार्टी मंच से प्रमुखता से उठाया जाएगा और उनके सम्मानजनक जीवन एवं रोजगार के लिए ठोस पहल की जाएगी।

# पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चौखंडी पथ, रौजा रोड में वीर कुंवर सिंह जयंती धूमधाम से मनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय चौखंडी पथ, रौजा रोड, सासाराम में आज महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह जी के जीवन, संघर्ष और देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह भारत के गौरव थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। एनसीसी पदाधिकारी फर्स्ट ऑफिसर चंदन कुमार ने भी कैडेट्स को संबोधित करते हुए वीरता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भारी संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे और सभी ने वीर कुंवर सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति और उत्साह से भर गया। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वीर कुंवर सिंह जी के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे।


## बिहार विधान सभा सचिवालय
## आवश्यक सूचना

अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय-सत्र का आगामी उपवेशन शुक्रवार दिनांक-24.04.2026 को 11.00 बजे पूर्वा. में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया गया है।

सत्र के दौरान कार्यवाही का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा। साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी http://webcast.gov.in/biharvs, https://vidhansabha.bihar.gov.in तथा Youtube Channel-Bihar Vidhan Sabha TV पर देखा जा सकता है।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है। लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं.-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे।

**पूनम सिन्हा**
**प्रभारी सचिव**
**बिहार विधान सभा, पटना**

# मलमास मेला में भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर डीएम ने की बैठक

## 17 मई से 15 जून तक लग रहा है मलमास मेला



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मलमास मेला 2026 में भीड़ प्रबंधन, विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि दिनांक 17 मई से 15 जून 2026 तक मलमास मेला का आयोजन निर्धारित है। बैठक के दौरान मेला क्षेत्र में संभावित भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक रणनीति पर चर्चा के क्रम में आपदा मित्रों से फीडबैक प्राप्त किया गया साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ब्रह्म कुंड के मुख्य स्थानों पर भीड़ तंत्र नियंत्रण हेतु आपदा मित्रों से फीडबैक प्राप्त करते हुए सतर्कता पूर्वक पूर्व तैयारी करने हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु ब्रह्म कुंड के प्रमुख स्नान घाटों, मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन एवं वन-वे सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी, ड्रोन से भीड़ का आकलन तथा कंट्रोल रूम की सक्रियता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से जन-सूचना प्रसारण एवं अफवाहों पर नियंत्रण के लिए त्वरित सूचना तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। अग्निशमन विभाग को फायर सेफ्टी मानकों के अनुपालन तथा त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, ड्यूटी चार्ट का कड़ाई से पालन करने तथा आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के भारी भीड़ के नियंत्रण हेतु आवासन, होल्डिंग/बफर जोन, जिगजैग गैंगवेए का निर्माण हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जर्मन हैंगर, टेंट, पंडाल दीदी की रसोई, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता, सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, अटेंडेंस एप, अस्थाई पुलिस चौकी, वॉच टावर, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग, वाहनों का परिचालन, ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग, नाइट विजन कैमरा, अग्निशमन दस्ता, शॉर्ट सर्किट से सुरक्षा आदि के लिए पूर्व तैयारी हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मलमास मेला के अवसर पर दुकानें, थिएटर आदि व्यवस्थित तरीके से स्थापित किया जाए, सड़क किनारे से अतिक्रमण पूरी तरह से हटाना सुनिश्चित करेंगे ताकि श्रद्धालुओं के लिए सफर आसान हो सके। उन्होंने कहा कि मलमास मेला 2026 का व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राजगीर क्षेत्र में बंद पड़े सभी चापाकलों की शत प्रतिशत मरम्मती हर हाल में सुनिश्चित की जाए साथ ही जगह-जगह पर प्याऊ की बेहतर इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के अंत में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी तैयारियों को पूर्ण कर लें, ताकि मलमास मेला 2026 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नगर निकाय, स्वास्थ्य, परिवहन, अग्निशमन सहित अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश करने के मामले में दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास करने वाले गिरोह का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 फरवरी 2026 की रात रहुई बाजार स्थित पीएनबी एटीएम को अज्ञात अपराधियों ने तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया था। घटना के बाद रहुई थाना में कांड संख्या 62/26, 09 फरवरी 2026 को धारा 303(2)/62/324(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय जांच के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद छापेमारी कर 23 अप्रैल 2026 को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन कुमार धीरज और दीपक कुमार के रूप में हुई है। दोनों नालंदा जिले के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एटीएम को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल, उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। छापेमारी दल में पुअनि सौरभ कुमार, संतोष कुमार सुमन, सन्नी कुमार, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार सिंह , ज्वाला कुमार शामिल थे।

# पुलिस की कार्रवाई में 33 गिरफ्तार, शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 22 अप्रैल 2026 को जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस अभियान में हत्या के प्रयास, साइबर अपराध, शराब तस्करी और अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों को पकड़ा गया। जारी आंकड़ों के अनुसार, हत्या के प्रयास के मामले में 14, वारंट और कुर्की के मामलों में 3, साइबर अपराध के 3, मद्यनिषेध से जुड़े 3 तथा अन्य मामलों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पुलिस ने अभियान के दौरान 330 लीटर अवैध शराब भी जब्त की है। इसके अलावा 51 वारंटों का निष्पादन और 2 कुर्की मामलों का निपटारा किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत कुल 275 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों से 72 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने इस दौरान 5 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

महत्वपूर्ण मामलों में वारिसलीगंज थाना पुलिस ने साइबर अपराध के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसी प्रकार सिरदला थाना क्षेत्र में 120 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जबकि पकरीबरावां थाना पुलिस ने 210 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

इस व्यापक कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# जिले में नहीं है पेट्रोल-डीजल की कमी

## डीएम ने सेल्स ऑफिसरों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला में रसोई गैस की कमी एवं पेट्रोल पंप बंद होने की सूचना के मद्देनजर सभी तेल विपणन कंपनी के सेल्स ऑफिसर एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ डीएम कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में नोडल सेल्स ऑफिसर द्वारा बताया गया कि आईओसीएल एवं बीपीसीएल के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की कोई समस्या नहीं है। एचपीसीएल के तीन पेट्रोल पंप क्रमशः सुदामा सर्विस स्टेशन, नालन्दा सर्विस स्टेशन एवं धनवंती फ्यूल्स पर तेल की लोडिंग सुचारू रूप से नहीं होने के कारण एवं दो पेट्रोल पम्प बेचन माधुरी एचपी एवं केदारनाथ फ्यूल्स पर आंतरिक समस्या के कारण तत्कालिक रूप से तेल की समस्या उत्पन्न हुई है। इस संबंध में सेल्स ऑफिसर एचपीसीएल द्वारा बताया गया कि उपरोक्त में से नालंदा सर्विस स्टेशन को 12 हजार लीटर तेल की आपूर्ति की गयी हैं एवं यह पेट्रोल पम्प कार्यरत हो गया है तथा दो अन्य पेट्रोल पंप क्रमशः धनवंतरी पयूल्स एवं सुदामा सर्विस स्टेशन को कंपनी द्वारा 18-18 हजार लीटर तेल की आपूर्ति की गयी है जिसके बाद शीघ्र ही ये दोनों पेट्रोल पंप भी कार्यरत हो जायेंगे। शेष दो पेट्रोल पंप आंतरिक समस्याओं के कारण कार्यरत नहीं है जिसका निराकरण करते हुए जल्द ही इन्हें भी कार्यरत करा लिया जाएगा। तीनों कंपनियों के सेल्स ऑफिसर द्वारा बताया गया कि पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी तेल विपणन कंपनियों के सेल्स ऑफिसर को निदेश दिया गया कि अपने वरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पेट्रोल पंप को करायेंगे साथ ही 05 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त तेल को पेट्रोल पंप के स्टॉक रखने हेतु वरीय पदाधिकारी से अनुरोध करेंगे। नोडल पदाधिकारी एलपीजी द्वारा रसोई गैस की जिला में उपलब्धता के संबंध बताया गया कि कुल 54 गैस ऐजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर औसतन 8839 घरेलु एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। आज की स्थिति में जिला का बैकलॉग 4.3 है। जिसके हर हाल में 03 से कम लाने का निदेश जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा आमलोगों को अवगत कराया गया कि जिला के तीन क्षेत्र क्रमशः बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में घ्याक्र पाईपलाईन बिछाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी , विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा सहित जिले के संबंधित तेल एवं गैस एजेंसी के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# मां चंडी मंदिर पुनर्निर्माण एवं पंच कलश स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत काशीचक प्रखंड के चंडीनामा गांव में प्राचीन मां चंडी महारानी मंदिर के पुनर्निर्माण एवं पंच कलश स्थापना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था और उत्साह से भरे इस आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नवादा के सांसद विवेक ठाकुर, मोकामा विधायक अनंत सिंह, जिला पार्षद अंजनी सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। सभी अतिथियों ने विधि-विधान के साथ आयोजित पंच कलश स्थापना में भाग लिया और मां चंडी महारानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि धार्मिक स्थलों का संरक्षण और पुनर्निर्माण हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मां चंडी मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। मंदिर के पुनर्निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक गतिविधियों को नया आयाम प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान गांव में भक्ति का माहौल देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पंच कलश स्थापना की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भी पूजा में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय ग्रामीणों एवं आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य में गांव के लोगों का विशेष सहयोग रहा है, जिससे यह कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया। पूरे क्षेत्र में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# रजौली के अमावां उदासीन संगत में महंत पर गहराया संकट, धार्मिक न्यास परिषद ने थमाया नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने रजौली स्थित अमावां के प्रतिष्ठित 'उदासीन संगत' के प्रबंधन को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है, जिससे स्थानीय धार्मिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। परिषद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन के हस्ताक्षरित पत्रांक 36 के माध्यम से वर्तमान महंत दयानंद मुनि को एक कड़ा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उनके विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायतों पर बिंदुवार जवाब मांगा गया है। परिषद के अधीन निबंधन संख्या 2937 के रूप में पंजीकृत इस सार्वजनिक मंदिर की गरिमा और पारदर्शिता पर उठे सवालों ने अब प्रशासनिक मोड़ ले लिया है, जहाँ एक तरफ सोनपुर स्थित श्री उदासीन महामंडल प्रबंध समिति के अध्यक्ष महंत विष्णु दास उदासीन (मौनी बाबा) ने मोर्चा खोला है, तो दूसरी तरफ स्थानीय जनता ने सामूहिक आवेदन देकर महंत की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े किए हैं। इन शिकायतों की छायाप्रति संलग्न करते हुए परिषद ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि महंत द्वारा आगामी 24 अप्रैल 2026 तक संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, तो उन्हें न्यासधारी (ट्रस्टी) के पद से मुक्त करने की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम पर अपना पक्ष रखते हुए महंत दयानंद मुनि ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और इन्हें पूरी तरह मिथ्या एवं आधारहीन करार दिया है। महंत का कहना है कि वे नियत समय पर अपना पक्ष परिषद के समक्ष मजबूती से रखेंगे और साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में यह भी कहा कि जिन लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर के जरिए उन्हें बदनाम करने की साजिश रची है, उन पर वे मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे। फिलहाल, परिषद की इस कार्रवाई और महंत के पक्ष जानने के लिए पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

# महिला आरक्षण बिल पर सभी को गुमराह कर रही भाजपा : राजेश राम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला कांग्रेस के नए कार्यालय का उद्घाटन करने व नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकर्ताओं से संवाद करने के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं कांग्रेस संगठन के प्रदेश स्तर के कई नेतागण आज जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ता संवाद में सम्मिलित होने के लिए नवादा पहुंचे। नवादा पहुँचने पर सभी वरिष्ठ नेताओं का जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, प्रभाकर झा के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। सर्वप्रथम बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के द्वारा झंडोलन करके नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ता संवाद को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन सृजन साथी के माध्यम से ही संगठन में कार्यकर्ताओं को ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश में स्थान दी जाएगी साथ ही साथ अनुशासन का भी पाठ कार्यकर्ताओं को पढ़ाया। श्री राम ने कहा कि महिला आरक्षण बिल भाजपा सरकार लागू नहीं करना चाहती है सिर्फ महिलाओं सहित सभी को गुमराह कर रही है अगर लागू करना होता तो 2023 में लाए गए महिला कानून को लागू कर देती। नवादा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रभाकर झा ने प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में इस बात का उल्लेख किया कि बिहार में चोर दरवाजे से भाजपा ने मुख्यमंत्री का पद हथियाया है, लेकिन वो सत्याग्रह, सड़कों पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ संघर्ष करके नवादा की जनता के हक-हकूक को चोरी नहीं होने देंगे। प्रभाकर झा ने कहा कि विगत 06/04/2026 को उन्होंने नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के नए अध्यक्ष पद पर कार्यभार संभाला है और बीते 17 दिनों में उनके द्वारा किये गए कार्यक्रमों की चर्चा की गई। चाहे वो गैस-सिलेंडर की कालाबाजारी का मामला हो, चाहे मल्लिकार्जुन खड़गे जी के असम के मुख्यमंत्री द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के ख़िलाफ़ किए गए प्रदर्शन का मामला हो या फिर निजी-स्कूलों द्वारा माता-पिता पर आर्थिक बोझ डालने की बात हो। एक तरह से प्रदेश अध्यक्ष के सामने उन्होंने अपना रिपोर्ट कार्ड रखा। इस कार्यक्रम में प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दौलत ईमाम, अरविंद चौधरी, पंकज यादव, शेखपुरा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंदी यादव, प्रेमचन्द सिंह, सत्यजीत, नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, गोपेश सिंह, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, कमलेश पासवान, भारत यात्री नवीन पासवान सहित इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# गंगा सप्तमी पर काढ़ागोला घाट पर मना दीपोत्सव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर काढ़ागोला घाट पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गंगा किनारे सैकड़ों दीप जलाकर मां गंगा की आराधना की गई, जिससे पूरा घाट दिव्य रोशनी से जगमगा उठा। इस दौरान बाबा दिवाकर मिश्र द्वारा वैदिक विधि-विधान से गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती की गई। आरती के समय गंगा मैया के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक मनोज साह, घाट प्रमुख राजकुमार साह, राजेश यादव, मनीष रजक, राजा सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे। जिला संयोजक नवीन चौधरी 'बाबा' ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को माँ गंगा का अवतरण स्वर्ग से पृथ्वी पर हुआ था, जिसे गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान, पूजा, आरती और दान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पुण्य कार्यों से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि काढ़ागोला घाट एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसकी पहचान को पुनर्स्थापित करने एवं माँ गंगा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए गंगा समग्र लगातार प्रयास कर रहा है। जिला सह संयोजक मनोज साह ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, लेकिन जागरूकता के अभाव में नदियों का जल लगातार प्रदूषित हो रहा है। यदि समय रहते लोग सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में जल संकट गहरा सकता है।

# धूमधाम से मनी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड के पेंशनर भवन में गुरुवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धाभाव से मनाई। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। लोगों ने बाबू कुंवर सिंह के तैलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनको नमन करते हुए कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि 23 अप्रैल का दिन सभी भारतवासियों के लिए गर्व का दिन है। यह दिन 1857 के भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा वीर कुंवर सिंह को समर्पित है। यह दिन वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने उनके शौर्य, त्याग, बलिदान एवं देश प्रेम के बारें में भी विस्तार से कहा। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूला सकता है। मौके पर बलिराम प्रसाद सिंह, कामता प्रसाद सिंह, रामशरण सिंह, नरेश कुमार, यमुना सिंह, रघुनन्दन प्रसाद समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

## एसपी को आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत के हरनारायणपुर निवासी फैजान अंसारी ने मुफस्सिल थाना में आवेदन पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा एसपी को भी आवेदन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने लिखित शिकायत में आषाढ़ी गांव के दो लोगों को नामजद व आठ दस अज्ञात व्यक्ति को आरोपित किया है। जख्मी फैजान ने कहा बीते 20 अप्रैल 2026 को प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में बीडीओ सोनिया ढनढननिया के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय मस्जिद कमिटी की बैठक में शामिल होकर बाइक से वापस नवादा लौट रहा था। इसी बीच नारदीगंज नवादा सड़क मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी (आषाढ़ी गांव) के समीप आषाढ़ी गांव के दो और आठ से दस संख्या में हथियारों से लैस सभी बदमाशों ने घेर कर जान से मारने की धमकी देते हुए और बेवजह जानलेवा हमला किया था। इस बीच मेरे पास रहे नगद 11 हजार रुपये भी बदमाशों ने ले लिया। इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी हालत में सीएचसी नारदीगंज में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए स्थान्तरित कर दिया गया है। जख्मी फैजान कहुआरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य आलम अंसारी का पुत्र है।

## सड़क दुर्घटना में छात्र घायल

**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीबाजार गांव के पास बघेल नदी पर बने पुल के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक छात्र घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान पावापुरी गोवरैया गाँव निवासी नरेश साव के 12 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलखुश कुमार कौआकोल में ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बघेल नदी पुल के समीप एक ई-रिक्शा और साइकिल के बीच टक्कर हो गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसके साथियों के द्वारा आनन-फानन में घायल छात्र को इलाज के लिए कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्र को खतरे से बाहर बताया है।

## दुपट्टा मांगने के विवाद में महिला की पिटाई

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या एक रघुनीचक में दुपट्टा मांगने के विवाद में एक महिला की आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से चलते बने। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में भर्ती कराया। मामले को लेकर घायल महिला ने मनसाही पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

# साइबर अपराधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपित फरार बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और स्कैनर मशीन बरामद किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल 2026 की संध्या में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के समीप कुछ युवक साइबर ठगी के काम में लगे हुए हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की, जहां से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सत्येंद्र कुमार (30 वर्ष) एवं विकास कुमार (18 वर्ष) के रूप में की गई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं अन्य कंपनियों के नाम पर लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। इसके लिए वे मोबाइल नंबरों के माध्यम से लोगों से संपर्क कर स्कैनर के जरिए पैसे मंगवाते थे।

पुलिस ने इनके पास से तीन मोबाइल फोन और दो स्कैनर मशीन बरामद की है, जिनका उपयोग ठगी में किया जा रहा था। मामले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 277/26 दर्ज कर विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी की गई है और आगे की जांच जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह के अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लेनदेन में सतर्कता बरतें और संदिग्ध कॉल या संदेशों से सावधान रहें।

# साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे वीर कुंवर सिंह : डॉ प्रेम कुमार

## वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस पर गया में विधानसभा अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में 1857 के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव दिवस के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे जिन्होंने अपने अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और अटूट देशभक्ति से इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखा। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल एक ऐतिहासिक विजय का स्मरण नहीं, बल्कि त्याग, संकल्प और आत्मबल के उत्सव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 80 वर्ष की आयु में भी बाबू वीर कुंवर सिंह ने जिस वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया, वह आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि देशप्रेम और कर्तव्य के मार्ग में उम्र और परिस्थितियां कभी बाधा नहीं बनतीं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आरा और जगदीशपुर की धरती पर बाबू वीर कुंवर सिंह ने जो शौर्यगाथा रची, वह आज भी हर भारतीय के हृदय में गर्व का संचार करती है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि इस अवसर पर सभी बाबू वीर कुंवर सिंह के आदर्शों–त्याग, साहस, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति–को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें। साथ ही उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा, अनुशासन और सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने बाबू वीर कुंवर सिंह को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके विजयोत्सव दिवस पर सभी बिहारवासियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भामाशाह जयंती पर भव्य शोभायात्रा, मैट्रिक के टॉप-10 विद्यार्थियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** जिला तैलिक साहू सभा द्वारा भामाशाह जयंती के अवसर पर तैलिक भवन में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सभा के अध्यक्ष अजय साव के नेतृत्व एवं निर्देशन में हुआ। आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा में भामाशाह के चित्र के साथ झंडा, बैनर और नारों के माध्यम से उनके त्याग, दानवीरता और राष्ट्रभक्ति के संदेश का प्रसार किया गया। पूरे माहौल में उत्साह और गौरव का वातावरण देखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह मोरवा विधायक रणविजय साहू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार, पटना की महापौर सीता साहू और राजद के पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भामाशाह के जीवन, त्याग, दानशीलता और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह के दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिससे छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। उपस्थित लोगों ने भामाशाह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के विकास और उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यकारिणी समिति सदस्य छोटन साहू और जिया लाल ने किया। वक्ताओं में डॉ. पंकज कुमार, संजय कुमार (नगर परिषद अध्यक्ष, नवादा), नीरज कुमार साहू, इंद्रजीत कुमार, मंजीत आनंद साहू, सुंदर साहू, शिशिर कुमार (पटना महापौर प्रतिनिधि), विभूति, गुड़िया देवी (प्रखंड प्रमुख), पुष्पा साहू, प्रीति साहू, उमेश प्रसाद और डॉ. उषा कुमार ने अपने विचार रखे। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी रही और सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन समाज में एकता, शिक्षा और प्रगति की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरा।

# प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा नेताओं का प्रदर्शन, कांग्रेस से माफी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पार्टी से सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग न केवल अनुचित है, बल्कि यह देश की जनता का भी अपमान है। नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व राजनीतिक शिष्टाचार की सीमाएं लांघ रहा है। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक मजबूती के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत पहचान बना चुका है और विश्व के बड़े देश भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन आलोचना और अपमान में अंतर होना चाहिए। देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति गरिमा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। डॉ. मिश्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गिरती राजनीतिक स्थिति के कारण पार्टी के नेता हताशा में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को आत्ममंथन करने की सलाह देते हुए कहा कि व्यक्तिगत टिप्पणी से राजनीतिक स्तर गिरता है। भाजपा नेताओं ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की जनता से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो भाजपा इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएगी। अंत में नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान और मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की।

# युवक की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान सन्नी कुमार(18) के तौर पर हुई है। घटना डोभी थाना क्षेत्र की है। परिजनों के मुताबिक बुधवार को परिवार के साथ कंजियार गांव स्थित ननिहाल गया था। वहां आयोजित शादी समारोह में शामिल हुआ। बहुत खुश था। अचानक बिना किसी को कुछ बताए वहां से चला गया। कुछ देर बाद उसके पिता भी घर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी कोशिश के बाद भी नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर पिता चिंतित हो गए। किसी तरह दरवाजा खोला गया। अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। सन्नी फांसी के फंदे से लटका हुआ था। आनन-फानन में नीचे उतारकर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बहनोई प्रियोम कुमार ने बताया कि सन्नी बिल्कुल सामान्य था। शादी में सभी से हंसी-मजाक कर रहा था। किसी तरह की परेशानी की कोई बात सामने नहीं आई थी।

# सात जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 09069/09070 उधना-समस्तीपुर-उधना अनारक्षित स्पेशल (डीडीयू-पाटलिपुत्र- हाजीपुर-मुजफ्फरपुर के रास्ते) डीडीयू सहित विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 04.45 बजे उधना पहुंचेगी।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

Near Block Office, Block Road Bishrampur,
Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन / दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-03/2026-27(2nd Call)**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में चापाकल मरम्मती से संबंधित सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द के हिसाब से दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 30.04.2026 को समय 2:00 बजे अपराहन् नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक–30.04.2026 अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Equipment | Quantity | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Slender washer (5/2') | Pc | |
| 2 | Chain Mark -II | Pc | |
| 3 | TATA Pipe Socket (5/4') | Pc | |
| 4 | Tata Pipe (5/4') | Pc | |
| 5 | Head Handle Mark -II | Pc | |
| 6 | Connecting Rod 10' 12 MM | Pc | |
| 7 | M-Seal | Pc | |
| 8 | Plunger Set (Brass) | Pc | |
| 9 | Grease (200 g) | Pc | |
| 10 | Bearing (6204z) | Pc | |
| 11 | TVS Nut -Bolt | Pc | |
| 12 | Water Tank (5/4') | Pc | |
| 13 | Guard Valve Washer | Pc | |
| 14 | GM Washer | Pc | |
| 15 | GM Set (Brass) | Pc | |
| 16 | Cylinder Set | Pc | |
| 17 | Spindle (SS) | Pc | |
| 18 | Ring Washer (Leather) | Pc | |
| 19 | Guard Valve (Brass) | Pc | |
| 20 | Hacksaw Blade (12") | Pc | |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं https://udhd. jharkhand .gov.in/ULB/Bishrampur/ Bishrampur. aspx पर देखा जा सकता हैः–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR.NO.378290 District(26-27):D


# भतीजा ही निकला चोर, घटना का सफल उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भतीजा ने ही अपने चाचा के घर का ताला तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया था। टिकारी थाना की पुलिस तकनीकी व अन्य आधार पर विगत दिनों घटित हुई चोरी की घटना का सफल उद्भेदन किया। मामले में पुलिस ने दो चोर व चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार की गिरफ्तारी की। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 11 अप्रैल को सहवारा ग्राम निवासी रविंद्र कुमार द्वारा टिकारी थाना क्षेत्र स्थित उनके घर का ताला तोड़ चोरी किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की छानबीन की तो चोरी की घटना में रविंद्र कुमार का भतीजा ही चोर निकला। पुलिस ने शिकायतकर्ता के भतीजा मउ थाना क्षेत्र के सहवारा ग्राम निवासी अरुण कुमार के पुत्र सत्यम कुमार को पूछताछ कर गिरफ्तार कर ली। सत्यम की निशानदेही पर रामपुर थाना क्षेत्र के गेवलबिगहा निवासी राजेश डोम के पुत्र विकास कुमार व चोरी की गई सोने का जेवर खरीदने के आरोप में टिकारी बाजार के एक दुकानदार को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों से पूछताछ कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## फरार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्थानीय पुलिस ने कुतलुपुर गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे न्यायालय के वारंटी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तारी हुई। कागजी कार्यवाही के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली है।

# इन्टैक इंडिया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न

## 'ट्री ऑफ लाइफ' थीम पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** इन्टैक द्वारा देशभर के चैप्टर के लिए आयोजित 'इंडिया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन गया के डीएवी पब्लिक स्कूल कैंट एरिया परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में शहर के एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रो. मनीष सिन्हा ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्टैक द्वारा हर वर्ष इस तरह की चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'ट्री ऑफ लाइफ' रखा गया जिसके माध्यम से बच्चों ने प्रकृति, जीवन और पर्यावरण के प्रति अपनी समझ को चित्रों में उकेरा। उन्होंने बताया कि विजेता प्रतिभागियों की कृतियों को इन्टैक के वार्षिक कैलेंडर में प्रकाशित किया जाता है और उन्हें विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। विद्यालय की प्राचार्य अंजलि ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में चित्रकला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा को प्रोत्साहित करते हैं और उनकी कल्पनाशीलता को विकसित करते हैं। कार्यक्रम में गया की समृद्ध चित्रकला परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कन्वीनर डॉ. राकेश कुमार सिन्हा 'रवि' ने कहा कि गया क्षेत्र में चित्रकला का इतिहास अत्यंत प्राचीन रहा है। यहां पाषाणकालीन चित्रों के अवशेष बलथरवा, मण्डिका और परसिया जैसे क्षेत्रों में आज भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1836 में ब्रिटिश चित्रकार थॉमस डेनियल ने गया आकर अक्षयवट का चित्र बनाया था, जो आज भी इंडियन म्यूजियम में सुरक्षित है। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई जिसमें पहले चरण में चित्रकारी और दूसरे चरण में उससे संबंधित लिखित अभिव्यक्ति की परीक्षा ली गई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, कलाकार एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय की आचार्या डॉ. अलका मिश्र, डॉ. चंद्र प्रकाश, किलकारी गया के प्रधान डॉ. राजीव रंजन श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. रवि ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि गया की सांस्कृतिक विरासत में चित्रकला का विशेष स्थान रहा है। नई पीढ़ी का इससे जुड़ाव क्षेत्र के कलात्मक विकास को नई दिशा देगा।

# भामाशाह को डॉ. प्रेम कुमार ने बताया त्याग और राष्ट्रभक्ति का आदर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी टाउन अंतर्गत टिकारी रोड स्थित तैलिक साहू सभा भवन में आयोजित महान देशभक्त एवं दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह में भाग लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा का आदर्श सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल एक महान दानी ही नहीं, बल्कि परोपकार, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप का उल्लेख करते हुए कहा कि जब मेवाड़ के वीर योद्धा कठिन परिस्थितियों में संघर्ष कर रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर दी। यह योगदान राष्ट्रभक्ति की सर्वोच्च भावना का प्रतीक है जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में भामाशाह के आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव के साथ करें, ताकि राष्ट्र के समग्र विकास को गति मिल सके। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेकर अपनी ऊर्जा, ज्ञान और संसाधनों का उपयोग समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण में करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने भामाशाह के आदर्शों पर चलने और समाज में सेवा, सहयोग तथा समर्पण की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रणविजय साहू (प्रदेश अध्यक्ष, बिहार तैलिक साहू सभा सह विधायक, मोरवा), अजय साव (जिला अध्यक्ष, गया जी तैलिक साहू सभा), छोटन साहू (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), अरुण साव, शिशिर साव (प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी), प्रीति साहू, पुष्पा गुप्ता, किरण साव, गोपाल साव (जिला अध्यक्ष, तैलिक साहू सभा, गयाजी), कृष्ण कुमार साहू (जिला अध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, गया जी पूर्वी), सोनू साहू, राजेश कुमार साहू, ओम प्रकाश गुप्ता (नगर मंडल अध्यक्ष, बोधगया भारतीय जनता पार्टी), सरवन कुमार (जिला उपाध्यक्ष, तैलिक साहू सभा), मनजीत आनंद, गुड़िया देवी (प्रखंड प्रमुख, बोधगया), सुदेश साहू, अनीता देवी (प्रखंड प्रमुख, फतेहपुर), रवि साव (अध्यक्ष, नगर पंचायत फतेहपुर), वीरेंद्र साहू (मुखिया, खड़ीह पंचायत), उमेश साहू और बादल साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से एक्साइड बैटरी गोदाम में लगी आग, एक घंटे में पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** शहर के 47 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय परिसर के पीछे स्थित एक्साइड बैटरी के गोदाम में गुरुवार की सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग सुबह करीब 08:55 बजे लगी, जिसके बाद मौके पर तैनात सीआरपीएफ जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। 47 बटालियन सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर (सामान्य ड्यूटी) के नेतृत्व में जवान अग्निशामक यंत्र और अन्य उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन दल की टीम भी मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10:05 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजय कुमार साह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सीआरपीएफ जवानों, अग्निशमन दल और स्थानीय लोगों की तत्परता से स्थिति पूरी तरह नियंत्रित कर ली गई।


**NAME CHANGE**

I, Munna Sada s/o Guneshwar Sada vill- Santosh Badhchatar, PO- Khagaria, Alavli, Distt. - Khagaria, Bihar PIN 851204 have changed the name of my daughter namely Bittu Kumari age 14 years and she shall hereafter be known as Beauti Kumari.



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (आपदा प्रबंधन प्रभाग)

**अपील**

**गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो गया है, जिससे गर्म हवाएं/लू खतरनाक साबित हो सकती हैं। इसके प्रभावों को कम करने तथा रोकथाम के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतें :–**

**सुरक्षा के उपाय :–**

- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पीयें, प्यास न भी लगे तो भी पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें तो हल्के रंग एवं ढीले–ढाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें रहें।
- अधिक तापमान में कठिन काम न करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें।
- अगर आपका काम बाहर का है, तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरुर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर रखें।
- हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले फल जैसे–तरबूज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन न करें, जैसे – मांस व मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना पेय जैसे कि लस्सी, नमक–चीनी का घोल, छाछ, नींबू–पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क किए हुए वाहनों में अकेला न छोड़ें।
- जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में सतर्क रहें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए, तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।
- घर मे ओ0 आर0 एस0 का पैकेट जरुर रखें एवं उपयोग करें तथा सभी को इस्तेमाल का तरीका बतायें।
- दोपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट एवं जूता का प्रयोग करें।

**लू लगने पर क्या करें ?**

- लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर तंग कपड़े हों तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ओ0आर0एस0/नींबू–पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने व पीने को न दें।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार ना हो, तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाएं।

**किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/–
उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.378280 Palamu(26-27):D

संपादकीय

## मप्र : बेलगाम भाजपा नेता

मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता जिस तरह सार्वजनिक रूप से दबंगई दिखा रहे हैं और कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, वह खुद सरकार और उसके रसूख को ही चुनौती है। ऐसे में मामलों में पार्टी और जिम्मेदार लोगों का मौन कई सवाल खड़े करता है। क्योंकि जो सबकी आंखों के सामने हो रहा है, वह आम जनता को कौड़ी मोल समझने की निर्दय मानसिकता और सत्ता का मद है। पिछले कुछ सालों में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में ताजा घटनाक्रम पिछोर के भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का वायरल हुआ, वह वीडियो है, जिसमें वो एसडीओपी को ही सीधे धमकाते दिख रहे हैं। प्रीतम वीडियो में साफ कह रहे हैं कि वे करैरा के एसडीओपी के बंगले को 10 हजार लोगों को ले जाकर गोबर से भरवा देंगे। वो यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि मेरा मुक्का पहले ढाई किलो का था, अब यह ढाई सौ किलो का हो गया है। गौरतलब है कि हाल में प्रीतम के बेटे दिनेश लोधी ने अपने थार वाहन से पांच लोगों को टक्कर मार दी थी। इसकी व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी। इस मामले में पुलिस की सख्ती से नाराज होकर प्रीतम ने यह वीडियो जारी कराया है। बकौल प्रीतम उन्हें बताया जा रहा है कि उनके उद्दंड पुत्र के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिल्ली से आ रहे हैं। दरअसल, हाल ही में प्रीतम के बेटे ने थार वाहन से पांच लोगों को टक्कर मार दी थी। इस मामले में वो पुलिस की सख्ती से वे नाराज हो गए। उनका कहना है कि उन्हें बताया जा रहा है कि इस मामले में दिल्ली से निर्देश आ रहे हैं। ये निर्देश दिल्ली से ही क्यों आ रहे हैं? कौन दे रहा है? विधायक लोधी ने अपने बेटे की करतूत पर क्षमा मांगने की जगह पार्टी नेतृत्व से 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। इस बारे में जब मीडिया ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सवाल किया तो उनका जवाब था कि पार्टी ने इसका संज्ञान लिया है। ऐसे तत्वों पर पार्टी कोई कार्रवाई करेगी या नहीं, इस बारे में वो मौन रहे। वैसे राज्य में प्रीतम लोधी की दबंगई का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले खंडवा में भाजपा नेता लवकुश राठौर पर अपनी थार से एक कार को टक्कर मारकर हत्या करने का आरोप लगा, जिसे शुरू में सड़क हादसा माना जा रहा था, लेकिन बाद में जांच में हत्या का खुलासा हुआ। सतना के नागौद इलाके में भाजपा मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन पर एक महिला के साथ सरेआम मारपीट करने का आरोप लगा। इसी तरह अशोकनगर में भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण यादव पर रात के अंधेरे में एक महिला के घर में घुसकर बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगा। सागर जिले बीजेपी के एक नेता ने ढाबे पर अंधाधुंध फायरिंग की। भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाहा द्वारा भिंड में कलेक्टर को मुक्का दिखाने और महगंज विधायक प्रदीप पटेल द्वारा पुलिस के खिलाफ धरना देने के मामले सामने आए हैं। विपक्षी कांग्रेस ने इसे राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं को 'गुंडागर्दी का लाइसेंस' बताया है। सवाल ये है कि भाजपा नेता क्या अब सत्ता के मद में शिष्टाचार और नैतिक मर्यादाओं को भी भूल गए हैं। वैसे भी प्रीतम लोधी की भाषा सीधे-सीधे राज्य के मुख्यमंत्री को भी चुनौती है, क्योंकि गृह विभाग उन्हीं के पास है और पुलिस की साख कायम रखने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। उम्मीद की जाए कि सरकार पार्टी के ऐसे उद्दंड तत्वों के साथ सख्ती से साथ पेश आएगी। खामोशी से ही सही, जनता सब देख रही है।

# महिला आरक्षण की फिर वही परिणति क्यों?

**लगभग 12 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा किया कि विधेयक के पक्ष में 298 तथा विरोध में 230 मत पड़े। हालांकि सदन के बहुमत में विधायक के पक्ष में वोट डाला किंतु संविधान संशोधन विधेयक होने के कारण दो तिहाई बहुमत यानी चाहिए था और इसलिए यह पारित नहीं हो सका। यानी कुल 528 लोकसभा सदस्य उपस्थित थे तो 352 सदस्यों का समर्थन चाहिए था वैसे उपस्थिति से 34 ज्यादा सांसदों ने सरकार के पक्ष में वोट डाला। अगर सामान्य विधेयक होता तो पारित हो गया होता।**

अवधेश कुमार

1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो निष्कर्ष यही है वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है। किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता। इसके लिए हमें 2034 की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

दरअसल, 2023 के अधिनियम में यह प्रावधान था कि अगली जनगणना और फिर परिसीमन हो जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा। तब अनुमान यह था कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया 2029 तक पूरी हो चुकी होगी इसलिए इसे लागू करने में समस्या नहीं होगी। चूंकि यह पूरी नहीं हुई तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान संशोधन के जरिए तत्काल लागू करने का रास्ता चुना। पूरे प्रकरण का कठोर सच यह है कि इन तीनों विधेयकों में ऐसा कुछ नहीं था जिसको आशंका की दृष्टि से देखा जाए और जिसका इस सीमा तक विरोध हो कि काले झंडे और काले बिल्ले तक पार्टियां व सांसद लगा लें। इनमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा की सीटों की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान करता था जिनमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें थीं। दूसरा,परिसीमन विधेयक, 2026 नई जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए परिसीमन आयोग के गठन का प्रावधान करता था। और तीसरा,केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में महिला आरक्षण लागू करने के लिए था। विपक्ष का मुख्य विरोध पहले विधेयक से था। वस्तुतः संसद का विशेष सत्र आरंभ होने के पहले ही विपक्ष ने अविश्वसनीय रूप से विरोधी रख अपनाकर अपने संसदीय व्यवहार का संकेत दे दिया था। विपक्ष के सभी नेताओं ने, जिनमें महिला सांसद भी शामिल हैं नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन संबंधी विधेयकों का जैसा विरोध किया उसमें साफ हो गया कि इनका पारित होना संभव नहीं है। भाजपा के मंत्रियों ने विपक्ष के नेताओं से बात करनी शुरू की। स्वयं प्रधानमंत्री ने दो पोस्ट से अपील की। इसके पहले वे अपने भाषण में अपील कर चुके थे कि श्रेय आप लोग ले लीजिए लेकिन महिला आरक्षण में बाधा मत बनिए। उन्होंने यहां तक कहा कि मैं इसके लिए तैयार हूं कि कल आप सबकी तस्वीर समाचार पत्रों में छपवाकर श्रेय दूंगा। लेकिन विपक्ष पहले से मन बनकर बैठा था। उन्होंने अपनी अपील में लिखा कि अपने घर में मां-बहन-बेटी -पत्नी सबको देखिए और उनके अधिकार के लिए विचार कर मतदान करिए।



निष्पक्ष होकर विवेक, तथ्य और तर्क के साथ विचार करनेवालों का निष्कर्ष है कि पूरा विरोध एकपक्षीय अतिवाद से ग्रस्त रहा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो इसे देश विरोधी और देश को बांटने वाला विधायक तक करार दिया। उन्होंने कहा कि ये देश का भूगोल बदलना चाहते हैं जो हम कभी नहीं होने देंगे। इससे अधिक अतिवादी वक्तव्य और कुछ नहीं हो सकता। उनका भाषण भाजपा के वरिष्ठ सांसदों को भी इतना आपत्तिजनक लगा कि राजनाथ सिंह जैसे नेताओं को लोकसभा अध्यक्ष से अपील करनी पड़ी कि इन्हें रिकॉर्ड से हटाया जाए। राहुल गांधी के भाषण के एक बड़े अंश को असंसदीय करार देकर हटा दिया गया। सदन में विपक्ष के नेता के भाषण के अंशों को असंसदीय श्रेणी में ला दिया जाए इससे दुखद स्थिति कुछ नहीं हो सकती। अगर इरादा विधेयक पर बहस कर इसमें उचित संशोधन करना हो तो आपके भाषण में उससे संबंधित सुझाव होते हैं। सरकार की राजनीतिक आलोचना में समस्या नहीं है। किंतु पूरी बहस सामान्य आलोचना ही नहीं विधेयक के विषय वस्तु से भी काफी दूर चला गया था। प्रश्न उठाया जा रहा था कि आखिर 850 सीटों का आपका आधार क्या है? इसी तरह के दक्षिण के राज्यों को इसमें नजरअंदाज किया जा रहा ? बजट सत्र में गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेताओं से बातचीत शुरू की तो बताया होगा कि हर राज्य की 50 प्रतिशत लोकसभा एवं विधानसभा की सीटें बढ़ाने का फार्मूला तय हुआ है। सोचा गया कि आज परिसीमन हो तो लोकसभा एवं विधानसभाओं की कितनी सीटें बढ़ सकतीं हैं। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर उत्तर प्रदेश की सीट 80 से 120 हो रही है तो तमिलनाडु की 39 से 59। इसी तरह अन्य राज्यों के भी विवरण दिए गए। हंगामा इस पर भी था कि 2011 की जनगणना को आधार क्यों बनाया गया? गृह मंत्री का उत्तर था कि 2011 की जनगणना का आधार बनाते तो तमिलनाडु की सुट केवल 49 होती। यही सच है।

यहां दो बातें समझने की है। एक, वर्तमान 543 सीटों में 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दिया गया? 2023 में जब विधेयक पारित हुआ तभी उसमें जनगणना और परिसीमन का प्रावधान था। विपक्ष ने विरोध नहीं किया? 1996 से उसके विरोध के पीछे सबसे बड़ा कारण यही था कि आपसी बातचीत में नेता बोलते थे कि 543 में से 33 प्रतिशत महिलाओं को मिल गया तो अनेक पुरुष नेताओं को घर बैठ जाना पड़ेगा और राजनीति का नाश हो जाएगा। पिछड़ों के आरक्षण आदि का बहाना बनाया गया। तो पुराने अनुभवों का ध्यान रखते हुए मोदी सरकार ने रास्ता निकाला कि 543 सीटें जस की तस रहें और बढ़ी 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होश सहमति हुई तभी 2023 में कानून बन सका। आज यह तर्क देने वाले अपनी सरकारों में इसके लिए तैयार नहीं थे। 1996 में विरोध करने वाले उस संयुक्त मोर्चा सरकार के साथी थे तो 2008 से 2010 तक विरोध करने वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के साथी। इनमें समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कुछ समय तक जनता दल यूनाइटेड अग्रणी रहे। दूसरे दलों के सांसद भी साथ देते रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 1998 और 1999 में महिला आरक्षण विधेयक चलाया किंतु आम सभमति नहीं बन सकी। 2010 में राज्यसभा में भाजपा के समर्थन से विधेयक पारित हुआ किंतु उनके साथी दलों ने विरोध किया और लोकसभा में पारित करना मुश्किल था। इस पृष्ठभूमि को जानने वाले यह प्रश्न नहीं उठाएंगे। दूसरे, हर 10 वर्ष पर संविधान लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों के जनसंख्या के आधार पर परिसीमन का प्रावधान करता है। 1971 तक नियमित होता रहा। 1976 में आपातकाल के समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार ने 42वां संशोधन कर 2001 तक लोकसभा एवं विधानसभाओं की सीटें न बढ़ाने का प्रावधान कर दिया। इस कारण 1981 और 91 में परिसीमन आयोग का गठन नहीं हुआ। 1976 में लगभग 57.5 करोड़ आबादी थी और आज 140 करोड़ से ऊपर। क्या उस आधार पर आज लोकसभा या विधानसभाओं की सीटें होनी चाहिए? 2001 में वाजपेयी सरकार ने भी परिसीमन आयोग तो बनाया लेकिन केवल क्षेत्र का समायोजन हुआ संख्या नहीं बढ़ाई। हर सरकार इस विषय को स्पर्श करने से घबराती रही, क्योंकि दक्षिणी राज्यों की आबादी उत्तर के अनुपात में कम होने के कारण उनको सीटें कम मिलती और विरोध होता। मोदी सरकार ने उसी का रास्ता निकाला। थोड़े शब्दों में कहें तो अगर दल वाकई महिला आरक्षण के पक्ष में होते तो विरोध जताते हुए कुछ संशोधन डालकर पारित कर देते। सीटों की संख्या की लिखित गारंटी के प्रश्न पर गृह मंत्री ने कहा कि आप विधेयक पारित करते हैं तो हम नया संशोधन सीटों की संख्या डालकर पेश करने को तैयार हैं। वास्तव में यह कहीं पे निशाना कहीं पे निगाहें वाली बात थी। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों को दिखाना था कि हम संसद में नरेंद्र मोदी सरकार को पराजित कर सकते हैं। किसी नेता ने महिलाओं को आरक्षण न मिलने पर अफसोस प्रकट नहीं किया। श इसे लोकतंत्र की विजय बताते हुए नए दौर की शुरुआत बताया जा रहा है। प्रियंका वाड्रा ने इसे ऐतिहासिक दिन जताया। थोड़े शब्दों में कहें तो महिलाओं के आरक्षण पर विरोधियों का जो रुख हमने 1996 से देखा लगभग वही अलग रूपों में फिर संसद में था और इसी की परिणति विधेयक के गिरने के रूप में सामने आई।

अध्यात्म

## सतगुरु की कृपा से कैसे चोर राजा बना



एक बार एक चोर ने गुरु से नाम ले लिया, और बोला गुरु जी चोरी तो मेरा काम है ये तो नहीं छूटेगी मेरे से अब गुरु जी बोले ठीक है मैं तुझे एक दूसरा काम देता हुं, वो निभा लेना बोले पराई इस्त्री को माता बहन समझना चोर बोला ठीक है जी ये मैं निभा लूंगा। एक राजा के कोई संतान नहीं थी तो उसने अपनी रानी को दुहागण कर रखा था 10-12 साल से बगल मे ही एक घर दे रखा उसमे रहती और साथ ही सिपाहियों को निगरानी रखने के लिए बोल दिया। उसी चोर का उस रानी के घर मे जाना हुआ रानी ने देखा के चोर आया है। उधर सिपाहियों ने भी देख लिया के कोई आदमी गया है रानी के पास तो राजा को बताया राजा बोला मैं छुप-छुप के देखूंगा। अब राजा छुप छुप के देखने लगा। रानी बोली चोर को कि तुम किस पे आये हो चोर बोला ऊंट पे तो रानी बोली की तुम्हारे पास जितने भी ऊंट हैं मैं सबको सोने चांदी से भरवां दूंगी बस मेरी इच्छा पुरी कर दो। तो चोर को अपने गुरु का पर्ण याद आ गया बोला नहीं जी आप तो मेरी माता हो जो पुत्र के लायक वाली इच्छा हो तो बताओ और दूसरी इच्छा मेरे बस की नहीं है। राजा ने सोचा वाह चोर होके इतना ईमानदार राजा ने उसको पकड़ लिया और महल ले गया बोला म तेरी ईमानदारी से खुश हुं तू वर मांग। चोर बोला जी आप दोगे पक्का वादा करो राजा बोला हाँ मांग। चोर बोला मेरी मा को जिसको आपने दुहागण कर रखा है उसको फिर से सुहागन कर दो। राजा बड़ा खुश हुआ उसने रानी को बुलाया और बोला रानी मने तुझे भी बड़ा दुख दिया है तू भी मांग ले कुछ भी आज तो रानी बोली के पक्का वादा करो दयोगे और मोहर मार के लिख के दो के जो मांगूंगी वो दयोगे। राजा ने लिख के मोहर मार दी। रानी बोली राजा हमारे कोई औलाद नहीं है इस चोर को ही अपना बेटा मान लो और राजा बना दो। अब सतसंगियों गुरु के एक वचन की पालना से राज दिला दिया। अगर हमारा विस्वाश है तो दुनिया की कोई ताक़त नहीं जो हमें डिगा दे सतगुरु का खुटा अपने सिर पर रखो।

# असंतुलित विकास और पारिस्थितिकी विनाश

**पृथ्वी मनुष्य जाति का निवास स्थान है।यह एक ऐसा ग्रह है जहां जीवन है। यही पृथ्वी प्रकृति है। प्रकृति ही मनुष्य जाति के लिए जीने की चीजें जुटाती है। किन्तु आज पृथ्वी का पर्यावरण खतरे में है। हम एक ऐसे समय में रह रहे हैं जब संपूर्ण पारिस्थितिकी विनाश की संभावना के बारे में चर्चा करना जरूरी है। हमारी वर्तमान सामाजिक व्यवस्था, मानव स्वतंत्रता और प्रकृति के साथ मानवीय संबंध यांत्रिक दृष्टिकोण में उलझी हुई है, जो सीधे तौर पर पारिस्थितिक अनिवार्यता के विपरीत है। हम जीवित हैं क्योंकि प्रकृति जीवित है। पृथ्वी हमें जीवन देती है। हम पृथ्वी का अभिन्न अंग हैं क्योंकि हम सांस, पानी और पोषण जैसी जीवनदायी चीजों के माध्यम से गहराई से जुड़े हुए हैं। चूंकि हम जीवनयापन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं, इसलिए प्रकृति का विनाश भोजन और पानी, जीवन और आजीविका के मानव अधिकारों का उल्लंघन है।**

राज कुमार सिन्हा

हम प्रकृति को अधिकार नहीं देते। धरती माता के अपने अधिकार हैं। हमें उनके नियमों को पहचानना और उनके अनुसार जीवन जीना होगा। वैश्विक प्रकृति संरक्षण सूचकांक 2024' की रिपोर्ट में 180 देशों में भारत को 176 वें स्थान पर रखा गया है। भारत का सबसे निचले स्थान पर होना मुख्य रूप से अकुशल भूमि-प्रबंधन और जैव-विविधता पर बढ़ते खतरों के कारण है।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी की जीवन-सहायक प्रणालियां इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि यह ग्रह अब असुरक्षित होता जा रहा है। वैज्ञानिकों के आकलन के अनुसार, मानव-जनित प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के कारण नौ में से छह 'ग्रहीय सीमाएं' टूट चुकी हैं। ये सीमाएं जलवायु, जल और जैव-विविधता जैसी प्रमुख वैश्विक प्रणालियों से जुड़ी हैं, जो पृथ्वी को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन सीमाओं के टूटने का अर्थ है कि पृथ्वी उस सुरक्षित और स्थिर अवस्था से बहुत दूर जा चुकी है, जो लगभग 10,000 वर्ष पूर्व अंतिम हिमयुग के अंत से लेकर औद्योगिक क्रांति के प्रारंभ तक विद्यमान थी। पिछले 50 वर्षों में पृथ्वी से आधे से अधिक पक्षी, स्तनधारी, सरीसृप, उभयचर और मछलियां लुप्त हो चुकी हैं। वर्तमान में विलुप्त होने की दर मानव-पूर्व काल की तुलना में 100 से 1000 गुना अधिक है, जो डायनासोर के विलुप्त होने के बाद से सबसे बड़ी विलुप्ति घटना मानी जा रही है। इसका सीधा प्रभाव हमारी खाद्य और जल सुरक्षा पर पड़ रहा है, साथ ही यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनता जा रहा है।स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2025 के अनुसार पृथ्वी का मौसम अब तक के देखे गए इतिहास में किसी भी समय की तुलना में कहीं ज्यादा असंतुलित हो गया है, ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा के कारण वायुमंडल और महासागर लगातार गर्म हो रहे हैं और बर्फ पिघल रही है। इस रिपोर्ट में पहली बार, पृथ्वी के 'ऊर्जा असंतुलन' को जलवायु के प्रमुख संकेतकों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अब पृथ्वी की ऊर्जा में असंतुलन पिछले 65 सालों के रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा है।

पारिस्थितिकी विज्ञान और प्राचीन ज्ञान दोनों ही हमें सिखाते हैं कि समस्त जीवन मिट्टी पर निर्भर करता है। जीवित मिट्टी एक जटिल खाद्य श्रृंखला है जो जीवन से भरपूर है। मिट्टी में मौजूद यही जीवन मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित करता है और पौधों को पोषक तत्व उपलब्ध कराता है, जिससे हमारी कृषि को सहारा मिलता है। कृषि क्षेत्र 'ग्रीनहाउस गैसों' का एक प्रमुख स्रोत बन चुका है, जिससे भविष्य में खाद्य सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम या बंद करने से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को घटाया जा सकता है। इसके विकल्प के रूप में 'प्राकृतिक खेती' एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की जल-धारण क्षमता बढ़ती है, जिससे जल-संरक्षण होता है और सूखा व बाढ़ जैसी चरम मौसमी घटनाओं के प्रति लचीलापन भी बढ़ता है। यह जैव-विविधता को बढ़ावा देती है और फसलों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाती है। विविध फसलों की खेती मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है तथा कीटों और बीमारियों को नियंत्रित करने में सहायक होती है। धरती की 'किडनी' कहे जाने वाले वेटलैंड (आर्द्रभूमि) आज उपेक्षा का शिकार हैं। गांवों और शहरों में इन आर्द्रभूमियों को पाटकर खेती और आवास के लिए उपयोग किया जा रहा है। जबकि ताल-तलैया, जलाशय और तटीय क्षेत्र न केवल हजारों जैविक इकाइयों का आश्रय हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आर्द्रभूमियां कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर तापमान को कम करने और प्रदूषण घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दलदली भूमि की कार्बन अवशोषण क्षमता जंगलों की तुलना में लगभग दोगुनी होती है। पृथ्वी की अर्थव्यवस्था पर भी इस संकट का गहरा प्रभाव पड़ रहा है। धरती को बर्बाद करता प्लास्टिक का 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादन जीवाश्म ईंधनों जैसे तेल और गैस से किया जाता है, जिससे हमारे रोजमर्रा के प्लास्टिक उपयोग का सीधा संबंध खनन एवं उत्खनन उद्योगों, बढ़ते उत्सर्जन, प्रदूषण और पर्यावरणीय अन्याय से जुड़ जाता है। प्लास्टिक के पूरे जीवनचक्र कच्चे संसाधनों के उत्खनन और उत्पादन से लेकर उपयोग के बाद निपटान तक का अध्ययन यह दर्शाता है कि औद्योगिक और नीतिगत निर्णय इन प्रभावों को किस प्रकार आकार देते हैं। समुद्र पृथ्वी की सतह का 71 प्रतिशत भाग घेरते हैं, जबकि मात्र एक चौथाई भूमि ही हमारे प्रत्यक्ष उपयोग में आती है। इसके बावजूद हम प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक और असंतुलित दोहन कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक कोरी ब्रैडशॉ के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि मानव आबादी पृथ्वी की दीर्घकालिक वहन क्षमता से अधिक हो चुकी है। इस अध्ययन में दो शताब्दियों के जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि वर्तमान उपभोग स्तरों के साथ पृथ्वी मानवता को स्थायी रूप से सहारा नहीं दे सकती। पृथ्वी प्रणाली की स्थिरता, लचीलापन और मानव कल्याण आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं, लेकिन इस परस्पर निर्भरता को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। यदि संसाधनों का न्यायपूर्ण और संतुलित उपयोग किया जाए, तो सभी के लिए गरीबी उन्मूलन और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। सभी के लिए संसाधनों की उपलब्धता और पृथ्वी की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि आर्थिक और तकनीकी बदलावों के साथ-साथ जल और पोषक तत्वों जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच में असमानताओं को कम किया जाए। ÷सुरक्षित और न्यायसंगत स्थान÷ की अवधारणा इसी दिशा में एक वैज्ञानिक आधार प्रदान करती है। महात्मा गांधी के विचार आज भी इस संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनका मानना था कि मनुष्य को प्रकृति से केवल अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही लेना चाहिए, न कि लालच या अति-उपभोग के आधार पर। उन्होंने सादगी, आत्मसंयम और संतुलित जीवनशैली को महत्व दिया। गांधी ने अंधाधुंध औद्योगिकीकरण और मशीनों पर अत्यधिक निर्भरता के प्रति चेतावनी दी थी। वे 'स्वदेशी' और 'ग्राम स्वराज' के समर्थक थे, जहां स्थानीय संसाधनों का टिकाऊ उपयोग ही समाज और पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी होता है। ÷कम से कम लेना और ज्यादा से ज्यादा देना÷ सतत विकास का मूल मंत्र है– ऐसा विकास जिसमें पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीना कोई नया विचार नहीं है। आदिवासी समुदाय सदियों से इस जीवनशैली का पालन करते आए हैं। वे प्रकृति के चक्रों और संतुलन को समझते हैं और केवल उतना ही लेते हैं जितना आवश्यक होता है, बाकी प्रकृति के लिए छोड़ देते हैं। परिस्थितियां यह सोचने पर मजबूर करता है कि पृथ्वी को बचाने के लिए हमें अपने जीवन के तरीके, उपभोग के पैटर्न और विकास की दिशा में तत्काल बदलाव लाने होंगे। प्रकृति के विरुद्ध हिंसा और पारिस्थितिक न्याय के सिद्धांतों के उल्लंघन को अंतर्राष्ट्रीय कानून में पारिस्थितिक विनाश के अपराध के रूप में परिभाषित करने के लिए एक आंदोलन जोर पकड़ रहा है। दुनिया भर में लोग पारिस्थितिक तंत्रों को होने वाले नुकसान और विनाश को रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं, जो मनुष्यों सहित प्रजातियों के स्वास्थ्य और कल्याण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ सकता है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य समय पर न होने से अशान्ति का वातावरण बन सकता है।

**वृषभ**
परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। उच्च अधिकारी आपके कार्य में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आलोचनाओं से आपको दुखी नहीं होना चाहिये।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको आचार-विचार के कारण आलोचना झेलनी पड़ेगी। परिवार में अशान्ति का वातावरण रहेगा।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अपनों से बड़ों का आदर करें। काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह**
आर्थिक लेन-देन में चूक परेशानी का कारण बन सकती है। महिलाओं को इलाज में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिये। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

**कन्या**
आपकी आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का स्थानान्तरण हो सकता है। व्यावसायिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुला**
अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। सुख-सुविधाओं में कमी आयेगी। उल्टी और दस्त की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक**
परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रेम सम्बन्धों को आप अत्यधिक समय देंगे।

**धनु**
व्यवसाय में कमी होने के कारण थोड़ा तनाव होगा। गलतफहमी के कारण आपके सम्बन्धों में खराबी आ सकती है। जल्दबाजी में काम करने के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**मकर**
करियर में उत्तम अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है। आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। अपनी योग्यता और प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें।

**कुंभ**
आपका स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है। विवादों से नये सम्बन्धों को लेकर समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है।

**मीन**
वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ सकती है। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मनोरञ्जक गतिविधियों में धन खर्च होगा।

# जमुई की ऐतिहासिक धरोहरों को मिली नई पहचान

## ‘ज्ञान भारत मिशनम’ अभियान से खुल रहे इतिहास के अनछुए पन्ने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संचालित ज्ञान भारत मिशनम अभियान के तहत चलाए जा रहे दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपि सर्वेक्षण के दौरान एक अनमोल खोज ने इतिहास प्रेमियों और शोधकर्ताओं को रोमांचित कर दिया है। मलयपुर निवासी कृष्णकांत मिश्र के निजी संग्रह से मुगलकालीन दो अत्यंत दुर्लभ हस्तलिखित शाही फरमान प्राप्त हुए हैं, जो क्रमशः मुगल सम्राट शाहजहाँ और शाह आलम द्वितीय के शासनकाल से संबंधित बताए जा रहे हैं। ये दस्तावेज फारसी लिपि में लिखे गए हैं और इनकी प्राचीनता एवं ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए जिला पांडुलिपि सर्वेक्षण समिति द्वारा इन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित (अपलोड) कर लिया गया है। इन दुर्लभ दस्तावेजों की पृष्ठभूमि साझा करते हुए संग्रहकर्ता कृष्णकांत मिश्र ने बताया कि यह विरासत उनके परिवार द्वारा कई पीढ़ियों से अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ सुरक्षित रखी गई है। उन्होंने बताया कि इन शाही फरमानों का संबंध बनारस की प्रसिद्ध ‘कंगन की हवेली’ से जुड़ा हुआ है, जिसे आमेर के महान शासक राजा मानसिंह प्रथम ने उनके पूर्वजों को उपहार स्वरूप प्रदान किया था। उसी गौरवशाली कालखंड में उनके परिवार को मुगल शासकों द्वारा समय-समय पर ये फरमान प्रदान किए गए थे। हालांकि इन दस्तावेजों का विस्तृत अनुवाद अभी विशेषज्ञों द्वारा किया जाना शेष है, लेकिन इनकी प्राप्ति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जमुई का इतिहास केवल सीमित कालखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रागैतिहासिक युग से लेकर मुगलकाल और आधुनिक समय तक निरंतर समृद्ध और जीवंत रहा है। यह खोज जिले के इतिहास को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान करती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी श्री नवीन ने कहा कि अब समय आ गया है कि जमुई की पहचान को नक्सलवाद जैसे संकुचित दृष्टिकोण से बाहर निकालकर उसके वास्तविक सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और बौद्धिक वैभव के रूप में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारत मिशनम का मूल उद्देश्य ही गांव-गांव में छिपी ऐसी अमूल्य धरोहरों को खोजकर उन्हें विश्व पटल पर लाना है, ताकि जमुई के वास्तविक स्वरूप से दुनिया को परिचित कराया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान केवल पांडुलिपियों के संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले के स्वाभिमान को पुनर्जीवित करने और उसकी सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने का एक व्यापक प्रयास है। यह पहल आने वाले समय में जमुई को एक समृद्ध ऐतिहासिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है। अभियान की सफलता को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी ने मीडियाकर्मियों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से मीडिया से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और जिन परिवारों के पास भी कोई प्राचीन पांडुलिपि, शिलालेख या ऐतिहासिक दस्तावेज सुरक्षित हैं, वे आगे आकर इसे साझा करें। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी किसी भी धरोहर को अपने अधिकार में नहीं लिया जाएगा, बल्कि उसे डिजिटल रूप में संरक्षित कर उसके मूल स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रयास से न केवल जमुई की ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित होगी, बल्कि उसे वह सम्मानजनक स्थान भी मिलेगा, जिसकी वह सदियों से अधिकारी रहा है।

# भगवान तिरुपति बालाजी की उत्सव प्रतिमा पहली बार पहुंचेगी मुंगेर

## 69 सालों बाद स्वामी सत्यानंद सरस्वती का पदार्पण महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मुंगेर।** योग नगरी मुंगेर एक बार फिर इतिहास रचने जा रही है ।5 और 6 मई को गंगा तट पर स्वामी सत्यानंद सरस्वती के पदार्पण महोत्सव के अवसर पर भव्य श्रीनिवास कल्याणोत्सव का आयोजन होगा। स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने 1957 में पहली बार मुंगेर की धरती पर कदम रखा था और 1963 में बिहार योग विद्यालय की स्थापना कर इसे वैश्विक योग केंद्र बना दिया। इस बार महोत्सव को खास बना रहा है तिरुमला तिरुपति देवस्थानम से आ रही भगवान तिरुपति बालाजी की उत्सव प्रतिमा। स्वामी शिवध्यानम, जिलाधिकारी निखिल धनराज और आयोजक समिति के गौरव शर्मा ने बताया कि 6 मई को पोलो मैदान में श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था होगी। पादुका दर्शन में जहां भगवान के विवाह का विधि विधान संपन्न कराई करवाया जाएगा। जिसका सीधा प्रसारण सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लाइव प्रसारण और शाम 4 से 6 बजे तक प्रत्यक्ष दर्शन का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन भी इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर पूरी तरह तैयार है। डीएम निखिल धनराज के नेतृत्व में ट्रैफिक, सुरक्षा, पेयजल और शौचालय की विशेष व्यवस्था की जा रही है ।वहीं बुजुर्ग और असहाय श्रद्धालुओं के लिए टोटो सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। महोत्सव की पूर्व संध्या यानी 5 मई को पोलो मैदान में होगा हाईटेक आकर्षण ।350 ड्रोन से सजे आसमान में मुंगेर के धार्मिक स्थलों की जीवंत आकृतियां उकेरी जाएंगी। जो इस आयोजन को और भी भव्य बना देंगी। मुंगेर, जिसे कभी राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने ‘योग नगरी’ का दर्जा दिया था। आज वही मुंगेर एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा और आस्था का केंद्र बनने जा रहा है भगवान तिरुपति बालाजी की उपस्थिति और श्रीनिवास कल्याणोत्सव के साथ मुंगेर में यह आयोजन न सिर्फ ऐतिहासिक होगा।

# पैक्स अध्यक्ष की जीत पर बंटी मिठाइयां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पहसारा पश्चिमी पैक्स अध्यक्ष पद पर सुनीत कुमार सिंह की जीत के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने गांव के विभिन्न स्थानों पर उत्सव मनाया और लोगों के बीच और पैक्स पर किसानों के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। गांव के प्रमुख चौक-चौराहों, मंदिर परिसर तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान जश्न का माहौल बना रहा और समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की।स्थानीय लोगों ने बताया कि सुनीत कुमार सिंह की जीत से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को समय पर सुविधा, धान खरीद में पारदर्शिता, हर किसानों तक योजना, पैक्स कार्यालय को सक्रिय बनाना, युवाओं महिलाओं को जोड़ना के साथ साथ विकास और किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। मौके पर लोजपा के जिल महासचिव चंदन कुमार और जीडी हॉस्पिटल के डायरेक्टर अमित कुमार ने कहा कि इस बार ईमानदार छवि के पैक्स अध्यक्ष को मौका मिला है उनसे किसानों को बहुत उपेक्षा है वह किसानों हरेक सुख दुख में साथ देंगे और किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करेंगे।

# सुभाष पासवान बने युवा जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जमुई।** बिहार की राजनीति में अपनी सक्रियता और वैकल्पिक सोच के लिए पहचान बना रही जनसुराज पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जमुई जिले के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और जमीनी नेता सुभाष पासवान को युवा प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिल रहा है। सुभाष पासवान का सामाजिक और राजनीतिक जीवन लंबे समय से जनसरोकारों से जुड़ा रहा है। उन्होंने क्षेत्र में युवाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। उनकी सादगी, संघर्षशील व्यक्तित्व और जनहित के प्रति समर्पण ने उन्हें एक भरोसेमंद नेता के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें इस अहम पद के लिए चुना, जिससे संगठन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उनकी नियुक्ति के बाद जमुई ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार से बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया है। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में युवा वर्ग अधिक मजबूती से पार्टी से जुड़ेगा और संगठनात्मक ढांचा और सशक्त होगा। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर समेत वरिष्ठ नेताओं ने सुभाष पासवान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी जमीनी पकड़ और अनुभव पार्टी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और युवाओं को एक सकारात्मक राजनीतिक दिशा प्राप्त होगी। युवाओं की आवाज बनेंगे सुभाष पासवान युवा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सुभाष पासवान अब राज्यभर के युवाओं को एक मंच पर लाने, उनकी समस्याओं को मुखर रूप से उठाने और उन्हें राजनीतिक रूप से जागरूक करने का कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से उत्तम कुमार, प्रकाश सिन्हा, एन.डी. मिश्रा, अनिल साहू, राहुल सिंह, जमादार सिंह, संजीव सिंह, आलोक सिंह, सकलदेव यादव, सत्येंद्र कुशवाहा, मोहम्मद नौशाद आलम, मोहम्मद परवेज, रजनीश सिंह एवं मनोज कुमार शामिल हैं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी। पार्टी का मानना है कि बिहार के समग्र विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में सुभाष पासवान जैसे ऊर्जावान और जमीनी नेता के हाथों में युवा नेतृत्व सौंपना संगठन के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। सुभाष पासवान को युवा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय न केवल संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं के बीच पार्टी की पकड़ को भी और अधिक मजबूत करेगा।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-4-2026-27, दिनांक 20.04.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.:** ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-4-2026-27, **कार्य का नामः** सियालदह मंडल के तहत ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार के लिए विविध टीआरडी कार्य के संबंध में 25 केवी ओएचई की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति एवं स्थापना तथा संबंधित विद्युतीय कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्यः** रु. 3,58,85,703; **बयाना राशिः** रु. 7,17,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 12 महीने। **बंद होने की तारीखः** 21.05.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

(SDAH-17/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मंदिर और मस्जिद में की गई शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत प्रसिद्ध मां बटेश्वरी काली मंदिर तथा नावकोठी के जामा मस्जिद परिसर में आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) सिस्टम स्थापित किया गया है।इस आरओ प्लांट का उद्घाटन नावकोठी पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि इन दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही होती है, लेकिन अब तक यहां शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए पंचायत निधि से वोल्टास कंपनी का आरओ इंस्टॉल कराकर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पहल की गई है। उन्होंने आगे कहा कि इस व्यवस्था से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को भी स्वच्छ पानी का पीने की सुविधा प्राप्त होगी। पंचायत की प्राथमिकता है कि आम लोगों की मूलभूत जरूरतों को हर स्तर पर पूरा किया जाय। इस अवसर पर मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष सनोज कुमार, उपाध्यक्ष तरुण कुमार, सचिव कुमोद कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज पाठक, राम विलास सिंह उर्फ टुन-टुन सिंह, टुन्नी सिंह, उप मुखिया विजय सहनी, शत्रुघ्न कुमार, महेश महतो, सुधीर रजक, संजीत कुमार, रीशु कुमार, गौतम राज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं जामा मस्जिद की ओर से इमाम असगर, सलमान खान, मो. इकबाल, मोहम्मद अमजद, कारी मियां सहित अन्य लोगों की भी मौजूदगी रही।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। साथ ही साथ क्षेत्र के लोगों ने इस पहल की काफी सराहना की।

# मां ने नहीं दिये दो हजार रुपए तो इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगा की खुदकुशी

## पुलिस मामले की कर रही जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** आदर्श जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती निवासी योगेंद्र प्रसाद सिंह का छोटा पुत्र 30 वर्षीय कुमार गौरव जो कि इंजीनियरिंग कॉलेज लखीसराय का छात्र है। उसने गुरुवार के सुबह घर के तीसरी मंजिल पे बने कमरे में फंसी लग खुदकुशी कर लिया। उसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अभी घर पे आया हुआ था और आज उसने मां से 2000 रुपया मांगा तो मां ने कहा कि एक दिन पहले ही तुमको 2000 रुपया दिया अभी पेमैंट भी नहीं आया है। जब आयेगा तो ले लेना पर वह जिद्द पर अड़ गया और वहां खड़ा स्कूटी में लात मार स्कूटी को गिरा दिया और ऊपर वाले कमरे में चला गया। जब काफी देर तक वह वापस नहीं आए तो जा के देखा गया कि रूम अंदर से बंद है और अंदर से कोई आवाज नहीं दे रहा है। तो सभी ने मिल रूम को तोड़ा तो पाया कि कुमार गौरव ने बहन के दुपट्टे से फांसी लगा आत्म हत्या कर लिया है। जिसके पूरे घर में कोहराम मच गया। इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। घटना को लेकर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिय भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक का पिता रिटायर्ड रेलकर्मी तो माता शिक्षिका है। और तीन बच्चों में मृतक का सबसे छोटा है।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/610, दिनांक 22.04.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.:** एसडीएसटीई/सिग/टी/01/26-27/आरआरएसके; **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** बीएलएन/ईआई के ट्रैक सेक्शन में एमएसडीएसी का विस्तार। **निविदा मूल्यः** रु. 3,61,56,836.29; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 7,23,100; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 9 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 06.05.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 20.05.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 20.05.2026 को 14.30 बजे। **विस्तृत विवरणः** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंडः** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा ‘वी’ जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में “कुल अनुबंधकीय भुगतान” के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्यः** आउटडोर सिग्नलिंग कार्य वाला कोई भी कार्य। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-20/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बीपीएस स्कूल में 21वां वार्षिकोत्सव आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित बीपीएस पब्लिक स्कूल नावकोठी के सभागार में 21वां वार्षिकोत्सव सह सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन गुरूवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य डा अरविंद कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य सुशील कुमार, तृप्ति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत भाव-नृत्य, रिकार्डिंग डांस, कविता पाठ ने उपस्थित अभिभावकों, दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर खुब तालियां बटोरने में काम किया। प्रस्तुत भाव- नृत्य में हर्ष, राघव, सविता, राखी, रियांश, गणेश, अनन्या, आर्या आदि प्रतिभागियों ने शिरकत किया। वही रिकार्डिंग डांस में सोनम, भाव्या, प्रज्ञा आदि की प्रस्तुति ने मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। आदित्य, अभिनव, अनुराग आदि के द्वारा मनमोहक अंदाज में कविता पाठ किया गया। विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। 100 मीटर रेस में आदर्श राज प्रथम, रघुराज द्वितीय, रघुनंदन तृतीय रहे। वही लंबा तथा ऊंचा छलांग में अमन, अनुष्का, आदित्य, राघव प्रथम, अनुष्का, अवन्तिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में श्रेया, ओजस्वी, विनीता को तृतीय स्थान पर ही सतोष करना पड़ा। कुर्सी रेस में प्रत्युष ,नंदनी प्रथम, राजलक्ष्मी, शिखा द्वितीय, चम्मच रेस में सन्नी प्रथम तथा कृतिका द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# अवैध हॉकर एवं वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ ने चलाया अभियान, आठ धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) ने ट्रेनों और स्टेशनों पर अवैध रूप से सामग्री बेचने वाले (हॉकरों) के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है। इस अभियान में अवैध वेंडरों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत कार्रवाई की जा रही है ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और चोरी की घटनाओं को रोकने को लेकर टीम ने ट्रेन एवं प्लेटफार्म पर अभियान चलाकर अवैध वेंडर गिरफ्तार कर चालान किया है। जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि अवैध वेंडर के खिलाफ लगातार ट्रेन एवं प्लेटफार्म पर घर पकड़ अभियान पिछले तीन दिनों से चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि गुरुवार को ट्रेन एवं प्लेटफार्म में अवैध रूप से चाय पानी नाश्ता पकोड़ा बेच रहे अरुण साह, मुकेश कुमार, मोहम्मद चांद, दिलीप कुमार, शकीर सिंह, पिंटू कुमार राहुल राज दीपक गुप्ता को आरपीएफ की धारा के तहत गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि गिरफ्तार सभी वेंडर के खिलाफ आरपीएफ की धारा 144 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी पर जुर्माना किया जा रहा है। इधर के इस अभियान से ट्रेन में अवैध रूप से पकोड़ा बेचने एवं बेचवाने मोहम्मद समीम नमक ठेकेदार फिल्म वक्त इस कार्रवाई से नौ दो ग्यारह हो गया।

# विवाहिता के लापता होने की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत मनारी गाछी काजी टोला निवासी एक विवाहिता के लापता होने का मामला पीड़िता की मां ने दर्ज कराई है। पुत्री के अपहरण कर हत्या की आशंका जताते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 225/26 दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. दर्ज आवेदन में पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी 25 वर्षीय पुत्री बीते 20 अप्रैल को बेगूसराय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से रुपये निकालने की बात कहकर घर से निकली थी. इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि जिस दिन से पुत्री लापता हुई है उसी दिन से उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। लापता विवाहिता के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनकी देखभाल को लेकर परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी पुत्री का अपहरण कर हत्या कर दी गयी है. या फिर उसे बहला-फुसलाकर भगा लिया गया है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुये महिला के मोबाइल को ट्रेस पर लेकर उसकी लोकेशन खंगालने में जुट गयी है।

## नाले में मिला राजमिस्त्री का शव

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना अंतर्गत केशोपुर में बुधवार की देर रात पुलिस ने नाले से एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान फरीदपुर निवासी सूरज ताती के रूप में हुई है, जो पेशे से राजमिस्त्री था। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था। प्रारंभिक कयास के अनुसार रात के अंधेरे में असंतुलित होकर वह बड़े नाले में गिर गया। जहां काफी देर तक पानी में रहने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। पत्नी मुन्नी देवी और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# सड़क को कराया गया अतिक्रमणमुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** शहर को जलजमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने और ड्रेनेज सिस्टम को सुचारू बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर थाना क्षेत्र के महमूद चौक पर प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करवाया। भारी पुलिस बल और आला अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अवैध निर्माणों को ढाह दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में हुई कार्रवाई अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व नगर आयुक्त संतोष कुमार और सदर एसडीओ प्रद्युमन सिंह यादव ने की। कार्रवाई शुरू होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम कई जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और देखते ही देखते पक्के निर्माण, अवैध शेड और दुकानों के बढ़े हुए हिस्सों को ध्वस्त कर दिया गया। सदर एसडीएम प्रद्युमन सिंह यादव ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि शहर में वॉटर लॉगिंग जलजमाव एक गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि शहर के महमूद चौक इलाके में अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही नोटिस थमाया गया था। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब प्रशासन को मजबूरी में यह सख्त कदम उठाना पड़ा। प्रभावित शख्स एनुल अंसारी ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने नगर निगम के नोटिस का जवाब दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री से मिले मोतिहारी भाजपा के जिलाध्यक्ष, दी शुभकामनाएं

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन राज ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में




बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। श्री चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद जिलाध्यक्ष श्री राज की यह पहली मुलाकात थी। पटना से मुख्यमंत्री से भेंट कर के लौटने के बाद उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री बिहार के विकास को लेकर बहुत सजग और प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर उत्तरोत्तर आगे बढ़ेगा और विकास की नई गाथा के एक स्वर्णिम अध्याय की रचना होगी।

### मैनेजमेंट विभाग में करियर काउंसलिंग पर विशेष सत्र

**प्रशासनिक सेवाओं से उद्यमिता तक करियर संभावनाओं पर गहन मंथन**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान विभाग में एमबीए छात्रों के करियर काउंसलिंग हेतु एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के उप - कुलसचिव सुहर्ष कुमार रहे। उन्होंने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए



उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईएम, आईआईटी, आईआईआईटी तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक पदों के अवसरों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उचित योजना, नियमित तैयारी, परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण और आवश्यक कौशलों का विकास अत्यंत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने, निरंतर प्रयास करते रहने तथा बहुआयामी कौशल विकसित करने की सलाह दी, जिससे वे अपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया तथा अनेक प्रश्न पूछे। सभी प्रश्नों का सुहर्ष कुमार ने प्रभावी एवं सरल तरीके से उत्तर दिया। उद्यमिता के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के साथ भी छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू किया जा सकता है, बशर्ते सही आकलन और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। उन्होंने अपने अनुभवों एवं उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. सपना सुगंधा ने की। अपने विस्तृत संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर नए अवसरों को समझने और अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक समझ, कौशल विकास और सही मार्गदर्शन भी उतना ही आवश्यक है। इस सत्र ने छात्रों को अपने करियर की दिशा तय करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और भविष्य की रणनीति बनाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया है। उन्होंने मुख्य वक्ता सुहर्ष कुमार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी रहा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्र प्रेरित हों और अपने लक्ष्यों को बेहतर ढंग से निर्धारित कर सकें। प्रो. सपना सुगंधा ने यह भी आश्वासन दिया कि विभाग भविष्य में भी इस प्रकार के करियर उन्मुख एवं कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहेगा, ताकि छात्र न केवल प्रेरित हों, बल्कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही दिशा में प्रयास कर सकें। इस अवसर पर विभाग के अतिथि संकाय सदस्य डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. राजीव रंजन चौबे, सुश्री श्री बाला एवं श्री प्रसून श्रीवास्तव तथा शोधार्थी रितेश गुप्ता, उत्सव जनप्रिया और ज्योत्सना शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। व्याख्यान के अंत में छात्रों ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के सत्रों को भविष्य में भी आयोजित करने का अनुरोध किया। छात्रों ने कहा कि यह सत्र 'आइस ब्रेकिंग' साबित हुआ और इससे उन्हें अपने करियर को लेकर नई दिशा और स्पष्टता मिली।

# विजयोत्सव पर गूंजा वीरता का स्वर बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कोईरिया टोला स्थित शिवनारायण निवास में आज भारत विकास परिषद, शाखा रक्सौल द्वारा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह का 168वां विजयोत्सव श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उनके अद्वितीय साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए वक्ताओं ने विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन तथा वीर कुंवर सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने अपने संबोधन में कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन संघर्ष, त्याग और बलिदान की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजी शासन के खिलाफ




लड़ते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया, जो आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। सचिव नरेश कुमार एवं संस्कार संयोजक नीतेश कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह की शौर्य गाथाएं आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करती रहेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके जीवन से जुड़े प्रसंग साझा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संयोजन नीतेश कुमार सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता रजनीश प्रियदर्शी ने की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर वित्त सचिव सुनील कुमार, सुरेश धानोठिया, उमेश सिकारिया, अजय कुमार, विजय कुमार साह, विनोद कुमार, दिनेश प्रसाद, जीतेन्द्र चौरसिया, प्रशांत कुमार एवं मनोज कुमार सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ ने दी।

## अपराधियों की दहशतगर्दी से श्यामपुर बाजार में आक्रोश



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुकान से लौट रहे एक किराना व्यवसाई को बुधवार के शाम छः बजे के करीब गोली चलाकर अपराधियों ने दहशत फैला दी है, हालांकि थाना क्षेत्र की 112 डायल की गाड़ी हमेशा इसी रूट पर रहा करती थी लेकिन जब ईनजिनिर बिजय गुप्ता दुकान बन्द कर जैसे निकलें की अपराधी अपने अपने जगह पकड़ लिए,और अंजाम देते हुए पैर के घुटने पर गोली मारी, करीब पांच लाख रुपए की आंशका जताई जा रही है की आनेके डिक्की से लूट ली गई,और भागने के प्रयास में व्यवसाई की बाइक स्टार्ट नहीं होने गाड़ी छोड़ भाग निकले,पिडित व्यक्ति को लादकर कुछ लोगों ने सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में पहुंचाया, जहां बेहतर दवा व इलाज नहीं होने के कारण मोतिहारी सदर में रेफर कर दिया गया, जहां ईलाज के दौरान स्थिति सामान्य है,पिडित के द्वारा अपराधी को पहचान किया जा सकता है,इस घटना से श्याम पुर बाजार के दर्जनों दुकानदार हतप्रभ दिख रहे हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा आगजनी रोकने को चलाया जा रहा जागरूकता अभियान, यात्रियों व किसानों से अपील

**रेल लाइन के किनारे रहने वाले किसानों और अन्य लोगों से भी आग्रह किया गया है कि वे सूखी घास, पत्ते या पराली को रेल ट्रैक के आसपास न जलाएं**

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। रेलवे प्रशासन ने रेल लाइनों के किनारे आगजनी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। इसके तहत बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से यात्रियों से अपील की जा रही है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थ साथ लेकर न चलें। साथ ही रेल लाइन के किनारे रहने वाले किसानों और अन्य लोगों से भी आग्रह किया गया है कि वे सूखी घास, पत्ते या पराली को रेल ट्रैक के आसपास न जलाएं, क्योंकि इससे आग फैलने का खतरा रहता है और रेल परिचालन बाधित हो सकता है। रेल प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस तरह की लापरवाही से यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इसलिए सभी लोग सतर्कता बरतें और सुरक्षित रेल संचालन में सहयोग करें। इससे संबंधित जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार द्वारा गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

## विक्षिप्त युवक ने गले में रस्सी डालकर की आत्महत्या

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरपुर थाना क्षेत्र के उचचीडीह गांव में गुरुवार के सुबह एक युवक का आत्म हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है,मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि उचीडीह गांव निवासी कपिल देव पासवान के पुत्र हिरदया पासवान मानसिक रूप से तनाव में रहता था, इनके परिवार के लोग गुजरात के किसी शहर में रहकर पेट पालते हैं लेकिन इनका मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण वह आदापुर मे ही रहा करता था,इसी बीच गुरूवार के दिन चौकीदार ने पुलिस स्टेशन



जाकर पुरी खबर की जानकारी दी, जिसके बाद थाना प्रभारी ने अपने दल बल के साथ पहुंच कर घर दरवाजा तोड़ निकाला गया,पिडित ने गले में रस्सी डालकर दिवार में फंसा रखा था, लोगों केके हल्ला करने के बाद उसे घर से निकाला गया तब तक प्राण पखेरू हो गये थे, उक्त सूचना के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु एफ एस एल टीम को बुलाया गया,टीम के द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण एवं आवश्यक साक्ष्य संकलन किया गया तत्पश्चात अग्रिम कार्रवाई हेतु शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेजा दिया गया, गांव के लोगों का शव आने के इन्तजार में लोग दुखी एवं मर्माहत है समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंच पाई है।

## अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री का शव बरामद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल पुलिस ने बुधवार को आनंद बिहार से दरभंगा जाने वाली 15558 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री का शव बरामद किया है। शव की बरामदगी जनरल बोगी से की गई है। वह सीतामढ़ी जिले के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड-5 निवासी मो. मनसे शाह का पुत्र इलाही शाह (35) था। बताया जाता है कि वह दिल्ली में रहकर कपड़े पर कढ़ाई का काम करता था। हालांकि उसकी मौत किस कारण से हुई है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। नरकटियागंज स्टेशन अधीक्षक मो. कलीम ने बताया कि उन्हें यात्री की मौत की सूचना मिली थी। इसको लेकर रेल पुलिस को सूचना दी और फिर पर जंक्शन पर उक्त ट्रेन को रोककर शव उतारा गया। इसको लेकर करीब आधा घंटा तक नरकटियागंज जंक्शन पर ट्रेन रुकी रही। पुलिस ने यात्री के जेब से मोबाइल बरामद किया। उससे परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन शव लेने के लिए नरकटियागंज जंक्शन पर पहुंचे। पिता मो. मनसे शाह ने बताया कि इलाही दिल्ली में कपड़े पर कढ़ाई का काम करता था।

## अपराधियों ने व्यवसायी को श्यामपुर बाजार में मारी गोली, दहशत

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुकान से लौट रहे एक किराना व्यवसाई को बुधवार के शाम छः बजे के करीब गोली चलाकर अपराधियों ने दहशत फैला दी है, हालांकि थाना क्षेत्र की 112 डायल की गाड़ी हमेशा इसी रूट पर रहा करती थी लेकिन जब ईनजिनिर बिजय गुप्ता दुकान बन्द कर जैसे निकलें की अपराधी अपने अपने जगह पकड़ लिए,और अंजाम देते हुए पैर के घुटने पर गोली मारी, करीब पांच लाख रुपए की आंशका जताई जा रही है की आनेके डिक्की से लूट ली गई,और भागने के प्रयास में व्यवसाई की बाइक स्टार्ट नहीं होने गाड़ी छोड़ भाग निकले,पिडित व्यक्ति को लादकर कुछ लोगों ने सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में पहुंचाया, जहां बेहतर दवा व इलाज नहीं होने के कारण मोतिहारी सदर में रेफर कर दिया गया, जहां ईलाज के दौरान स्थिति सामान्य है,पिडित के द्वारा अपराधी को पहचान किया जा सकता है,इस घटना से श्याम पुर बाजार के दर्जनों दुकानदार हतप्रभ दिख रहे हैं।

## विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान से चार बर्षीय बालिका को सदर एसडीओ द्वारा भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाईपास रोड स्थित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान में दत्तकग्रहण समारोह के आयोजन के अवसर पर एक बालिका रंजना (काल्पनिक नाम), उम्र - 4 वर्ष लगभग को अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत सिहारा के द्वारा भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। बालिका के भावी दत्तक माता-पिता गुजरात के रहने वाले हैं। इस विशिष्ट



अवसर पर अक्षय कुमार, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यगण एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान के कर्मीगण उपस्थित थे। इस वर्ष का यह तीसरा बच्चा है, जिसे दत्तकग्रहण हेतु सौंपा गया। वर्तमान में 0-6 वर्ष के आयु वर्ग के 06 शिशु विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, मोतिहारी में आवासित हैं। दत्तकग्रहण हेतु इच्छुक कोई भी दंपति केन्द्रीय दतकग्रहण संसाधन प्राधिकरण के पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर बच्चा गोद ले सकता है। केन्द्रीय दतकग्रहण संसाधन प्राधिकरण भारत सरकार अन्तर्गत देशीय एवं अन्तर्देशीय सभी प्रकार के गोद लेने की प्रक्रिया का अनुश्रवण हेतु नामित संस्था है, जिसके देख - रेख में दतकग्रहण की प्रक्रिया जिला स्तर पर विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान एवं जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा पूर्ण की जाती है।

# जिलाधिकारी ने स्व-गणना शत-प्रतिशत करने को लेकर दिए निर्देश

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की जनगणना- 2027 'लोक कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में सहायक होंगे। उक्त बातें प्रधान जनगणना पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी मोतिहारी सौरभ जोरवाल ने समिक्षोपरांत जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने निर्देश में कहा। उन्होंने आगामी जनगणना- 2027 के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारियों की इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि स्व - गणना प्रक्रिया विशेष रूप से जन भागीदारी के माध्यम से ही पूरी की जा सकती है । सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वगणना को जनगणना का एक महत्वपूर्ण अंग मानते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि स्व -गणना डिजिटल प्लेटफॉर्म ,मोबाइल,टैबलेट, लैपटॉप, कंप्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं सुलभ बनेगी। उन्होंने कहा कि स्व-गणना के सफल संचालन के लिए आम नागरिकों में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जागरूकता अभियान के क्रम में विभिन्न स्तर के स्थानीय जन प्रतिनिधियों, लोक परंपराओं, नुक्कड़ नाटकों, स्थानीय कलाकारों से सहायता प्राप्त किया जा सकता है। स्व-गणना हेतू लिंक आम नागरिकों के लिए 17/04/2026 से 01/05/2026 तक खुले रहेंगे। इस हेतू सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं तथा लोगों को स्वगणना की प्रक्रिया, लाभ एवं महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करें। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।समिक्षोपरांत निर्देश दिया गया कि स्वगणना से संबंधित तकनीकी अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाए तथा सभी नामित कर्मियों को आवश्यक कार्य हेतू क्षेत्र भ्रमण के क्रम में लोगों को उक्त जानकारी प्रदान करने के साथ - साथ स्व -गणना करने में यथोचित मदद किया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी कर्मियों का स्व -गणना से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करे । उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना एक अतिमहत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि स्व -गणना सहित जनगणना की समस्त प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। इसमें निदेशालय स्तर के मास्टर ट्रेनर, स्टेट लेवल ट्रेनर, जिला स्तरीय ट्रेनर ,फील्ड ट्रेनर, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का सहयोग लिया जा सकता है।

## राज किशोर सिंह इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया नमन

**कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सफरी गांव स्थित राज किशोर सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार को वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नीलमणि पाराशर का अभिषेक, अभिषेक कुमार सिंह, चंदन कुमार, श्रीमती अंजना कुमारी आदि ने छात्र-छात्राओं को वीर कुंवर सिंह के जीवनी और देश भक्ति से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस



अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य उज्ज्वल कुमार मैं वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। वही कॉलेज के निदेशक कृपा शंकर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर कुंवर सिंह के शौर्य और बलिदान को याद करने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्तक और लेखन सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम केदौरान परिसर में देशभक्ति का माहौल बना रहा। शिक्षकों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में वीर कुंवर सिंह के अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने वीर कुंवर सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एकमा में टीकाकरण अभियान तेज

**अफवाहों से बचें, सुरक्षित है एचपीवी वैक्सीनः डॉ. साजन कुमार**

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एकमा प्रखंड क्षेत्र में विशेष एचपीवी टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एकमा समेत विद्यालयों में 9 से 14 वर्ष की छात्राओं को टीका लगाया जा रहा है, जबकि 14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरियों और महिलाओं के लिए सीएचसी में निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है।

**वैक्सीन को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील :**

सीएचसी एकमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने कहा कि कुछ लोग टीकाकरण को लेकर भ्रामक अफवाहें फैला रहे हैं, जिससे किशोरियों और अभिभावकों में अनावश्यक डर पैदा हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचपीवी





(ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

**9 से 14 वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष अभियानः**

एकमा प्रखंड के विद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिन छात्राओं को पहले डोज दिया जा चुका है, उनके लिए अब दूसरा डोज स्कूलों में कैंप लगाकर दिया जा रहा है, जिसे पूरा कराना अनिवार्य है।

**14 वर्ष से ऊपर के लिए सिर्फ एक डोज की सुविधाः**

14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरियों और महिलाओं के लिए सीएचसी एकमा में महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नई वैक्सीन (गार्डासिल) की अब मात्र एक डोज ही दी जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

**निजी अस्पतालों में महंगा, सरकारी केंद्रों पर मुफ्तः**

डॉ. साजन कुमार ने गुरुवार को बताया कि निजी अस्पतालों में एचपीवी वैक्सीन महंगी है, जबकि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर यह पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है।

**'मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना' के तहत सुविधाः**

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना' के तहत यह वैक्सीन निःशुल्क दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक बच्चियों को इसका लाभ मिल सके।

**बीएचएम ने की अभिभावकों से नौ अपीलः**

प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहीद अख़्तर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी बच्चियों का समय पर टीकाकरण कराएं। साथ ही विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से भी लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## तकनीकी खामी के चलते लगभग 3 घंटे ठप रही मुकुंदपुर फीडर की बिजली आपूर्ति

**रीठ नहर के पास 132 केवी व 11 केवी लाइन के करीब आने से एहतियातन सप्लाई बंद, मरम्मत के बाद स्थिति सामान्य**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के मुकुंदपुर फीडर क्षेत्र में गुरुवार को तकनीकी खामी के कारण करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। रीठ नहर के समीप 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन और 11 केवी फीडर लाइन के अत्यधिक करीब आने से संभावित खतरे को देखते हुए एहतियातन सप्लाई बंद कर दी गई। विभागीय जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि दोनों लाइनों के बीच दूरी काफी कम हो गई है। इसके बाद लगभग 12:20 बजे मुकुंदपुर फीडर की आपूर्ति बंद कर दी गई।

**जेई के नेतृत्व में बिजली कर्मियों की टीम ने किया मरम्मत कार्य**

सूचना मिलते ही कनीय अभियंता संतोष कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया गया।



तकनीकी टीम ने तेजी से काम करते हुए समस्या को दूर किया। मरम्मत के दौरान रघुनाथपुर (सिवान) क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए संचालित किया गया, ताकि वहां के उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी न हो। करीब तीन घंटे के प्रयास के बाद अपराह्न तीन बजे के बाद 11 हजार वोल्ट आपूर्ति वाले मुकुंदपुर फीडर की बिजली बहाल कर दी गई, जिससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।जेई संतोष कुमार ने उपभोक्ताओं के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी तकनीकी समस्या से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### समेली चांदपुर चौक में आग, 600 बोरा आलू जलकर राख

**समेली/कटिहार (नबिटासं)।** समेली प्रखंड अंतर्गत चांदपुर चौक में बीती रात भीषण आगलगी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी के बासा कामत पर रखे करीब 600 बोरा आलू जलकर पूरी तरह राख हो गया। जिससे लगभग 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार यह घटना पोठिया थाना क्षेत्र के पूर्वी चांदपुर पंचायत स्थित चांदपुर चौक की है। बताया जाता है कि पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी के पति धीरेन्द्र कुमार यादव के बासा पर रखे आलू में देर रात करीब 12:15 बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते और बुझाने का प्रयास करते, तब तक पूरा बासा आग की चपेट में आ चुका था। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन संसाधनों के अभाव में आग पर काबू नहीं पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आलू से भरे बोरे धू-धू कर जलते रहे और देखते ही देखते सब कुछ राख में तब्दील हो गया। इस हादसे में पीड़ित परिवार की महीनों की मेहनत एक ही रात में बर्बाद हो गई। पीड़ित परिवार ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कटिहार के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन दिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत विशेष कैंप का आयोजन

**अररिया (नबिटासं)।** विभागीय निर्देश के आलोक में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत प्रखंड के बोकांतरी में मुसहर समुदाय के बीच विशेष कैप का आयोजन किया गया। मुसहर समुदाय (महादलित) के बीच कुष्ठ रोग के छुपे हुए मामलों को खोजने और समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष शिविर और सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया गया। इस मौके पर आरबीएसके टीम के डा फराज अंजुम, टीएफआईटी के केएन दास गुप्ता, फरमाशिष्ट विजय यादव, एएनएम विभा कुमारी सहित अन्य शामिल रहे। इस दौरान शिविर में त्वचा की जांच की गई, और मामलों के पुष्ट होने पर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई। इसमें संचारी रोगों से बचाव का सुझाव देने के साथ-साथ मरीजों का उपचार कर दवा दी गई। इस गांव की मुसहर बस्ती में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, टीबी, कुष्ठ रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच की। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान, निःशुल्क जांच और समय पर उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बताया गया कि मुसहर और आदिवासी समुदाय के वंचित क्षेत्रों में छुपे हुए कुष्ठ रोगियों को खोजना और उन्हें विकलांगता से बचाने पर आधारित है।

### पिकअप बस की टक्कर में दिवंगत लोगों के परिजनों से मिले एसटी आयोग के सदस्य

**कटिहार ग्रामीण (नबिटासं)।** राज्य एसटी आयोग के सदस्य तल्लु बास्की विगत दिनों पूर्णियां गेडाबाडी मार्ग पर कोढा के पास पिकअप व बस की भीषण टक्कर में हुई दर्जनों आदिवासी समुदाय के लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। इस दर्दनाक हादसे में झारखंड से पूजा अनुष्ठान कर वापस लौट रहे चौदह से अधिक आदिवासी समुदाय के लोगों की मौत हो गयी थी। गुरुवार को राज्य एसटी आयोग के सदस्य तल्लू बासकी ने पूर्णियां व कटिहार जिले के विभिन्न भागों का दौराकर इस घटना इस घटना में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। श्री बासकी ने कहा की इस घटना में दिवंगत हुए परिवारों को सरकार द्वारा दी जानेवाली सुविधाएं तथा जख्मी लोगों को हर संभव सहायता की जाएगी। कहा अनुसूचित जनजाति समाज के उन्नयन व इनके सामाजिख, आर्थिक पिछडेपन को दूर करने में डब्ल ईंजन की भाजपा सरकार संकल्पित है।इस दौरान उन्होने पूर्णियां, किशनगंज जिले के विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों का दौराकर सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही योजनाओं की धरातलीय स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मो नसीम,सूरज हांसदा,योगेन्द्र चौडे,दीपक कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभाग के अधिकारी साथ रहे ।

### बजरंगबली मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय अनुष्ठान शुरू

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मोरसंडा पंचायत गांव में बजरंगबली प्रतिमा को मंदिर में स्थापित को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। मोरसंडा पंचायत हटीया के समीप बजरंगबली मंदिर में जीर्णोद्धार के बाद प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। पहले दिन कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा गांव के मंदिर से निकली। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन के बाद शोभायात्रा गांव का भ्रमण किया गया। इस मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। ग्रामीणों ने कन्याओं का अभिवादन किया। कन्याओं ने सिर पर कलश धारण करते हुए गांव वासियों को आमंत्रण दिया धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो भाव के साथ सिर पर कलश धारण करते हुए बजरंगबली मंदिर पहुंचा कन्या ने मंडप पर कलश को रखा। कार्यक्रम को लेकर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण छा गया। गांव वासियो द्वारा स्थापित बजरंगबली मंदिर को जीर्णोद्धार करा कर रविवार को प्राण प्रतिष्ठान संपन्न होगा। पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मे बुधवार जल यात्रा पंचांग पूजन गुरुवार को जलधिवास अन्नधिवास एवं श्री राम कथा शुक्रवार को वस्त्राधिवास द्रवियाधिवास पुष्पाधिवास श्री राम कथा शनिवार नगर भ्रमण शयन विश्राम एवं श्री राम कथा रविवार को प्राण प्रतिष्ठा अग्निवास हवन पूर्णहुती प्रसाद वितरण एवं भंडारा एवं संपन्न किया जाएगा मौके पर कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह, जिला परिषद सदस्य गायत्री कुमारी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनोज मंडल उप प्रमुख प्रतिनिधि इरशाद आलम भाजपा प्रखंड अध्यक्ष परमानंद शर्मा ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष अनूज कुमार मंडल भाजपा के शंभू प्रसाद साह पंचायत समिति लखन देव ठाकुर मनोज मंडल पंचायत समिति प्रतिनिधि पिंटू यादव मोरसंडा पंचायत के सभी ग्राम वासी बजरंगबली प्रतिमाओं स्थापित एवं शोभा यात्रा में सभी का सहयोग एवं उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर योद्धा कुंवर सिंह का विजय उत्सव

**कटिहार (नबिटासं)।** बाबू वीर कुंवर सिंह इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर योद्धा कुंवर सिंह का विजय उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद के पदाधिकारीयों,क्षत्रिय संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा नगर निगम के महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह सहित दर्जनों स्वयंसेवी संस्थाओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया और उनको नमन किया। माल्यार्पण कार्यक्रम के बाद विजय उत्सव समारोह की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। समारोह में दर्जनों वक्ताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह के बलिदानों को याद कर उनके गाथा के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम समापन के बाद परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कार्यकाल पूरा होने के कारण अध्यक्ष विकास सिंह, सचिव राममूर्ति सिंह एवं कोषाध्यक्ष लालमोहन सिंह ने 3 साल के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया । जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक में परिषद के संरक्षक पंकज सिंह ,अरविंद सिंह अधिवक्ता , सचिव राममूर्ति सिंह, कोषाध्यक्ष लालमोहन सिंह,नगर अध्यक्ष मौसम कुमार सिंह,शंभू सिंह महरोड, अभिमन्यु सिंह सुनील कुमार सिंह बौआ, जितेंद्र सिंह,राज किशोर सिंह,संजय सिंह,चंदन सिंह, बिप्लव सिंह, एसपी सिंह, प्रेम शंकर सिंह, दिग्विजय सिंह अधिवक्ता, अजीत सिंह,विजय सिंह, कुमार गौरव,भास्कर सिंह,विनय सिंह , पुतुल सिंह मनोज सिंह,कन्हैया सिंह ,राकेश सिंह सत्यम समदर्शी,विवेक सिंह राठौर , कुमार सिंह करण कुमार प्रकाश सिंह विक्कू सिंह,अर्जुन सिंह सहित सैकड़ो परिषद के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पति की हत्या के मामले में पत्नी गिरफ्तार

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मुफ्सिल थाना क्षेत्र के सिरनिया पूरब पंचायत के गोलाघाट रायटोला में 23 अप्रैल को एक युवक गालिब राय की शव उसके घर से संदिग्ध अवस्था में मिली। पुलिस ने इस मामले में मृतक के मां रकिमा खातून के आवेदन के आलोक में मृतक की पत्नी रोजिया खातून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महमूद चौक पर चला बुलडोजर, सड़क अतिक्रमण मुक्त : निगमायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**कटिहार।** शहर को जलजमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने और ड्रेनेज सिस्टम को सुचारू बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर थाना क्षेत्र के महमूद चौक पर प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करवाया। भारी पुलिस बल और आला अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अवैध निमार्णों को ढाह दिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में हुई कार्रवाई अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व नगर आयुक्त संतोष कुमार और सदर एसडीओ प्रद्युमन सिंह यादव ने की। कार्रवाई शुरू होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम कई जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और देखते ही देखते पक्के निर्माण, अवैध शेड और दुकानों के बढ़े हुए हिस्सों को ध्वस्त कर दिया गया। सदर एसडीएम प्रद्युमन सिंह यादव ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि शहर में वॉटर लॉगिंग जलजमाव एक गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने बताया कि शहर के महमूद चौक इलाके में अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही नोटिस थमाया गया था। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तब प्रशासन को मजबूरी में यह सख्त कदम उठाना पड़ा। प्रभावित शख्स एनुल अंसारी ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमने नगर निगम के नोटिस का जवाब दिया था। लेकिन हमारी दलीलों को अनसुना कर सीधे बुलडोजर चला दिया गया। हालांकि प्रशासन ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि सार्वजनिक हित और शहर की सफाई व्यवस्था सर्वोपरि है। किसी भी निजी विरोध के कारण पूरे शहर को जलजमाव के नरक में नहीं धकेला जा सकता। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कड़े लहजे में चेतावनी दी है कि यह कार्रवाई महज एक शुरूआत है। उन्होंने कहा कि महमूद चौक के बाद अब शहर के अन्य प्रमुख इलाकों को चिह्नित किया गया है। जहां भी सरकारी जमीन या नालों पर कब्जा पाया जाएगा, वहां बिना किसी भेदभाव के बुलडोजर चलेगा। नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील किया है कि वे स्वयं ही नालों और सड़कों से अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा न केवल उनका निर्माण तोड़ा जाएगा।

# जिलाधिकारी ने 7 डीलरों की अनुज्ञप्ति की रद्द 04 से स्पष्टीकरण, 28 पर कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की जांच के बाद सख्त कार्रवाई की गई है। अररिया प्रखंड के झमटा पंचायत स्थित पीडीएस डीलर अब्दुल बारी द्वारा जांच के दौरान गोदाम नहीं खोलने पर अनियमितता की आशंका जताते हुए उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की गई है। वहीं, रामानंद रजक की दुकान पारिवारिक कारणों से बंद पाई गई, जिस पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।



सुनिता कुमारी द्वारा पिछले छह माह से वितरण नहीं करने के आरोप में उनकी अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई। चन्द्रदेई पंचायत के डीलर हेमंत कुमार द्वारा चाबी का बहाना बनाकर गोदाम नहीं खोला गया इनका भी अनुज्ञप्ति रद्द किया गया है। इसी पंचायत के एक अन्य डीलर हेमंत कुमार द्वारा छह माह से वितरण नहीं करने के आरोप में अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया गया है। रानीगंज प्रखंड के बसैठी पंचायत में अयोध्या राम के यहां पॉश मशीन और गोदाम के स्टॉक में अंतर पाए जाने तथा गोदाम लगभग खाली मिलने पर अनुज्ञप्ति रद्द कर दी गई। इसी पंचायत के सोचन राम के यहां भी खाद्यान्न में भिन्नता पाई गई, जिस पर कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया गया है। बसैठी पंचायत के सुयानंद पासवान द्वारा पॉश मशीन की पर्ची नहीं देने के कारण स्टॉक का वास्तविक मिलान नहीं किया जा सका। वहीं, खरहट पंचायत के शंकर कुमार मंडल के यहां पॉश मशीन में दर्ज 598.2 किलोग्राम खाद्यान्न भौतिक रूप से गोदाम में नहीं मिलने पर उनकी अनुज्ञप्ति भी रद्द कर दी गई। फारबिसगंज प्रखंड के पोठिया पंचायत में राजानंद यादव के खिलाफ लाभुक द्वारा कम मात्रा में खाद्यान्न देने की शिकायत पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, पोठिया पंचायत के मो तालिब नजामी के खिलाफ भी इसी प्रकार की शिकायत मिलने पर उनसे जवाब-तलब किया गया है। इसी प्रकार कुसार्काटा प्रखंड के पीडीएस डीलर राजेश भगत, लैलोखर, धिरेन्द्र कुमार सदा, लैलोखर, विनेश प्रसाद सिंह, लैलोखर, मिथलेश कुमार भगत कुआड़ी, ओम नाथ पासवान, लाल पासवान की दुकान बंद एवं देवी लाल साह कुआड़ी का ई-पॉश मशीन का उपयोग नहीं नहीं करते हुए पाया गया। अररिया प्रखंड के पीडीएस डीलर मो० सादीक पोखरिया का दुकान बंद पाया।

# गंगा सप्तमी पर काढ़ागोला घाट पर दीपोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरार (कटिहार)।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर काढ़ागोला घाट पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों द्वारा दीपोत्सव मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा और आस्था के साथ आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गंगा किनारे सैकड़ों दीप जलाकर मां गंगा की आराधना की गई, जिससे पूरा घाट दिव्य रोशनी से जगमगा उठा।इस दौरान बाबा दिवाकर मिश्र द्वारा वैदिक विधि-विधान से गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती की गई।

आरती के समय गंगा मैया के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।इस दौरान कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक मनोज साह, घाट प्रमुख राजकुमार साह, राजेश यादव, मनीष रजक, राजा सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।जिला संयोजक नवीन चौधरी ह्यबाबाह्न ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को माँ गंगा का अवतरण स्वर्ग से पृथ्वी पर हुआ था, जिसे गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान, पूजा, आरती और दान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए पुण्य कार्यों से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि काढ़ागोला घाट एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसकी पहचान को पुनर्स्थापित करने एवं माँ गंगा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए गंगा समग्र लगातार प्रयास कर रहा है।जिला सह संयोजक मनोज साह ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, लेकिन जागरूकता के अभाव में नदियों का जल लगातार प्रदूषित हो रहा है।

### दुपट्टा मांगने के विवाद में एक महिला को मारपीट कर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या एक रघुनीचक में दुपट्टा मांगने के विवाद में एक महिला की आरोपियों ने जमकर पिटाई कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से चलते बने। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में भर्ती कराया । मामले को लेकर घायल महिला ने मनसाही पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग की ।

# मां के हत्यारे को मिली उम्र कैद की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट ।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने मां की हत्या का दोषी पाते हुए पुत्र मुकेश नोनिया बलतर नयाटोला बारसोई निवासी को आजीवन कारावास की सजा गुरुवार को सुनायी है।साथ ही मामले में पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। अर्थ दंड नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है। इस सत्रवाद में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक पंचानंद सिंह थे। जिन्होंने बताया कि इस मामले में आठ गवाही भी हुई है। घटना को लेकर बलतर नया टोला निवासी रूपलाल नोनिया ने अपने मृतक भाई की पत्नी के शव के समीप पुलिस को बयान दिया था कि वह चार भाई है जिसमें से एक भाई शंकर नोनिया की मृत्यु बीस वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतक भाई की पत्नी हेमसारी देवी के साथ उसका पुत्र मुकेश नोनिया रहता था। जो हमेशा अपनी मां को मारने दौड़ता था। इसके बावजूद उसकी मां इधर-उधर से मांग कर भी अपने 25 वर्षीय पुत्र मुकेश की देखरेख करती थी। सूचना मिली कि 30 मार्च 2016 को संध्या चार बजे कुदाल से कटकर मुकेश अपनी मां हेमसरी देवी की हत्या कर दिया है तथा दरवाजे पर खड़ा है। सूचना पर गया तो देखा कि हेमशरी देवी की मृत्यु हो गई है। तथा उसका गला कटा हुआ है। रूपलाल नोनिया के बयान पर प्राथमिक दर्ज करते हुए आरोप पत्र समर्पित किया गया था।

# क्षत्रिय समाज ने मनाई बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फारबिसगंज।** अररिया जिला क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में बाबू वीर कुंवर सिंह जी की जयंती विजयोत्सव के रूप में मनाई गई। एक समारोह का आयोजन कर शहर के फैंसी मार्केट अवस्थित एशियन गेस्ट में इस आयोजन को भव्य बनाया गया। जहां विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर देश की आजादी में अपने अदम्य साहस का परिचय देने वाले देश के सच्चे सपूत की जीवनी पर प्रकाश डाला।

वहीं यहां मौजूद कुंवर सिंह जी की प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें याद और नमन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह थे। जबकि मंच संचालन क्षत्रिय समाज के अभिषेक सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में वक्ताओं के द्वारा एशियन गेस्ट हाउस का नाम बाबू वीर कुंवर सिंह के नाम पर करने तथा इसके सौंदर्यीकरण सहित कुंवर सिंह जी की विशाल प्रतिमा लगाने की मांग की गई। नरपरिषद की मुख्य पार्षद बीना देवी ने अपने संबोधन में इस मौके पर बाबू वीर कुंवर सिंह को नमन करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी जैसे आजादी के सच्चे योद्धा की देन है कि आज हमलोग आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है। उन्होंने एशियन गेस्ट हाउस का नाम उनके नाम पर करने की मांग पर अपनी सहमति जताई और इसके लिए नगरपरिषद में आवेदन दिलवाने की बात कही। वहीं दधीचि देह दान समिति द्वारा चलाए जा रहे नेत्र दान की मुहिम में अपना रजिस्ट्रेशन अभी ही करवाने की मंशा जाहिर की। वहीं मुख्य अतिथि सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह जी जिनका आज हमलोग जन्मोत्सव मना रहे हैं वे कोई साधारण वीर नहीं थी उनका नाम सुनते ही शरीर का रोंगटा खड़ा हो जाता है। हम इतिहास में पढ़े है कि कैसे उन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे आज अगर भारत में लोकतंत्र है हम आजाद हैं।

# पटसन की आधुनिक खेती को ले कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला कृषि सभागार में जिले में पटसन की खेती को बढावा देने के उद्देश्य से एक कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से पटसन की खेती में लगे किसान, एफपीओ, एनजीओ, विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन आईसीएआर के निदेशक डा. गौरांग कर, संयुक्त निदेशक शष्य पूर्णियां मनोज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर निदेशक डा.गौरांग कर ने पटसन के लिए बिहार सहित कटिहार की मिट्टी, जलवायु व जल की उपलब्धता को देखते हुए यहां पटसन की खेती की अच्छी संभावना बताया। कहा कि किसान बंधु पटसन की खेती नगदी फसल के रूप मे करते हैं। इसलिए कम लागत मे उन्नत क्वालिटी की पटसन की अधिक ऊपज प्राप्त करने को लेकर आधुनिक रीति से एक कार्य योजना बनाकर खेती करने की अपील की। जानकारी दी कि इस कार्य योजना के तहत पटसन खेती के लिए मिट्टी की ऊर्वरा शक्ति से लेकर इसके तैयार होने, इसके बहुआयामी उपयोग, इसके मूल्यसंवर्धन तक शामिल हैं.केन्द्रीय पटसन एवं संवर्गीय रेशा अनुसंधान के द्वारा किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने की आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराये जाते हैं। बिहार के संदर्भ मे कहा कि पूर्व मे यहां सात जिलों मे टपसन की खेती की जाती थी।

# बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने लिए जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत, भवन, साहेबनगर पंचायत भवन एवं फुलहरा पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरगामा के प्रांगण में महिला एवं बाल विकाश निगम की पहल पर बाल संरक्षण इकाई,बाल विवाह कानून, बाल विवाह श्रम कानून, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, महिलाओं के अधिकार एवं महिला शिक्षा पर जिला से आए डब्लू सीडीसी के तत्वावधान में बाल विवाह पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस दौरान विद्यालय के बच्चे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि वह आंगनबाड़ी के सेविका सहित अन्य ने इस अभियान में भाग लिया एवं लोगों से खुलकर बात एवं चर्चा की। इस मौके पर जिला मिशन समन्वयक मनीष कुमार केंद्र प्रशासक प्रभा कुमारी,जिला परियोजना प्रबंधक जितेंद्र कुमार साह के द्वारा विभिन्न तरह की जानकारी उपलब्ध लोगों एवं बच्चों को दिया। इस दौरान विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि समाजसेवी प्रमोद कुमार रजक आदि उपस्थित रहे।

# हर वर्ग और समाज के लोगों के दिल में बसते थे पूर्व मंत्री मंसूर आलम : पप्पू यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार ग्रामीण ।** जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंत्री जनाब मंसूर आलम के निधन के बाद उनके बरारी स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि मंसूर आलम ऐसे जननेता थे, जो हर वर्ग, हर समाज और हर तबके के लोगों के दिलों में बसते थे। उन्होंने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी और गरीब, जरूरतमंद व आम लोगों की आवाज बनकर काम किया।

उन्होंने कहा कि मंसूर आलम का निधन क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे सीमांचल के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में जो खालीपन आया है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने का संदेश दिया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समर्थक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान, अरुण सिंह, मो. सलीम सहित सैकड़ों समर्थक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# जीजा की साजिश में गई सबुल की जान पूर्व विधायक पहुंचे पीड़ित परिवार के घर, बोले हरसंभव मदद दिलाएंगे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया।** जिले के जोकीहाट प्रखंड के काकन पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 04 स्थित सिकटिया गांव में बीते दिनों हुई सबुल की निर्मम हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूर्व आपदा प्रबंधन मंत्री सह विधायक शाहनवाज आलम पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और परिजनों के दुख-दर्द को साझा किया। उन्होंने घटना को बेहद दुखद और निंदनीय बताते हुए परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

मृतक सबुल अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। उनके ऊपर बूढ़े माता-पिता, पत्नी और दो मासूम बच्चों की जिम्मेदारी थी। साथ ही उन्हें अपनी दो बहनों की शादी भी करनी थी। परिवार कच्चे मकान में जीवन-यापन कर रहा था और बेहतर भविष्य के लिए सबुल जमीन खरीदकर घर बनाने की योजना बना रहे थे। बताया गया कि करीब साढ़े सात डिसमिल जमीन के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए एडवांस भी दिया गया था, जिसे जुटाने के लिए सबुल दिन-रात मेहनत कर रहे थे। मृतक के पिता मो. जमाल ने रोते-बिलखते हुए पूर्व विधायक को बताया कि सबुल ही घर के गार्जियन थे। उनके जाने से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। वहीं, मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी तंजीला ने दर्द भरे शब्दों में कहा कि अब बच्चों की परवरिश, बूढ़े सास-ससुर की देखभाल और घर की जिम्मेदारी कौन उठाएगा। परिजनों ने आरोप लगाया कि जमीन को लेकर मृतक के जीजा एकराम द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। वह जमीन में दो डिसमिल अपने नाम कराने की जिद कर रहा था और मना करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई। बताया गया कि घटना से तीन दिन पहले सबुल और उसका जीजा हैदराबाद से गांव लौटे थे और वहीं से साजिश तैयार की गई थी। पूर्व विधायक शाहनवाज आलम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और प्रशासन से मांग करेंगे कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले तथा परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ के ढेलवा के एक घर में अंजान महिला घुसी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के ढ़ेलवागोसाई में स्थित एक घर में लगभग 11 बजे अपरिचित महिला अचानक एक घर में घुस गई। उसके बाद परिजनों ने हो-हल्ला किया। तो उसे देखने के लिए दर्जनों की संख्या में लोग जमा हो गए। परिजनों ने बताया कि महिला किसी गिरोह का सदस्य मालूम पड़ती है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने उस महिला के साथ अनहोनी होने से बचाया। देखने से महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त मालूम पड़ती है।

### एनटीपीसी टाउनशिप में लगी आग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के एनटीपीसी में अचानक लगी आग से अफरा तफरी मच गई। दरअसल बुधवार को लगभग 1 बजे एनटीपीसी के टाउनशिप एरिया के झाड़ियों में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण लपटे तेजी से फैलने लगी। तभी स्थानीय कर्मचारियों ने सीआईएसएफ के दमकल टीम को सूचना दी गई। उक्त्रकी दमकल टीम के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### शादी के नाम पर यौन शोषण मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज पुलिस ने डोरी पर गांव से एक पॉस्को एक्ट मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम गौतम कुमार पिता श्याम सुंदर सिंह है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि बिते 09 अप्रैल को भगवानगंज थाना कांड संख्या 60/26 के तहत एक गांव में नाबालिग के साथ शादी के नाम पर यौन शोषण के मामले में आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें पीड़िता की मां कलौती देवी के द्वारा किए गए आवेदन के आलोक मे प्राथमिकी करते हुए दर्ज इस मामले में बीते बुधवार को उसके घर से पुलिस गिरफ्तार कि है।

### सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची की मौत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सूर्य मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 वर्षीय बच्ची रौशनी कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बीते शाम लगभग 4 बजे एक अज्ञात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी थी और मौके से फरार हो गया था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्ची को तत्काल पीएमसीएच, पटना में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतका की पहचान नीलकंठ टोला, गौरैया स्थान निवासी दिनेश कुमार की आठ वर्षीय पुत्री रौशनी कुमारी के रूप में हुई है।इस घटना को लेकर परिजनों में शोक का माहौल है। पंचायत समिति सदस्य धर्म भाई यादव ने घटना को लेकर दुख प्रकट किया है।

### 220 लीटर देसी शराब बरामद

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दोस्त नगर बाबा ईंट भट्ठा के नजदीक से पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करते हुए 220 लीटर देसी शराब को बरामद किया है। हालांकि शराब के कारोबारी मौके से शराब को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शराब को बरामद कर अपने साथ थाने ले आई है और मामले में शराब कारोबारियो को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बाइक व कार की टक्कर में दो युवक जख्मी

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महादेव स्थान के पास कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए मनेर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही दुर्घटना में कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पुलिस बरामद कर अपने साथ थाने ले आई है। दुर्घटना में घायल हुए बागेश्वर की पहचान भोजपुर आरा जमीर का रहने वाला रोहित कुमार और विक्की कुमार के रूप में की गई है।

### बिजली चोरी मामले में 13202 रुपया लगाया जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे छापेमारी के दौरान बिजली विभाग के टीम ने मसौढी थाना क्षेत्र के कैलूचक श्रीनगर में एक घर में मीटर बायपास कर बिजली चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें उपभोक्ता लक्ष्मी देवी पति मुकेश गोस्वामी के घर पर छापेमारी की गई जहां पहले का बिजली बकाया 4709 रुपया और बिजली की हानि 8493 कल 13202 का जुमार्ना लगाते हुए मसौढी थाने में बिजली विभाग के कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

### मदारपुर में चने के खेत में लगी आग, एक बीघे में लगी चना की फसल जलकर राख

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में इन दिनों आग लगी की घटनाएं जोर हो गई है, लगातार विभिन्न क्षेत्रों में कहीं न कहीं किसी ने किसी गांव में आग लगने की सूचना मिल रही है, ऐसे में बीते शाम को पुनपुन थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में एक चने के खेत में भयंकर आग लगी जहां एक बीघा में लगी हुई फसल पल भर में खाक हो गया है,, पीड़ित किसान राम लखन पासवान का खेत था,जहाँ अगलगी मे लाखो का नुकसान हुआ है। ग्रामीण ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मदारपुर गांव में बीते शाम को अचानक आग लग गई थी जहां फायर ब्रिगेड के सूचना दी गई थी लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही सब कुछ जलकर है राख हो गया है,बहरहाल इस आगजनी मे किसानों के महीनो भर की मेहनत चंद सेकंड में बर्बाद हो गई है।



### बड़े वाहनों का परिचालन वर्जित - बोर्ड सिर्फ दिखावे का, ओवरब्रिज निर्माण के बावजूद धड़ल्ले से गुजर रहे ट्रक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में प्रशासन के दावे और हकीकत में बड़ा फर्क दिख रहा है। दरअसल मसौढी मेन रोड में ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। इसके लिए बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक का बोर्ड तो लगा दिया गया, लेकिन रोक सिर्फ कागजों तक सीमित है। बोर्ड पर साफ लिखा है कि निर्माण कार्य के कारण ट्रक, बस जैसे भारी वाहनों का आना मना है। वैकल्पिक रास्ता अपनाने का निर्देश भी है। लेकिन हकीकत ये है कि दिन-रात भारी वाहन इसी रास्ते से गुजर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन की तैनाती नहीं होने से कोई रोकने-टोकने वाला नहीं है। इससे न सिर्फ निर्माण कार्य बाधित हो रहा है, बल्कि हादसे का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय दुकानदारो का कहना है की बोर्ड तो लगा दिए हैं पर देखने वाला कोई नहीं। दिन भर में देर रात से सुबह तक ज्यादा ट्रक निकल जाते हैं। दिन में जाम लगता है सो अलग। अगर कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा?"ओवरब्रिज का निर्माण लोगों की सुविधा के लिए हो रहा है, लेकिन प्रशासन की ढिलाई से परेशानी और बढ़ गई है। लोगों की मांग है कि सिर्फ बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, रोक को सख्ती से लागू किया जाए।






### दो वाहनों की आमने-सामने की टक्कर, दो जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया नेशनल हाईवे 22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के समीप दो वाहनों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, टक्कर की आवाज काफी तेज थी जहां आसपास के लोग दौड़े जिसमें दो लोग गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए पटना भेजा गया है। दरअसल बताया जा रहा है कि दो वाहनों की सीधी टक्कर में एक पटना डेयरी प्रोजेक्ट की दूध वाली गाड़ी और एक ब्लैक रंग की टवेरा गाड़ी दोनों में आमने-सामने की टक्कर हुई थी, टकराव इतनी जोरदार थी कि टवेरा के आगे का दाहिना हिस्सा की परखच्चे उड़ गए हैं। ऐसे में बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों के ड्राइवर गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं हालांकि थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुलिस के आने से पहले दोनों जख्मी को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मसौढ़ी में मना वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव

1857 की क्रांति के महानायक, बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 1857 की क्रांति के महानायक, बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर मसौढ़ी स्थित विर कुंवर सिह कॉलनी में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने कार्यक्रम आयोजित कर वीर कुंवर सिंह को नमन किया। जहाँ वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करते लोग, भारत माता की जय के नारे लगाये। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। 80 साल की उम्र में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले बाबू कुंवर सिंह हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बताया कि देश के लिए मर-मिटने की कोई उम्र नहीं होती। आज हम सबने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कुंवर सिंह के शौर्य और बलिदान को याद किया। मौजूद लोगों ने देश की एकता-अखंडता बनाए रखने, सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। आयोजक ने बताया की वीर कुंवर सिंह सिर्फ एक जाति या क्षेत्र के नहीं, पूरे देश के नायक हैं। सरकार उनके नाम पर कई योजनाएं चला रही है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति हुई और प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, आदित्य प्रकाश उर्फ गोलू, बीजेपी के नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव, अभय सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ भुटाली, चिदानंद सिंह, रामजन्म शर्मा, मुकुल शर्मा, पंकज कुमार सत्येंद्र सिंह आदी शामिल रहे।

## जयंती पर याद किये गए महान स्वतंत्रता सेनानी वीरकुंवर सिंह



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की मिट्टी से निकले महान सपूत, 1857 क्रांति के नायक वीर कुंवर सिंह की 169 वीं जयंती शनिवार को समीपवर्ती फतुहा प्रखंड के मसाढ़ी गांव में धूमधाम से मनाई गई। लाला सिंह स्मृति मंच के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने उन्हें अंग्रेजों और ब्रिटिश सत्ता का कट्टर विरोधी बताया। कार्यक्रम की शुरूआत वीर कुंवर सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान 'वीर कुंवर सिंह अमर रहें' के नारे गूंजे। पैक्स अध्यक्ष व पूर्व मुखिया अरविंद सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में तलवार उठाकर अंग्रेजों को नाकों चने चबवा दिए थे। आरा की लड़ाई में उनकी वीरता आज भी मिसाल है। गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता केइंद्रजीत कुमार घोष ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सिर्फ राजपूत वीर योद्धा नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। वीरबहादुर सिंह और शक्ति सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को उनसे सीखना चाहिए कि मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मकसद नई पीढ़ी को 1857 की क्रांति और बिहार के गौरवशाली इतिहास से जोड़ना है। इस मौके पर बच्चों ने कविता पाठ भी किया। ग्रामीणों ने गांव में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग उठाई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नप पुनपुन में आरसीसी नाला एवं पीसीसी सडक निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर विकास एवं आवास विभाग शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम परियोजना के अंतर्गत गुरुवार को पुनपुन प्रखंड के अंतर्गत पुनपुन नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन में विधायक श्याम रजक ने आरसीसी नाला एवं पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य का शुभारम्भ किए,जो सुदेश मांझी के घर से राधे के घर तक निर्माण कार्य किये जायेंगे, विधायक श्याम रजक ने कहा की चुनाव मैं क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब वार्ड संख्या 3 में आए थे, तो यहां पर सड़क और नाले की बहुत समस्या थी, हमने वादा किया था कि जब चुनाव जीतेंगे तो सबसे पहले काम हम यही करेंगे, जनता-जनार्दन से हमने जो वादे किये थे अब पुरा करने का वक्त आ गया है,उसी क्रम मे गुरुवार को वार्ड संख्या तीन कार्य शुभारंभ किया गया है। इस मौके पर स्थानीय लोगों मे खुशी का महौल रहा कार्यक्रम मे पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष जदयू सुरेन्द्र सिंह,नगर पंचायत मुख्य पार्षद रितेश कुमार वार्ड पार्षद वार्ड-3 के पार्षद रंजीत कुमार पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष पुनपुन अनिल कुमार सहनी, बराह पैक्स अध्यक्षअनिल कुमार सहित गणमान्य नेतागण कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण जनता-जनार्दन उपस्थित हुए।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 'बाबू वीर कुंवर सिंह' की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विजयोत्सव कार्यक्रम






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहुराज्यीय सहकारी भूमि विकास बैंक सीमित, बुद्ध मार्ग, पटना के परिसर में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सन- 1857 के महान योद्धा 'बाबू वीर कुंवर सिंह' के विजयोत्सव कार्यक्रम में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री, बिहार के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि में विशाल सिंह, अध्यक्ष बिस्कोमान, विनय कुमार शाही, अध्यक्ष कोऑपरेटिव फेडरेशन, अजय कुमार, अध्यक्ष अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैंक के प्रशासनिक भवन में विजयोत्सव समारोह ममता सिंह, अध्यक्ष, भूमि विकास बैंक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में विजय कुमार सिंह, सविप, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सहकारी आवास बोर्ड/संघ, नई दिल्ली उपस्थित हुए। विजयोत्सव कार्यक्रम में बैंक के निदेशकगण में संजय कुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, भरत भूषण सिंह, त्रिवेणी सिंह, शम्भु प्रसाद सिंह एवं अन्य शामिल हुए। बैंक के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित थे। बाबू वीर कुंवर सिंह की विजयोत्सव समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक, कौशलेन्द्र सिंह, निदेशक तकनीकी, सांख्यिकी पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। आज के कार्यक्रम में विवेकानन्द गुप्ता (भागलपुर), निखिल बहादूर सिंह (बांका), ललन सिंह (बांका), अरूण कुमार सिंह उर्फ चुन्ना सिंह (जमुई) तथा भागलपुर एवं बांका जिला के एनडीए कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया।

## पालीगंज में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया वीर कुंवर सिंह का 168वां विजयोत्सव



**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आर्य समाज मंदिर विकास समिति सह निगरानी समिति, पालीगंज के तत्वावधान में वीर शिरोमणि बाबू वीर कुंवर सिंह का 168वां विजयोत्सव समारोह प्रेम शीला वाटिका, बाबा बोरिंग रोड, पालीगंज में श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकिशोर सिंह ने की, जबकि संचालन महेंद्र पासवान ने किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित पत्रकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को भी अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मान प्रदान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने वीर कुंवर सिंह के साहस, शौर्य और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह ने जीवनभर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया और जाति-धर्म से ऊपर उठकर देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। दानापुर छावनी के सिपाही विद्रोह में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, भीम सिंह, अविनाश कुमार, रामप्रवेश यादव, रामानंद तिवारी, रमाशंकर, कमलेश कुमार, राजाराम सिंह, गुड्डू सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह का जीवन त्याग, देशभक्ति और संघर्ष का अनुपम उदाहरण है, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में सतीश चंद्र खत्री, ज्ञान प्रकाश गुप्त, सुनील कुमार, अशोक कुमार, जितेंद्र पासवान, दिलीप खत्री, कृष्णा खत्री, विनय वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का वातावरण बना रहा और उपस्थित जनसमूह ने वीर कुंवर सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## कौशल विकास केंद्र में मनाया गया पृथ्वी दिवस





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को बस्ती रोड, हुद्दापर स्थित कौशल विकास केंद्र 'आर्यन कम्प्यूटर्स' (महिला सर्वांगीण विकास संस्थान) मनेर में विश्व पृथ्वी दिवस 2026 मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगो में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का मुख्य विषय "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" है, जो व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर छोटे, सकारात्मक कदमों के माध्यम से बड़ा बदलाव लाने पर जोर देता है। वही इस अवसर पर संस्थान के केंद्र समन्वयक आशीष कुमार रवि ने बताया की इस दिन को मनाने का उद्देश्य ग्लोबल वॉर्मिंग, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए दुनिया भर के लोगों को सन्देश देना है। इस वर्ष का थीम है - "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह",और यह विषय इस बात पर जोर देता है कि कैसे लोग अपनी सामूहिक शक्ति का उपयोग करके हमारे स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को बनाए रखने वाले प्राकृतिक तंत्र की रक्षा कर सकते हैं। साथ ही संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर समाज को यह सन्देश देना चाहा की यह दिन पर्यावरण के लिए खतरे, जैसे भूजल का गिरता स्तर, और जलवायु संकट के प्रति गंभीर चेतावनी के रूप में मनाया जाता है। साथ ही संस्थान की सचिव सह भाजपा महिला प्रकोष्ठ मनेर की अध्यक्ष लीला चौधरी ने युवक - युवतियों से वृक्षारोपण की अपील कर कहा की वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं, साथ ही साथ प्लास्टिक का उपयोग कम करने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करें और सामुदायिक सफाई अभियानों में भाग लें। उपरोक्त अवसर पर वसीम हसन, स्वेता कुमारी, वैष्णवी, सुषमा, सपना, कोमल,पूनम, असफहाँ आलम, निभा, सागर आदि उपलब्ध थे।

## सरकारी स्कूलों में ढोल-मंजीरे हारमोनियम तो पहुंच गए, लेकिन सिखायेगा कौन...?



स्कूलों में बिना शिक्षक के भेजे गए संगीत उपकरणों पर उठे सवाल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार की योजना के तहत मसौढ़ी प्रखंड के दर्जनों सरकारी स्कूलों में बच्चों को संगीत से जोड़ने के लिए हारमोनियम, तबला, ढोलक और मंजीरा जैसे वाद्ययंत्र तो भेज दिए गए, लेकिन इन्हें बजाना सिखाने वाला कोई नहीं है। वजह- स्कूलों में संगीत शिक्षक का पद ही स्वीकृत नहीं है।मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 6 महीने पहले 50 हजार के वाद्ययंत्र आए थे। लेकिन तब से अब तक बक्सा खुला ही नहीं। बच्चे दूर से देखकर लौट जाते हैं।विभाग से वाद्ययंत्र मिले हैं, बहुत अच्छी पहल है। लेकिन हमारे यहां संगीत का कोई शिक्षक नहीं है। बाकी शिक्षक भी संगीत नहीं जानते। डर है कि बच्चे खराब न कर दें, इसलिए रखवा दिया है। कई स्कूलों में शिक्षक खुद रुचि लेकर बच्चों को थोड़ा-बहुत सिखाने की कोशिश कर रहे हैं, पर सही प्रशिक्षण के अभाव में बात बन नहीं रही।स्कूलों मे छात्रों ने कहा की तबला-हारमोनियम। यहां रखा है पर बजाना नहीं आता। कोई सिखाने वाला होता तो हम भी सीखते। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सरकार की मंशा कला-संस्कृति को बढ़ावा देने की है। वाद्ययंत्र भेजे गए हैं। संगीत शिक्षक की नियुक्ति का मामला राज्य स्तर का है। हमने इसकी रिपोर्ट भेजी है। फिलहाल स्थानीय कलाकारों से टाइअप कर वर्कशॉप कराने पर विचार चल रहा है।शिक्षाविदों का कहना है कि सिर्फ संसाधन देना काफी नहीं, प्रशिक्षित शिक्षक भी जरूरी हैं। वरना ये वाद्ययंत्र कुछ साल में कबाड़ बन जाएंगे और बच्चों की प्रतिभा दब कर रह जाएगी।अभिभावकों ने मांग की है कि हर संकुल में कम से कम एक संगीत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की जाए


## पूर्व जिला परिषद सदस्या देवंती सिन्हा के निधन पर माले नेताओं ने जताया गहरी शोक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले पटना ग्रामीण जिला कमेटी के पूर्व सदस्य व पूर्व जिला परिषद सदस्या कामरेड देवमन्ती सिन्हा के निधन पर भाकपा माले के सभी कार्यकर्ताओं ने एक गहरा शोक व्यक्त किया है।बताया जा रहा है की वे लंबे समय से बीमार चल रही थी उनके निधन पर भाकपा माले के कई नेताओं ने गहरी शोक संवेदना जाहिर की है।इस अवसर पर भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर, बिधान परिषद सदस्या कामरेड शशि यादव, केंद्रीय कमेटी के सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास, पालीगंज के बिधायक सन्दीप सौरभ राज्य कमेटी सदस्य व जिला कार्यालय सचिव कमलेश कुमार शैलेंद्र यादव मोहन अकलू पासवान प्रमोद यादव निरंजन वर्मा श्री भगवान पासवान रिंकू देवी वीरेंद्र प्रसाद राकेश नागेश्वर पासवान ने गहरी शोक संवेदना जाहिर की है।

## बढ़ती गर्मी में नगर परिषद की पहल, शहर के चौक-चौराहों पर शुरू किए प्याऊ सेंटर




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए मसौढ़ी नगर परिषद ने राहगीरों के लिए बड़ी राहत दी है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर प्याऊ सेंटर शुरू किए गए हैं, जहाँ लोगों को मुफ्त में ठंडा और साफ पानी मिल रहा है। नगर परिषद ने फिलहाल स्टेशन रोड, ब्लॉक मोड़, थाना चौक, और बस स्टैंड समेत 6 जगहों पर प्याऊ सेंटर लगाए हैं। हर सेंटर पर 2 कर्मचारी तैनात किए गए हैं जो सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक पानी पिलाने का काम कर रहे हैं। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की तापमान 42 डिग्री के पार जा रहा है। लू से बचाव के लिए हमने मुख्य जगहों पर अस्थाई प्याऊ सेंटर शुरू किए हैं। यहां ठंडा पानी की व्यवस्था है। जरूरत पड़ी तो सेंटरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। तेज धूप में ठंडा पानी पाकर लोग नगर परिषद की इस पहल की सराहना कर रहे हैं। खासकर दूर-दराज से आने वाले मजदूर और यात्रियों को काफी सहूलियत हो रही है। धूप में गला सूख जाता है। बोतल का पानी 20 रुपये का है। यहां फ्री में ठंडा पानी मिल रहा है। बहुत अच्छा काम किया है परिषद ने।, वार्ड पार्षद शंभू सिह मुख्य पार्षद पिंकी देवी उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत आदी ने कहा की गर्मी को देखते हुए हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे। सभी जगहों पर अपने-अपने प्याऊ सेंटर बना कर ठंडा पानी रखवाने का निर्देश दिया गया है।इसके अलावा नगर परिषद ने लोगों से अपील की है कि पानी की बबार्दी न करें और प्याऊ सेंटर पर साफ-सफाई बनाए रखें। साथ ही घर से निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने की सलाह भी दी गई है।



# इंटर मियामी का जलवा बरकरार, 8 मैचों की अजेय लय कायम

**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी सीएफ ने एमएलएस मुकाबले में रिले साल्ट लेक को 2-0 से हराकर लगातार अपनी अजेय लय को 8 मैचों तक बढ़ा दिया। यह जीत टीम के लिए खास रही, क्योंकि उसने इस सीजन में बाहर (2-4) मैदान पर भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

### पहले हाफ में कड़ी टक्कर

मैच का पहला हाफ काफी प्रतिस्पर्धी रहा और दोनों टीमों को गोल करने के ज्यादा मौके नहीं मिले। लियोन मेस्सी ने 22वें मिनट में शानदार मौका बनाया, लेकिन उनका शॉट गोलकीपर ने बचा लिया। इसके चलते हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

### दूसरे हाफ में बदला मैच का रुख

दूसरे हाफ में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया। 59वें मिनट में इंटर मियामी के गोलकीपर ने शानदार बचाव कर टीम को बढ़त लेने से बचाया। इसके बाद टीम ने आक्रामक खेल दिखाया।

### दे पॉल और सुआरेज़ ने दिलाई जीत

82वें मिनट में डी पुल ने लंबी दूरी से शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद 83वें मिनट में लुईस सुरेज ने दमदार हाफ वॉली के जरिए दूसरा गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

# हरमनप्रीत कौर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

**कप्तान के तौर पर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया**



**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी-20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर 3000 रन पूरे कर लिए हैं, और इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि गुरुवार को जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी टीम के तीसरे टी-20 मैच के दौरान हासिल की। ??उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे, और उनका स्ट्राइक रेट 173.68 रहा। हरमनप्रीत ने अब टी-20 में कप्तान के तौर पर 138 मैचों और 125 पारियों में 32.79 की औसत से 3,017 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका की चमारी अटापट्टू हैं, जिन्होंने 108 मैचों और 107 पारियों में 30.16 की औसत से 3,016 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों को खत्म कर रहा है

**आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने निकाली भड़ास**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इस गवर्निंग बॉडी पर



हेक्टिक शेड्यूलिंग (बहुत ज़्यादा मैचों का शेड्यूल) के जरिए अपने खिलाड़ियों को खत्म करने का आरोप लगाया और जड्डुर देकर कहा कि खिलाड़ियों को अपने परिवारों के साथ समय बिताने के लिए आराम का समय चाहिए। इससे पहले कई रिपोर्टों में कहा गया था कि हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल कथित तौर पर बीसीसीआई के इस फ़ैसले से खुश नहीं हैं कि आईपीएल 2026 सीजन के खत्म होने के कुछ ही दिनों बाद अफगानिस्तान के साथ टेस्ट मैच रखा गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मोदी ने उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी जिनमें कहा गया था कि IPL 2026 सीजन के बाद थकान के कारण सीनियर खिलाड़ियों को आने वाले इंटरनेशनल मैचों से आराम दिया जा सकता है।

# वैभव ने फिर रचा इतिहास

## सबसे तेज 500 रन आईपीएल में बनाए

**जडेजा 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर**

लखनऊ (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।



### मैच से पहले कार्टून देखते हैं वैभव

भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी हर बार मैच खेलने से पहले कार्टून देखते हैं। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें वैभव की टीम आरआर ने जीत हासिल की। इस दौरान जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने भोजपुरी में जवाब देते हुए कहा कि, सबके प्लान ईहे बा कि अगला मैच में अच्छा करे के बा, जीत के 2 पॉइंट ली, प्लेऑफ के तरफ बढ़ी।वैभव ने इस मैच में रिकॉर्ड भी बनाए हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके।



### जडेजा ने 17वीं बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच

रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने ष्टस्य्न के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवॉर्ड जीता ।इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवॉर्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं।

### घर में लखनऊ की लगातार 7वीं हार

लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं।

### आर्चर बने आरआर के सबसे सफल गेंदबाज

जोफ्रा आर्चर अब राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।

# ओलिंपिक 2028 में क्रिकेट मुकाबले पोमोना में खेले जाएंगे



**● स्टेडियम का काम शुरू, 6 टीमें और टी-20 फॉर्मेट में होंगे मुकाबले**

**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** साल 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलिंपिक के लिए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। कैलिफोर्निया के पोमोना में बुधवार को हुए भूमि पूजन के साथ ही क्रिकेट की 128 साल बाद ओलिंपिक में वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

### पोमोना में खेले जाएंगे मैच

सभी मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमोना स्थित फेयरग्राउंड्स मैदान पर खेले जाएंगे। ओलिंपिक में क्रिकेट मैच 12 जुलाई से 29 जुलाई 2028 तक आयोजित होंगे।

### एक बार हुआ है ओलिंपिक में क्रिकेट

साल 1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। इसके बाद क्रिकेट को ओलंपिक्स में नहीं लिया गया। पेरिस ओलंपिक्स के क्रिकेट इवेंट में सिर्फ दो टीमों इंग्लैंड और फ्रांस ने हिस्सा लिया था। इसमें इंग्लैंड ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर जीता था ।1900 में पेरिस ओलिंपिक में क्रिकेट का एक ही मैच खेला गया।

### क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने इस अवसर को खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट वैश्विक खेल बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगा रहा है। ओलिंपिक का हिस्सा बनना गर्व की बात है और हमें विश्वास है कि यह वेन्यू खेलों के दौरान केंद्र बिंदु बनेगा और अमेरिका में क्रिकेट की एक स्थायी विरासत छोड़कर जाएगा।

# राजस्थान के नांद्रे बर्गर पर जुर्माना

**मैच फीस का 10 प्रतिशत कटेगा, एक डिमेरिट पॉइंट मिला; लखनऊ के खिलाफ कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन**

**इकाना (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने का दोषी पाया गया है। इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उनके व्यवहार पर मैच रेफरी ने 10त्न मैच फीस का जुर्माना लगाया है। साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।हालांकि किस खिलाड़ी के साथ गलत व्यवहार हुआ, इसका बीसीसीआई ने उल्लेख नहीं किया है।



**● आर्टिकल 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया** – साउथ अफ्रीकी गेंदबाज नांद्रे बर्गर को आईपीएल आचार संहिता के लेवल-1 अपराध का दोषी माना गया है। उन पर आर्टिकल 2.5 के तहत कार्रवाई की गई है। यह आर्टिकल ऐसे मामलों में लागू होता है, जब खिलाड़ी मैदान पर भाषा, एक्शन या इशारों से दूसरे खिलाड़ी का अपमान करे या उसे उकसाए।

**आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप**

# भारत का जलवा कायम, एक दिन में 4 मेडल जीतकर बढ़ाई बढ़त

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के युवा निशानेबाजों ने जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक टेली4- 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।



**सीजल कांबले ने जीता सिल्वर** – सेजल कामली ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

**अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन** – इसी स्पर्धा में अंजली भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।

# पाकिस्तानी ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव पाए गए

**पीसीबी ने जांच शुरू की, टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लिए गए सैंपल में फेल**

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में आईसीसी ने पीसीबी को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### अंतिम फैसला आना बाकी

पीसीबी के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा- आईसीसी ने इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज आईसीसी को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है।



### आईसीसी गोपनीय तरीके से जांच कर रहा

नवाज के खिलाफ यह मामला आईसीसी की एंटी-डोपिंग प्रक्रिया के तहत चल रहा है। पॉजिटिव टेस्ट रिक्रिएशनल ड्रग (नशीली दवाएं) से जुड़ा है। आईसीसी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है और पूरी प्रक्रिया गोपनीय तरीके से चल रही है।

### पॉजिटिव होने के बाद भी पीएसएल खेल रहे

नवाज जांच के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। वे मुल्तान सुल्तांस की ओर से लगातार मैच खेल रहे हैं। हाल ही में कराची में रावलपिंडी के खिलाफ मैच में उन्होंने तीन ओवर फेंके, लेकिन कोई विकेट नहीं लिया।

### 98 टी-20 इंटरनेशनल खेल चुके

नवाज अब तक पाकिस्तान के लिए 98 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टीम के व्हाइट-बॉल सेटअप में वह नियमित खिलाड़ी रहे हैं और अपनी लेफ्ट आर्म स्पिन और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।

अगर जांच में एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो उन्हें सस्पेंशन या अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# साउथ अफ्रीका ने भारत से टी-20 सीरीज जीती



## कप्तान वोल्वार्ट का 47 गेंद में शतक; 193 रन का टारगेट 21 बॉल रहते हासिल किया

**डरबन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज जीत ली है। तीसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराकर 3-0 की अजेय बढ़त बनाई। टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज (193 रन) किया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने 47 गेंदों में शतक जड़ा, जो उनके करियर की सबसे तेज सेंचुरी है।

### कप्तान वोल्वार्ट और सुने लुस की रिकॉर्ड पार्टनरशिप

साउथ अफ्रीका की जीत में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस की 183 रनों की साझेदारी अहम रही। वोल्वार्ट ने 115 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 42 गेंदों पर 64 रन बनाकर साथ दिया। टीम ने 193 रनों का लक्ष्य 16.3 ओवर में हासिल कर लिया।

**भारत ने बनाया था अपना हाईएस्ट स्कोर, फिर भी हार मिली** – टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 192/9 का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी, लेकिन स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के जल्दी आउट होने से पारी लड़खड़ा गई थी।

### हरमनप्रीत की कप्तानी पारी, अंतिम ओवर में जड़े दो छक्के

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टी-20 अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 38 गेंदों में 66 रन बनाए। आखिरी ओवर में उन्होंने तुमी सेखुखुने की गेंदों पर दो छक्के लगाए। उन्होंने ऋचा घोष के साथ 26 गेंदों में 51 रनों की पार्टनरशिप की, जिससे भारत 190 के पार पहुंच सका।

### वोल्वार्ट को मिले दो जीवनदान, भारत को पड़ा भारी

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते समय वोल्वार्ट को भारतीय फील्डर्स ने दो मौके दिए। 31 रन पर स्मृति मंधाना ने उनका कैच छोड़ा। 85 रन पर कप्तान हरमनप्रीत कौर से भी कैच छूट गया। वोल्वार्ट ने इसका फायदा उठाते हुए 84 रन लेग साइड पर बनाए, जिसमें उनके सभी छक्के शामिल थे।

### अरुंधति रेड्डी की चोट ने बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन

मैच के दौरान अरुंधति रेड्डी चोटिल होकर मैदान से बाहर चली गईं। उन्हें साइड स्ट्रेन (कमर के पास खिंचाव) हुआ। 10वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के बाद उन्हें मेडिकल मदद लेनी पड़ी। उन्होंने ओवर पूरा किया, लेकिन बाद में फील्डिंग के लिए नहीं आईं। उनकी जगह उमा छेत्री और बाद में अनुष्का शर्मा ने फील्डिंग की। अमनजोत कौर पहले से ही बैक इंजरी के कारण बाहर हैं।

### वर्ल्ड कप की तैयारियों में जुटी साउथ अफ्रीका

जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका की यह लगातार तीसरी सीरीज जीत है। इस सीजन में उन्होंने अपने घर में आयरलैंड, पाकिस्तान और भारत को हराया है। वोल्वार्ट और सुने लुस की ओपनिंग जोड़ी ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन कर वर्ल्ड कप के लिए दावेदारी मजबूत की है।

# अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को मिली आवश्यक राहत सामग्री और अनुदान राशि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में हुई अग्निकांड की घटनाओं पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई गई।

जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत गठौली पंचायत के तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटना में कई घरों को नुकसान हुआ। वहीं मदनपुर प्रखंड के पुरण बिगहा पंचायत अंतर्गत बेरी वार्ड संख्या-7 में आग लगने से भी कई घरों की क्षति हुई तथा नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझियामा गांव में एवं संतन नगर, बड़ेम में भी अगलगी की घटनाओं में कई घरों को नुकसान हुआ। इन घटनाओं की सूचना प्राप्त होते ही अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित और सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी तथा संबंधित अंचलाधिकारीयों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल पालीथीन शीट, आवश्यक राहत सामग्री के साथ-साथ वस्त्र एवं बर्तन क्रय हेतु अनुदान राशि का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखते हुए राहत कार्य सुनिश्चित करे ताकि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन का आम जनता से अपील है कि आग लगने की घटनाओं से बचाव हेतु सतर्कता बरते तथा आपात स्थिति में तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाकर संबंधित विभाग को सूचना दे।

## शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल क्षेत्र में मद्यनिषेध थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 14 लीटर चुलाई शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान लगभग 24 वर्षीय विशाल कुमार, निवासी जलपुरा के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मद्य निषेध थाना को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध शराब लेकर पंचरुखिया मोड़ से हसपुरा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त मार्ग पर छापेमारी की और युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास पिट्ठू बैग से 14 लीटर चुलाई शराब बरामद की गई। मद्य निषेध थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

# वीर कुंवर सिंह की विरासत आधुनिक भारत के लिए प्रेरणास्रोत: डॉ. विनोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 23 अप्रैल को 1858 की ऐतिहासिक विजय के संदर्भ में बाबू वीर कुंवर सिंह की विरासत को लेकर अवधूत भगवान राम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह ने उन्हें आधुनिक भारत के लिए एक बड़ी प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि इतिहास में 23 अप्रैल केवल एक सैन्य विजय का दिन नहीं, बल्कि अदम्य साहस और संकल्प का प्रतीक है। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 1858 में इसी दिन बाबू वीर कुंवर सिंह ने जगदीशपुर किले से अंग्रेजी शासन के प्रतीक यूनियन जैक को उखाड़ फेंका था, जो स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय है। उन्होंने कहा कि कुंवर सिंह की विरासत को केवल सरकारी दस्तावेजों तक सीमित रखना उनके योगदान के साथ न्याय नहीं होगा, क्योंकि वे आज भी लोक मानस और ग्रामीण इतिहास में जीवंत हैं। उन्होंने बताया कि 1857 का प्रथम



स्वतंत्रता संग्राम में बाबू वीर कुंवर सिंह की भूमिका अद्वितीय रही। उनका जनमानस के साथ गहरा और भावनात्मक जुड़ाव था, यही कारण है कि शाहाबाद और बक्सर क्षेत्र में आज भी उनकी छवि एक असाधारण नायक के रूप में बनी हुई है। डॉ. सिंह ने कहा कि लगभग 80 वर्ष की आयु में भी बाबू वीर कुंवर सिंह घोड़े पर सवार होकर तलवार लिए युद्ध की रणनीति तैयार कर रहे थे। उन्होंने अपनी सेना को संगठित किया और समाज के हर वर्ग—मुस्लिम, महिलाएं और दलित समुदाय—को इस संघर्ष में शामिल किया। इसी जनभागीदारी और रणनीतिक नेतृत्व का परिणाम था कि आरा पर विजय प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि संगठन और रणनीति के स्तर पर बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजी सेना को आधुनिक युद्ध कौशल और जनसहभागिता के समन्वय से चुनौती दी। कोई भी संघर्ष तभी जीवित रहता है, जब उसका समाज से अटूट संबंध हो, और यह संबंध उन्होंने बखूबी निभाया। डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह की विरासत आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गई है। वे सिखाते हैं कि कोई भी शासन या प्रशासक अपनी जनता के लिए खड़ा हो। उन्होंने अपील की कि उन्हें किसी जाति या संप्रदाय के दायरे में सीमित करने के बजाय एक राष्ट्रनायक के रूप में देखा जाए।

# बंद घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी, 90 लाख के जेवर व 12 लाख नकद गायब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अंबा मुख्य चौक के समीप एक बंद मकान में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने पूर्व उप प्रमुख गीता देवी के घर को निशाना बनाते हुए करीब 70-80 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 12 लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, गीता देवी और उनके पति वीरेंद्र सिंह 13 अप्रैल को घर में ताला बंद कर पटना अपने पुत्र से मिलने गए थे। करीब नौ दिनों तक घर बंद रहा। 22 अप्रैल की देर रात जब वे लौटे तो मकान के पीछे वाले गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर एक कमरे का ताला भी टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था।

चोरों ने अलमारी तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात और नकदी को निशाना बनाया। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर कटर मशीन से ताला काटकर अंदर घुसे, जिससे घटना के सुनियोजित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि चोरी किस दिन हुई, इसका सटीक समय अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि वीरेंद्र सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। चोरों की पहचान के लिए पटना से डॉग स्क्वायड टीम बुलाई गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि अंबा मुख्य चौक क्षेत्र में दिन-रात लोगों का आवागमन रहता है और पुलिस गश्ती भी नियमित होती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश पैदा कर दिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

## पार्टी स्थापना दिवस के साथ मनाई लेनिन की जयंती

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाकपा माले लिबरेशन का 57 वां स्थापना दिवस एवं लेनिन का 156 वीं जयंती शहर के नीलकोठी में नगर सचिव बिरजू चौधरी के नेतृत्व में मनाया गया। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल को देर शाम तक चली। कार्यक्रम का आरंभ सामाजिक क्रांति के अग्रदूत शहीदों के याद में एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर, शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। झंडोत्तोलन पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरजा राम ने किया। पार्टी के केंद्रीय कमिटी द्वारा जारी संकल्प पत्र का पाठ किया गया और पार्टी की जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# 96.61 किलो डोडा के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुफस्सिल थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 96.61 किलोग्राम डोडा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक टेंपू, एक चार पहिया वाहन (आल्टो) और 22,070 नकद भी बरामद किए गए हैं।



पुलिस के अनुसार, 22 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे मुफस्सिल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि देव की ओर से एक टेंपू में अवैध मादक पदार्थ लोड कर तीन लोग आ रहे हैं, जिनके पीछे एक चार पहिया वाहन चल रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। रात करीब 11:45 बजे देव मोड़ के पास सघन वाहन जांच शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध टेंपू और चार पहिया वाहन पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और एनएच-19 स्थित भवानी होटल के पास चारों आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान टेंपू से तीन बोरों में कुल 96.61 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से नकद राशि और दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में एक पंजाब के पटियाला जिले का निवासी जीत सिंह, पिता महेंद्र सिंह है, जबकि तीन आरोपी अजय सिंह, उम्र 32 वर्ष, पिता गौरी सिंह, मंजीत कुमार, उम्र 28 वर्ष, पिता माखन सिंह एवं दुर्गा कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता महेश सिंह औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सभी से पूछताछ में तस्करी में संलिप्तता की पुष्टि हुई है। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 167/26, दिनांक 23 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और तस्करी के नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

# लोक अदालत की सफलता के लिए प्रत्येक अधिवक्ता का सहयोग जरूरी : जिला जज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में पहली बार राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थाई लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक वादों के निष्पादन को लेकर बार और बेंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय एवं महासचिव जगनरायण सिंह ने किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिवक्ता अपने-अपने सुलहनीय वादों में से कम से कम एक-एक मामले का निष्पादन 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अवश्य कराएं, ताकि वाद निष्पादन में नया रिकॉर्ड बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो अधिवक्ता अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करेंगे, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत संचालित स्थाई लोक अदालत सालभर कार्यरत रहती है, जहां विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े मामलों की सुनवाई होती है। अधिवक्ताओं से अपील की गई कि वे इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने मुवक्किलों को भी इससे जोड़ें।

प्रधान जिला जज ने "संवेदनशील साक्ष्य ग्रहण केंद्र" का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्यवस्था कमजोर एवं संवेदनशील पक्षों के लिए बेहद उपयोगी है, जिससे समयबद्ध और सहज न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद की सचिव तान्या पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत और संवेदनशील साक्ष्य ग्रहण केंद्र की सफलता में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैंकों ने भी वाद निष्पादन में लचीला रुख अपनाने का आश्वासन दिया है। बालू, चेक बाउंस सहित विभिन्न सुलहनीय मामलों में हजारों नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह तथा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह ने अधिकतम सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान जिला जज अरुण कुमार, जिला जज प्रथम विश्व विभूति गुप्ता, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए पदाधिकारियों ने किया संयुक्त भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी के निदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए जाने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 एवं थानाध्यक्ष यातायात द्वारा संयुक्त भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रमेश चौक से लेकर नवाडीह मोड़ तक सड़क किनारे अस्थायी ठेला लगाए जाने के कारण लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिन्हें सर्विस लेन में शिफ्ट कराए जाने की आवश्यकता है। साथ ही रमेश चौक से नवाडीह मोड़ तक के सर्विस लेन में पूर्ण रूप से अतिक्रमण पाया गया, जिसे हटाने हेतु नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। इसी क्रम में रमेश चौक से धोली सती के बीच डिवाइडर में बने दो कट को स्थायी रूप से बंद किए जाने की आवश्यकता जताई गई। रमेश चौक पर कुछ दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया। रमेश चौक पर ऑटो एवं टोटो के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण भी जाम की स्थिति



बनी रहती है। इसको देखते हुए संयुक्त टीम द्वारा निर्णय लिया गया कि रमेश चौक स्थित कार एवं मोटरसाइकिल पार्किंग के एक हिस्से में ऑटो का नियत पार्किंग स्थल बनाया जाए, जहां से ही ऑटो चालक यात्री उठाएंगे एवं उतारेंगे। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि एमजी रोड बाईपास अंडरपास के पास बड़ी गाड़ियों के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। स्थल निरीक्षण में पाया गया कि महिंद्रा शोरूम की ओर से सर्विस लेन से आने वाली बड़ी गाड़ियों का आवागमन अंडरपास के कोने पर बने यात्री शेड के कारण बाधित हो रहा है। रामाबांध बस स्टैंड में बसों द्वारा सड़क पर पार्किंग किए जाने से भी जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे निरंतर नियंत्रित करते हुए अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने हेतु यातायात थाना को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही रामाबांध से बाईपास के बीच अस्थायी बैरिकेडिंग कर सड़क को टू-वे किए जाने का भी निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया, ताकि ओवरटेकिंग के कारण लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु एक स्थायी मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो और जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में मनाई गई वीर कुंवर सिंह जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में 23 अप्रैल को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के नेतृत्व में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह की जयंती श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि



वीर कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा थे, जिन्होंने लगभग 80 वर्ष की आयु में भी अंग्रेजों के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद उनका संघर्ष, नेतृत्व और देशभक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। प्राचार्या ने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बिहार की धरती से अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा देशप्रेम उम्र का मोहताज नहीं होता। उनका जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमूल्य सीख देता है। इस अवसर पर प्रो. अखिलेश सिंह, बर्सर डॉ. अभिजीत घोष, डॉ. अमित राहुल, डॉ. जहांगीर, डॉ. शंभूनाथ सुमन, डॉ. अमरेंद्र कुमार मौलाना, डॉ. सुगंध प्रिया, डॉ. जयंती कुमारी, डॉ. रीता कुमारी, डॉ. सुष्मिता कर, डॉ. वचनदेव सिंह, डॉसहित महाविद्यालय के अकाउंटेंट संजीव कुमार तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

## टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मना बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ गांव स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में गुरुवार को बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में राजन संगीत ग्रुप द्वारा बाबू वीर कुंवर सिंह के स्वतंत्रता संग्राम एवं जीवन परिचय की गाथा गाया गया। मुख्य अतिथियों ने वीर कुंवर सिंह के शौर्य एवं प्रकाष्ठा का वर्णन किया। सचिव पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय काल में अपने संस्कृति एवं समाज में हो रहे बिखराव और विध्वंस को बचाने की क्रांति करने की जरूरत है। उन्होंने आज के नई तकनीक के दुष्प्रभाव से भी बच्चों को बचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, शिक्षक अर्जुन, जिला पार्षद हरीराम, महाविद्यालय के प्राध्यापक महेंद्र, सुनील सिंह, रामसागर, सिकेश, सौरभ सिंह, विनय कुमार सिंह, विकास कुमार, ओम प्रकाश सिंह, शांति विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापक अतनु चक्रवर्ती, मनीष सिंह, सुमित सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली व तीन बाइकें जब्त

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार की सुबह कालीघाट स्थित सोन नद क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी की। यह कार्रवाई पुअनि अभिषेक कुमार के नेतृत्व में की गई। छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर पर अवैध रूप से बालू लदा पाया गया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। बालू के कारण वाहन से पीछा करना संभव नहीं हो सका, जिसके बाद पुलिस बल ने पैदल पीछा किया। इसी दौरान चालक ट्रैक्टर का इंजन अलग कर फरार हो गया। ट्रॉली पर करीब 100 सीएफटी बालू लदा था।



इसी बीच करीब 15 से 20 युवक मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे और पुलिस कार्रवाई में बाधा डालते हुए ट्रैक्टर से बालू गिराने लगे तथा पुलिस को धमकाने लगे। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस पहुंचते ही सभी युवक मौके से फरार हो गए, जबकि तीन मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छोड़ गए।

पुलिस ने सिपाही राकेश कुमार एवं गृहरक्षक लक्ष्मण कुमार को गवाह बनाकर ट्रैक्टर ट्रॉली एवं तीनों मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। जांच एवं वीडियोग्राफी के आधार पर कुल 10 लोगों की पहचान की गई है, जिनमें दीपक कुमार, लालबाबू पासवान, दिलीप कुमार, बुची कुमार, संजय कुमार, मिथिलेश कुमार, पवन कुमार, उदल पासवान, जहीर पासवान एवं शक्ति कुमार शामिल हैं। सभी अमृत बिगहा गांव के निवासी बताए जाते हैं, जबकि आठ से 10 अन्य अज्ञात लोगों की भी संलिप्तता सामने आई है।

इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी कर ली गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जाएगी। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता बनाए जाने पर जदयू में खुशी की लहर


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद/पटना।** जनता दल यूनाइटेड के विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से श्रवण कुमार को चुने जाने पर पार्टी नेताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जदयू के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने कहा कि श्रवण कुमार का लंबा राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी तथा जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। जदयू के वरिष्ठ नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह तथा जिला जदयू के वरीय उपाध्यक्ष एवं जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि श्रवण कुमार पार्टी के कद्दावर नेता रहे हैं और लगातार बिहार विधानमंडल में जनता का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए ही उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया है। नेताओं ने कहा कि श्रवण कुमार का राजनीतिक सफर बहुआयामी रहा है। पार्टी पर जब-जब छोटे-बड़े संकट आए, उन्होंने निष्ठा और संकल्प के साथ आगे बढ़कर अपनी कूटनीतिक क्षमता के बल पर संगठन और सरकार दोनों को संभालने का काम किया है। इसी क्रम में नेताओं ने जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी के मनोनयन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चंद्रेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की भूमिका और प्रभाव बढ़ेगा।

# रामाबांध में जीयर स्वामी के आगमन से भक्तिमय हुआ वातावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद/पटना।** शहर के वार्ड संख्या 4 स्थित रामाबांध इन दिनों पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा हुआ है, जहां 18 अप्रैल से श्री श्री 1008 श्री शिव प्राण-प्रतिष्ठा सह श्री रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन जारी है। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया है। गुरुवार को इस महायज्ञ में परम पूज्य त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज का आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई।



लोगों ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया और शोभायात्रा के साथ यज्ञ स्थल तक लाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति गीतों, जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। अपने संबोधन में जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ भारतीय सनातन संस्कृति की आत्मा है, जो न केवल वातावरण को शुद्ध करता है बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। यज्ञ समिति के सदस्यों पिंटू सिंह, सतीश सिंह आदि ने जानकारी दी कि 23 अप्रैल को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की गई, जो इस महायज्ञ का मुख्य आकर्षण रहा। इसके अगले दिन 24 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों की भूमिका सराहनीय है। पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन को और भी विशेष बना रही है।